वर्ष : 17 अंक : 269 लखनऊ गुरुवार, 9 अक्टूबर, 2025 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-

# विश्ववार्ता

www.vishwavarta.com

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

नगर संस्करण **

मूल्य ₹4

मौसम

| | | |
|---|---|---|
| सूर्योदय | : | 5:46 |
| सूर्यास्त | : | 6:25 |
| अधिकतम | : | $31{:}00^0$ |
| न्यूनतम | : | $26{:}00^0$ |

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड

हिजाब पहनने पर दीपिका पादुकोण हुईं ट्रोल 10



नियामक आयोग मुख्यालय पर होगा मौन विरोध प्रदर्शन 2 | हम गलतियां क्यों करते हैं - इनसे कैसे बचें! 6 | अयोध्या में गूंजी दक्षिण की भक्ति स्वर .... 12

## महान संतों के नाम पर जाने जाएंगे श्रीराममंदिर के चारों द्वार : योगी

### हमारे संतों ने उत्तर दक्षिण भारत को जोड़ने का कार्य किया

विश्ववार्ता ब्यूरो

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अयोध्या के पवित्र बृहस्पति कुंड पर दक्षिण भारत के तीन महान संगीत संतों श्री त्यागराज स्वामीगल, श्री पुरंदरदास और श्री अरुणाचल कवि की भव्य प्रतिमाओं का अनावरण किया। इस अवसर पर उनके साथ केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में संतों की भक्ति परंपरा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान का सशक्त संदेश गूंजता रहा।

मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि राममंदिर के चार प्रमुख द्वार अब भारत के चार महान संतों के नाम पर समर्पित होंगे, दक्षिण दिशा का द्वार जगद्गुरु शंकराचार्य जी, दक्षिण-पूर्व द्वार (गेट नंबर तीन) जगद्गुरु माधवाचार्य जी, उत्तर दिशा का द्वार जगद्गुरु रामानुजाचार्य जी और सुग्रीव किला मार्ग से प्रवेश द्वार जगद्गुरु रामानंदाचार्य जी के नाम पर जाना जाएगा। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह अवसर न केवल उत्तर और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय एकता और समरसता की दिशा में उठाया गया ऐतिहासिक कदम भी है। उन्होंने कहा कि इन तीन पूज्य संतों ने 15वीं से 18वीं सदी के बीच श्रीराम भक्ति में अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित किया और आज उनकी प्रतिमाएं उनके आराध्य श्रीरामचरणों में स्थापित होना पूरे भारत के लिए गौरव की बात है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने बताया कि यह स्थल देवगुरु बृहस्पति जी का पवित्र कुंड है और यहां आने वाले कोटि-कोटि श्रद्धालु अब हर वर्ष इन संतों के दर्शन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि त्यागराज महास्वामी को कर्नाटक संगीत की त्रिमूर्ति के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने तेलुगु भाषा में हजारों भक्ति गीतों के माध्यम से भगवान श्रीराम की आराधना को जन-जन तक पहुंचाया।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि श्री पुरंदरदास महास्वामी को 1434 से 1564 तक कर्नाटक संगीत का जनक कहा जाता है। उन्होंने व्यापारी जीवन त्यागकर हरिदास सम्प्रदाय के प्रमुख संत के रूप में कन्नड़ भाषा में लगभग साढ़े चार लाख से अधिक भक्ति गीतों की रचना की। वहीं, श्री अरुणाचल कवि महास्वामी ने 'रामनाटकम्' जैसे तमिल काव्य के माध्यम से श्रीराम के आदर्शों का प्रसार किया। दक्षिण के रामभक्त भी कहते थे, 'राम लला हम आएंगे...'



अयोध्या में बुधवार को तीन संत कवियों की प्रतिमाओं के अनावरण समारोह में भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को भगवान रामलला का चित्र देते सीएम योगी आदित्यनाथ।

## भगवान राम दक्षिण के भी हर घर में विराजते हैं : निर्मला

### श्रीराम की इच्छा से ही अयोध्या में विराजी प्रतिमाएं

विश्ववार्ता ब्यूरो

**अयोध्या।** अयोध्या के पवित्र बृहस्पति कुंड पर बुधवार को आयोजित ऐतिहासिक समारोह में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ दक्षिण भारत के तीन महान संगीत संतों त्यागराज स्वामीगल, पुरंदरदास और अरुणाचल कवि की भव्य प्रतिमाओं का अनावरण किया। इस अवसर पर निर्मला सीतारमण का उद्बोधन भावनाओं और भक्ति से ओतप्रोत रहा। उन्होंने कहा कि दक्षिण भारत में श्रीराम भक्ति केवल आस्था नहीं, बल्कि जीवन का अभिन्न हिस्सा है।

निर्मला सीतारमण ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दक्षिण भारत के संतों के बारे में जिस विस्तार से बताया, वह अद्भुत है। उन्होंने कहा कि पहले दक्षिण भारत में भाषाई भेदभाव नहीं था, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और संस्कृत, सभी भाषाओं में कर्नाटक संगीत गाया जाता था, जो एकता का प्रतीक है। वित्त मंत्री ने कहा कि त्यागराज स्वामी ने जीवनभर गरीबी में रहते हुए भी श्रीराम भक्ति को सर्वोच्च स्थान दिया। उन्होंने राजा के श्रेय में गीत गाने से इनकार कर केवल श्रीराम के लिए गीत गाये। उनकी भक्ति ऐसी थी कि हर गीत में श्रीराम की ऊर्जा प्रवाहित होती थी। लोग कहते हैं कि शायद हनुमान जी ने ही त्यागराज के रूप में जन्म लिया था। उन्होंने बताया कि त्यागराज स्वामी का गीत 'सीता कल्याण' दक्षिण भारत में हर विवाह समारोह में गाये जाते हैं। उन्होंने कहा कि मेरी बेटी की शादी में भी वही गीत गाये गये थे।


निर्मला सीतारमण ने कहा कि "रामभक्ति केवल हिन्दी भाषी क्षेत्रों की नहीं है। केरल में आज भी पूरे सिंह मास (अषाढ़) में हर घर में शाम के समय दीप जलाकर भगवान श्रीराम की आराधना की जाती है। पूरे महीने वाल्मीकि रामायण पढ़ी जाती है। यह मूर्त रूप नहीं, बल्कि अमूर्त भक्ति की परंपरा है। यह हमारे देश की सच्ची आत्मा है। उन्होंने तमिल कवि अरुणाचल कवि का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने अपने प्रसिद्ध तमिल काव्य रामनाटकम् में माता सीता के प्रति गहरा सम्मान प्रकट किया। उन्होंने कहा था, एक लाख आंखों से सीता माता को देखो, उनसे सुंदर कोई नहीं। निर्मला सीतारमण ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी राम जन्मभूमि के लोकार्पण से पहले दक्षिण भारत के श्रीराम से जुड़े मंदिरों की यात्रा की थी।

# कानपुर में मस्जिद के पास भीषण धमाका

## पास में खड़ी दो स्कूटियों में विस्फोट, आठ लोग घायल, चार गम्भीर

विश्ववार्ता संवाददाता

**कानपुर।** यूपी में फर्रुखाबाद के बाद कानपुर में भीषण धमाका हुआ है। मस्जिद के पास रखी दो स्कूटी में विस्फोट हुआ है। कई लोगों के चिथड़े उड़ गए हैं। आठ लोग घायल हैं। इनमें एक महिला भी शामिल है। चार लोगों की हालत गंभीर है। उन्हें लखनऊ रेफर किया गया है। फोरेंसिक टीम, बम स्क्वायड और एटीएस की टीमें पहुंची हैं। अधिकारियों ने कहा कि दोनों स्कूटी में ही विस्फोटक रखे थे। घटना मेस्टन रोड पर मूलगंज के बिसातखाना में हुई है। पूरे इलाके को सील कर अधिकारी जांच में जुट गए हैं। विस्फोट इतना भीषण था की





कहीं यह आतंकी विस्फोट तो नहीं, होगी जांच

काफी दूर तक आवाज सुनाई दी है। पास की मस्जिद की दीवारों को भी नुकसान पहुंचा है। आसपास की कई दुकानों की फाल सीलिंग भी गिर गई है। पुलिस स्कूटी मालिकों को ट्रेस करने में लगी है। विस्फोट होते ही पूरे इलाके में अफरातफरी का माहौल हो गया।

इससे पहले पिछले ही हफ्ते फर्रुखाबाद में कोचिंग सेंटर में भीषण धमाका हुआ था। इसमें दो युवकों की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे। हालांकि वहां पर विस्फोटकों की पुष्टि नहीं हुई थी। अधिकारियों ने सेप्टी टैंक में गैस को कोचिंग में धमाके का कारण माना है। कानपुर के सीएमओ ने बताया कि उर्सला अस्पताल में आठ लोगों को लाया गया था। इनमें चार लोगों की हालत गंभीर थी। इन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया है। चारों को 108 एंबुलेंस से लखनऊ भेजा गया है। दो लोग अभी उर्सला अस्पताल में ही इलाज करा रहे हैं। जबकि दो लोगों ने अपना इलाज कराने के बाद घर चले गए हैं।


पुलिस के अधिकारी हर पहलू पर जांच कर रहे हैं। यह भी माना जा रहा है कि दिवाली के मौके पर पटाखा बनाने के लिए विस्फोटक एक साथ लाया जा रहा हो और उनमें ही धमाका हुआ है। हालांकि धमाके से आसपास की दीवारों को भी नुकसान पहुंचा है, ऐसे में काफी खतरनाक विस्फोटक की आशंका है।

घटना शाम लगभग सात बजे की है। मूलगंज थाना क्षेत्र के मिश्री बाजार के पास बिसाती बाजार में दो स्कूटियों में धमाका तब हुआ जब बाजार में भीड़ थी और लोग खरीददारी कर रहे थे। घायलों में दुकानदारों के साथ ही कारीगर और ग्राहक भी हैं। कूड़ा बिनने वाली एक किशोरी सुहाना भी घायल हुई है जो बेकनगंज की रहने वाली है।

## टैरिफ के खिलाफ अमेरिकी सांसदों ने ट्रम्प के पेंच कसे

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** व्हाइट हाउस को कड़ा संदेश देते हुए अमेरिकी कांग्रेस के 19 सांसदों के समूह ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को चिट्ठी लिखी है। सांसद डेबोरा रॉस और रो खन्ना की अगुवाई में ट्रंप को यह पत्र लिखा गया है। इन सांसदों ने राष्ट्रपति ट्रंप से अनुरोध किया है कि भारत के साथ अमेरिका के तनावपूर्ण संबंधों को जल्द से जल्द ठीक किया जाए और टैरिफ बढ़ाने के सरकार के फैसले को तुरंत वापस लिया जाए।



» 19 सांसदों के समूह ने पत्र लिख जतायी नाराजगी

अमेरिकी सांसदों ने यह पत्र आठ अक्टूबर को लिखा, जिसमें कहा गया कि भारत पर टैरिफ बढ़ाकर 50 फीसदी करने से दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के साथ अमेरिका के संबंध खराब हुए हैं। इससे दोनों देशों पर नकारात्मक असर पड़ा है। सांसदों ने राष्ट्रपति से अनुरोध किया कि भारत के साथ संबंधों को तुरंत दुरुस्त किया जाए।

सांसदों ने अगस्त 2025 में भी चिट्ठी लिखते हुए कहा था कि ट्रंप सरकार ने भारत के सामानों पर टैरिफ बढ़ाकर 50 फीसदी किया है। भारत पर 25 फीसदी का अतिरिक्त टैरिफ लगाया गया है।

## आठ आईएएस अफसरों के विभागों में बदलाव




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शासन ने प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल करते हुए कई वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के विभागों में बदलाव किए हैं। सेल्वा कुमारी जे. को महानिप्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश तथा सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग के पद पर नियुक्त किया गया है। समीर वर्मा को सचिव, नियोजन विभाग एवं महानिदेशक, अर्थ एवं संख्या, उत्तर प्रदेश बनाया गया है। प्रभु नारायण सिंह को प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम का कार्यभार सौंपा गया है। माशूम अली सरवर, जो अब तक प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम थे, उन्हें मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड नियुक्त किया गया है। आशीष कुमार, विशेष सचिव, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग, को प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम बनाया गया है। सुधीर कुमार, नगर आयुक्त कानपुर, को अब विशेष सचिव, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के रूप में तैनाती दी गई है। अमित उपाध्याय, मुख्य विकास अधिकारी रायबरेली, को नगर आयुक्त, कानपुर नगर बनाया गया है। अंजुलता, सचिव मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, को मुख्य विकास अधिकारी, रायबरेली नियुक्त किया गया है।

## शाह एक दिन मोदी के मीर जाफर बनेंगे

### वो कार्यवाहक प्रधानमंत्री की तरह बर्ताव कर रहे : ममता

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता में बुधवार को कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कार्यवाहक प्रधानमंत्री की तरह बर्ताव कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शाह पर ज्यादा भरोसा न करें।

उन्होंने शाह की तुलना मीर जाफर से की। सीएम ने ये बयान ओडिशा के कटक में 5 अक्टूबर को दुर्गा पूजा विसर्जन के दौरान हुई हिंसा और बिहार में एसआईआर को लेकर दिया। ममता ने कहा, 'कटक में हालात बहुत खराब हैं। भाजपा और बजरंग दल की वजह से वहां सांप्रदायिक हिंसा हुई है।'

सीएम ममता ने कहा कि भाजपा और बजरंग दल के लोग देश को नुकसान पहुंचा रहे हैं। मैंने कई सरकारें देखी हैं, लेकिन इतनी घमंडी और तानाशाह



सरकार पहले कभी नहीं देखी। उन्हें याद रखना चाहिए कि आज वे सत्ता में हैं, लेकिन कल नहीं भी हो सकते। कुछ भी हमेशा के लिए नहीं रहता। 15 दिन में एसआईआर कैसे हो सकती हैं?

मीर जाफर बंगाल के नवाब सिराजुद्दौला का सेनापति था, जिसे भारतीय इतिहास में विश्वासघात का प्रतीक माना जाता है। 1757 की प्लासी की लड़ाई में उसने अंग्रेजों से मिलकर सिराजुद्दौला से गद्दारी की थी। मीर जाफर ने ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के साथ गुप्त समझौता किया, जिससे सिराजुद्दौला की हार हुई और अंग्रेजों की भारत में सत्ता की नींव पड़ी। बाद में अंग्रेजों ने मीर जाफर को बंगाल का नवाब बना दिया था।

सीएम ममता ने पीएम मोदी के मिरिक पुल हादसे पर दिए बयानों पर पलटवार करते हुए कहा, "बंगाल गुजरात नहीं है। 2022 में गुजरात के मोरबी में पुल गिरने से 130 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी।" राज्य सरकार ने राहत कार्य तेज कर दिए हैं। अब तक 500 राहत किट वितरित किए जा चुके हैं, जिसमें कंबल, चावल, दाल, सूखा राशन और दूध शामिल हैं। करीब 1,000 फंसे पर्यटकों को 45 बसों से सुरक्षित निकाला गया है।

उन्होंने कहा कि मिरिक में अस्थायी पुल 15 दिनों में बन जाएगा और नया पुल अगले मानसून से पहले तैयार हो जाएगा।

## सेना देना चाहती थी मुंबई हमले का जवाब, कांग्रेस ने देने नहीं दिया

### उस समय की कांग्रेस सरकार पर था विदेशी दबाव, आतंकियों के सामने टेक दिये घुटने

एजेंसी

**मुम्बई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि 2008 में 26/11 मुंबई आतंकी हमले के दौरान कांग्रेस सरकार ने कार्रवाई न कर कमजोरी का संदेश दिया था और आतंकियों के सामने घुटने टेके थे। उन्होंने कहा कि हमारी सेनाएं पाकिस्तान पर हमला करने के लिए तैयार थी, लेकिन सरकार ने विदेशी दबाव में ऐसा नहीं करने दिया। उन्होंने यह बात नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले फेज का उद्घाटन के दौरान कही। पीएम ने मनमोहन सरकार में गृह मंत्री रहे पी चिदंबरम का नाम लिए बिना उनके बयान का जिक्र किया। 30 सितंबर को चिदंबरम ने कहा, ₹26/11 के मुंबई आतंकी हमले के बाद उनके मन में भी बदला लेने का विचार आया था, लेकिन उस वक्त की कांग्रेस सरकार ने सैन्य कार्रवाई नहीं करने का फैसला लिया।



पीएम ने 22 मिनट की स्पीच में ऑपरेशन सिंदूर, जीएसटी रिफॉर्म और विकसित भारत का जिक्र किया। पीएम बुधवार को दो दिन के दौरे पर मुंबई पहुंचे। गुरुवार को वे ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर से मिलेंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि साथियों मुंबई भारत की आर्थिक राजधानी के साथ सबसे वाइब्रेंट शहरों में से एक है। 2008 में आतंकियों ने भी मुंबई शहर को बड़े हमले के लिए चुना। तब की कांग्रेस सरकार ने कमजोरी का मैसेज दिया। आतंकियों के सामने घुटने टेके। हाल ही में कांग्रेस के बड़े नेता और जो देश के गृह मंत्री तक रह चुके हैं। उन्होंने एक इंटरव्यू में दावा किया कि मुंबई हमले के बाद हमारी सेनाएं पाकिस्तान पर हमला करने के लिए तैयार थीं। पूरा देश भी यही चाहता था, लेकिन उस नेता की माने तो किसी दूसरे देश के दबाव के कारण कांग्रेस सरकार ने भारत की सेनाओं को पाकिस्तान पर हमला करने से रोका।

पीएम मोदी ने कहा कि गरीब हो. मिडिल क्लास हो, इनका सशक्तीकरण आज देश की प्राथमिकता है। इन परिवारों को सुविधा-सम्मान देना उनका सामर्थ्य बढ़ाता है। जीएसटी रिफॉर्म से जो चीजे सस्ती हुईं उससे भी देश का सामर्थ्य बढ़ा है। मार्केट के आंकड़े बताते हैं, इस बार नवरात्रि में बिक्री के कई साल के रिकॉर्ड टूटे। मेरा आग्रह है कि गर्व से कहो हम स्वदेशी है, स्वदेशी को अपनाएं। हर घर-बाजार का यही मंत्र होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि यहां दूसरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बना। ये एयरपोर्ट इस क्षेत्र को एशिया के सबसे बड़े कनेक्टिविटी हब के रूप में स्थापित करने में बड़ी भूमिका निभाएगा। आज मुंबई को पूरी तरह से अंडरग्राउंड मेट्रो मिली। इससे सफर आसान होगा। ये विकसित होते भारत का प्रतीक है। मुंबई जैसे शहर में जमीन के नीचे सभी इमारतों को सुरक्षित रखते हुए शानदार मेट्रो बनाई गई है। पीएम मोदी ने कहा कि नवी मुंबई एयरपोर्ट प्रोजेक्ट में विकसित भारत की झलक है।

## जयपुर में जहां 200 सिलेंडर फटे

### LPG ट्रक में घुस गया था टैंकर, जिंदा जला ड्राइवर

एजेंसी

**जयपुर।** नगर में 200 सिलेंडर में ब्लास्ट के बाद सुबह रेस्क्यू के दौरान टैंकर से केमिकल का रिसाव हो गया। पुलिस ने इसके आसपास बैरिकेडिंग करके लोगों को हटा दिया। आसपास के रेस्टोरेंट-ढाबे भी खाली कराए गए।

मंगलवार देर रात जयपुर-अजमेर हाईवे पर मोखमपुरा में एलपीजी सिलेंडर से भरे ट्रक को केमिकल टैंकर ने टक्कर मार दी थी। इससे आग लग गई और एक-एक करके 200 सिलेंडर फट गए थे। टैंकर का ड्राइवर रामराज मीणा (35) जिंदा जल गया था। 5 लोग घायल हो गए थे। एलपीजी ट्रक के पास खड़ी 5 गाड़ियां भी जल गई थीं। हालांकि टैंकर में भरे केमिकल ने आग नहीं पकड़ी थी। सुबह जब इसे हटाया जा रहा था, तभी इसमें से रिसाव शुरू हो गया



था। केमिकल कौन-सा है इसको लेकर अलग-अलग दावे किए गए। वहीं, करीब 6 घंटे तक बंद रहे हाईवे को पुलिस ने सुबह 4.30 बजे खुलवाया।

जानकारी के अनुसार केमिकल से भरा टैंकर गुजरात से जयपुर की ओर आ रहा था। महावीर ढाबे के नजदीक आरटीओ चेकिंग के डर से टैंकर ड्राइवर रामराज ने उसे ढाबे की तरफ मोड़ दिया। यहां पहले से खड़े एलपीजी ट्रक से टैंकर टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टैंकर के केबिन में आग लग गई थी। उसकी चिंगारी से सिलेंडर फटने लगे।

**इंतजार खत्म** क्या कहें भला उस मुलाकात की दास्तां, जहां बस जज्बातों ने खामोशी से बात की

## आजम खां सपा के दरख्त हैं, हमारे साथ रहे और हमेशा रहेंगे



विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आज रामपुर पहुंच कर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खां से मुलाकात की। अखिलेश यादव ने मोहम्मद आजम खां के रामपुर स्थित आवास पर मिलकर उनका हाल-चाल जाना। उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। इससे पहले अखिलेश यादव के रामपुर स्थित मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय में हेलीकॉप्टर से पहुंचने पर मोहम्मद आजम खां ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। जौहर विश्वविद्यालय से दोनों नेता आवास पर पहुंचे। मोहम्मद आजम खां से मुलाकात के बाद मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि मोहम्मद आजम खां समाजवादी पार्टी के दरख्त हैं। हमारा साथ हमेशा रहा है, हमेशा रहेगा। हम मिलकर लड़ाई लड़ेंगे। हमारी मुलाकात बहुत अच्छी रही। उन्होंने कहा कि पुराने नेताओं और नेताजी के साथ के लोगों की बात ही अलग है। अखिलेश यादव ने कहा कि जनता भाजपा को हटाने जा रही है। 2027 विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी। पीडीए की आवाज बुलन्द होगी। भाजपा सरकार ने मोहम्मद आजम खां साहब पर झूठे मुकदमे लगाए हैं। मोहम्मद आजम खां साहब और उनके पूरे परिवार को झूठे मुकदमे लगाकर परेशान किया गया। भाजपा सरकार ने परिवार को बहुत तकलीफ और परेशानी पहुंचाई। ऐसा लगता है भाजपा सरकार अन्याय, अत्याचार का वर्ल्ड रिकॉर्ड बना रही है।

अखिलेश यादव ने कहा कि जो लोग मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय को नुकसान पहुंचा रहे हैं, वह सब कुछ बर्बाद कर रहे हैं। मोहम्मद आजम खां ने जौहर विश्वविद्यालय में बहुत अच्छा काम किया है। समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर मोहम्मद आजम खां पर लगे सभी झूठे मुकदमे खत्म किये जाएंगे। साथ ही अन्य तमाम लोगों पर लगे झूठे मुकदमे वापस लिए जायेंगे।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में पीडीए समाज के लोगों को अपमानित किया जा रहा है। क्या कोई सुप्रीमकोर्ट में मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने की कल्पना कर सकता है, लेकिन भाजपा सरकार में यह भी हुआ। सुप्रीमकोर्ट में जो हुआ उससे यह बात साबित हो रही है कि पीडीए के लोग चाहे जहां और चाहे जिस पद पर हों, उन्हें जीवन में कभी न कभी अपमानित होना पड़ा है। पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक और आदिवासी समाज के लोगों को भाजपा सरकार में अपमानित होना पड़ रहा है।

# नियामक आयोग मुख्यालय पर होगा मौन विरोध प्रदर्शन

## संघर्ष समिति का पक्ष सुने बिना आरएफपी डॉक्यूमेंट पर निर्णय लिया गया तो करेंगे आन्दोलन

● निजीकरण की प्रक्रिया तेज होते देख संघर्ष समिति ने नियामक आयोग के अध्यक्ष को पत्र लिखकर वार्ता हेतु समय देने की मांग की



**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने निजीकरण की प्रक्रिया तेज होते देख विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष श्री अरविंद कुमार को आज एक पत्र भेजकर मांग की है कि वह पॉवर कारपोरेशन द्वारा दिये गए आरएफपी डॉक्यूमेंट पर विद्युत नियामक आयोग द्वारा लगाई गई आपत्तियों पर पावर कॉरपोरेशन का जवाब सुनने के पहले विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश को अपना पक्ष रखने के लिए समय दें। संघर्ष समिति ने पत्र में चेतावनी दी है कि यदि विद्युत नियामक आयोग से बार-बार अनुरोध करने के बावजूद भी संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल को समय न दिया तो विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के आह्वान पर सैकड़ों बिजली कर्मी विद्युत नियामक आयोग के मुख्यालय पर मौन प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी नियामक आयोग के अध्यक्ष की होगी। पत्र में कहा गया है कि समाचार पत्रों के माध्यम से यह विदित हुआ है कि विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष ने ऊर्जा मंत्री, प्रमुख सचिव ऊर्जा और पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष से पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम केआरएफपी डॉक्यूमेंट पर नियामक आयोग द्वारा लगाई गई आपत्तियों के संबंध में अलग से चर्चा की है। चर्चा यह भी है कि इस बैठक में यह तय हो गया है कि पावर कार्पोरेशन प्रबंधन द्वारा आपत्तियों पर दिए जाने वाले जवाब पर विद्युत नियामक आयोग ने अपनी सहमति दे दी है जिसके बाद निजीकरण का रास्ता प्रशस्त हो जाएगा।

# शिक्षा जीवन में परिवर्तन लाने का माध्यम है, डिग्री पाने का साधन नहीं

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी का 47वां दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ।इस अवसर पर कुलाधिपति जी ने 55,642 विद्यार्थियों को स्नातक की उपाधियाँ प्रदान कीं, जिनमें 34,252 छात्राएँ तथा 21,387 छात्र सम्मिलित हैं। इसी प्रकार 15,321 विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर की उपाधियाँ प्रदान की गईं, जिनमें 11,484 छात्राएँ एवं 3,837 छात्र हैं। दीक्षांत समारोह में 178 शोधार्थियों को पी.एच.डी. की उपाधियाँ तथा 101 मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। इनमें 74 छात्राएँ एवं 27 छात्र शामिल हैं। कुलाधिपति जी ने सभी अंक पत्रों एवं उपाधियों को डिजिलॉकर में समाहित किया और कहा कि यह कदम शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता और डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने वाला एक महत्वपूर्ण प्रयास है।इस अवसर पर राज्यपाल जी ने जनपद चंदौली के आंगनबाड़ी केन्द्रों को सशक्त बनाने हेतु 300 आंगनबाड़ी किटों का वितरण भी किया।दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल जी ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम और उनके मूल्यों पर स्थापित है,



इसका यह 47वां दीक्षांत समारोह हमारे लिए अत्यंत गौरव का अवसर है।राज्यपाल जी ने कहा कि शिक्षा का मूल उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं होना चाहिए, बल्कि कर्तव्यबोध और राष्ट्रबोध को सर्वोपरि रखना आवश्यक है। शिक्षा जीवन में परिवर्तन लाने का माध्यम है, डिग्री पाने का साधन नहीं। विद्यार्थियों को अपने छात्रावास और विश्वविद्यालय के प्रति कर्तव्य का पालन करना चाहिए।उन्होंने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति जागरूक होना अनिवार्य है, क्योंकि बिना जागरूकता के विकसित भारत का लक्ष्य पूरा नहीं हो सकता। पर्यावरण को हमने स्वयं बिगाड़ा है, और इसे सुधारने की जिम्मेदारी भी हमें ही लेनी होगी।

# 11 परियोजनाओं के लिए पीसीयू मानक के शिथिलीकरण का प्रस्ताव स्वीकृत

## मुख्य सचिव ने की निर्माण परियोजनाओं की उच्च स्तरीय समिति की बैठक

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में विभिन्न निर्माण परियोजनाओं में उच्च विशिष्टियों/पी०सी०यू० शिथिलीकरण हेतु गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तुत 11 परियोजनाओं के लिए पीसीयू में शिथिलीकरण के प्रस्ताव को मुख्य सचिव ने स्वीकृति प्रदान की। यह प्रदेश के बुनियादी ढांचे को और सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इन परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश में सड़क नेटवर्क, औद्योगिक विकास और ग्रामीण क्षेत्रों में कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा, जिससे आर्थिक प्रगति को गति मिलेगी। प्रस्ताव के अनुसार जनपद



सिद्धार्थनगर में 2804.01 लाख रुपये की लागत से एनएच-730 के किमी 408 से घनौरा मुस्तहकम एसएसबी कैंप होते हुए अंतर्राष्ट्रीय सीमा तक मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, जनपद मऊ में 99.54 लाख रुपये लागत से अजमतगढ़-अमिला मार्ग के किमी 12 से करमपुर तक मार्ग निर्माण, जनपद बरेली में 321.85 लाख रुपये से फरीदपुर-बीसलपुर मार्ग के किमी 10 से ग्राम सिमरा केशवपुर में सीबीजी प्लांट हेतु पहुंच मार्ग निर्माण, जनपद लखीमपुर खीरी में 555.79 लाख रुपये एनएच-24 से कुतुवापुर कैनाल ब्रिज मार्ग के किमी 2 से सीबीजी प्लांट होते हुए डीसीएम श्रीराम शुगर मिल तक मार्ग निर्माण किया जाएगा। इसी प्रकार जनपद सहारनपुर में 49.29 लाख रुपये से मिनी औद्योगिक संस्थान अम्बेहटापीर सहारनपुर हेतु पहुंच मार्ग के नवनिर्माण, जनपद मुरादाबाद में 2122.36 लाख रुपये से एनएच-24 दलपतपुर से समदी समदा मुडिया मलूकपुर ईशापुर चंदनपुर मार्ग पर ड्राई पोर्ट तक पहुंच मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, जनपद जालौन में 2546.83 लाख रुपये से कालपी तहसील में रेलवे लाइन के पास इंडसट्रियल एरिया कांशीराम कॉलोनी होते हुए काशीखेड़ा तक किमी 1 से 7 व 8 (400) का निर्माण, जनपद ललितपुर में 729.87 लाख रुपये से नीलकंठेश्वर मार्ग अ0जि0मा0 के चै. 0.000 से 2.200 में दो लेन मार्ग निर्माण, जनपद लखीमपुर खीरी में 2651.89 लाख रुपये से पलिया हवाई पट्टी मार्ग (अ0जि0मा0) के किमी 1 से किमी 4 (035) में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, जनपद झांसी में 5260.68 लाख रुपये से मोंठ-भांडेर (अ0जि0मा0) मार्ग किमी 4 से भरोसा-छपार-पुलगहना-शाहजहांपुर-खजूरी मध्य प्रदेश की सीमा तक दो लेन चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण तथा जनपद कुशीनगर में 3597.95 लाख रुपये कुल लागत से नेबुआ खड्डा मार्ग (प्रमुख जिला मार्ग) का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया जाएगा।

# जब सपनों ने लिया उड़ान और समाज ने किया सलाम

## बालिकाओं ने थामा नेतृत्व का दायित्व : लीना जौहरी

**लखनऊ।** महिला एवं बाल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत अतरराष्ट्रीय बालिका सप्ताह (3 से 11 अक्टूबर) थीम के तहत आज पूरे प्रदेश में 2 अनूठे कार्यक्रम आयोजित किये गये। इन विशेष आयोजन में एक तरफ तो विभिन्न जनपदों की प्रतिभाशाली और इच्छाशक्ति से परिपूर्ण बालिकाओं तथा महिलाओं को ' एक दिन की जिलाधिकारी' की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस पहल का उद्देश्य था कि बालिकाएँ न केवल नेतृत्व क्षमता को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करे, बल्कि उन्हें प्रशासनिक व सामाजिक उत्तरदायित्वों की गहरी समझ भी प्राप्त हो। दूसरी तरफ आज पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ कन्या जन्मोत्सव मनाया गया।

इस विशेष अवसर पर प्रत्येक जनपद के सरकारी अस्पतालों, सीएचसी, पीएचसी और ब्लॉक स्तर पर उन बालिकाओं का सामूहिक उत्सवपूर्वक स्वागत किया गया जिन बालिकाओं ने आज जन्म लिया।



कार्यक्रम का उद्देश्य यह संदेश देना था कि बेटियों का जन्म न केवल परिवार के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए हर्ष और गर्व का विषय है।आज के कार्यक्रम में प्रत्येक जिले से चयनित बालिकाओं को जिला प्रशासन के कार्यों का वास्तविक अनुभव कराया गया।

सुबह औपचारिक रूप से उन्हें एक दिन की जिलाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण कराया गया, जिसके बाद उन्होंने विभागीय बैठको में भाग लिया, विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए। कई जिलों में बालिकाओं ने महिला सुरक्षा, बाल संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता जैसे मुद्दों पर अधिकारियों से संवाद कर अपनी राय रखी और सुझाव प्रस्तुत किए। यह अनुभव बालिकाओं के लिए केवल औपचारिक दायित्वों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्हें यह आत्मविश्वास भी मिला कि वे भविष्य में उच्चतम पदों पर पहुंचकर निर्णयकारी भूमिका निभा सकती है।इस आयोजन से बालिकाओ ने प्रशासनिक कार्यशैली का गहन अनुभव प्राप्त किया। उन्हें यह समझने का अवसर मिला कि किस प्रकार से जिला स्तर पर विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाता है, जनता की समस्याओं को सुना जाता है और उनके समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाए जाते हैं। बालिकाओं ने महसूस किया कि वे अपने अधिकारों और दायित्वों के प्रति सजग रहते हुए समाज को नई दिशा देने की क्षमता रखती है।प्रदेश भर में आयोजित इस कार्यक्रम ने अभिभावको और समाज को यह सोचने के लिए प्रेरित किया कि बालिकाओ को केवल घर और परिवार की सीमाओ तक न देखा जाए, बल्कि उन्हे प्रशासन, राजनीति, विज्ञान, शिक्षा और अन्य सभी क्षेत्रो में योगदान देने का अवसर मिले। जहाँ-जहाँ बालिकाओं ने जिलाधिकारी का पद संभाला, वहाँ उनकी गंभीरता, परिपक्वता और नेतृत्व क्षमता देखकर सभी अधिकारी और कर्मचारी भी प्रभावित हुए।

# 'मोदी-योगी मॉडल' से दौड़ रहा पूर्वांचल के विकास का चक्का

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मिशन से श्री काशी विश्वनाथ धाम ने उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। दिसंबर 2021 में प्रधानमंत्री मोदी के काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर के लोकार्पण के बाद से अब तक लगभग 25 करोड़ 28 लाख से अधिक श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ के दर्शन कर चुके हैं। इससे राज्य की अर्थव्यवस्था को अनुमानित सवा लाख करोड़ रुपये का बूस्टअप डोज मिला है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि कॉरिडोर के निर्माण ने न केवल काशी की छवि को बदला है, बल्कि पूरे प्रदेश की आर्थिक गतिविधियों में भी अप्रत्याशित वृद्धि की है। देश के विभिन्न प्रांतों से लेकर दुनिया के तमाम देशों के श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लगातार बढ़ते आगमन से स्थानीय व्यापारियों, दुकानदारों, नाविकों, पुजारियों, ठेले वालों और होटल कारोबारियों को बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर मिल रहे हैं।

# कांग्रेसजनों ने कमलापति त्रिपाठी को किया याद

**लखनऊ।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पंडित कमलापति त्रिपाठी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय लखनऊ पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव-प्रभारी उप्र अविनाश पाण्डेय तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, पूर्व मंत्री द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर अखिल



भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव-प्रभारी उप्र अविनाश पाण्डेय ने कहा कि पंडित कमलापति त्रिपाठी ने अपने जीवन में सदैव सत्य, त्याग और सेवा के मार्ग पर चलकर देश और समाज की सेवा की। वे न केवल एक राजनेता थे, बल्कि कांग्रेस की आदर्श विचारधारा के प्रतीक थे। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि कहा कि पंडित कमलापति त्रिपाठी जी के कांग्रेस संगठन, स्वतंत्रता संग्राम और उत्तर प्रदेश के विकास में दिए योगदानों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। आज हमें उनके आदर्शों और सिद्धांतों को अपने राजनीतिक जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है, यही हमारी तरफ से उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# जीएसटी कर सुधार से देश की अर्थव्यवस्था बनेगी मजबूत

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने जनपद मऊ के मुहम्मदाबाद में आयोजित "जीएसटी बचत उत्सव एवं आत्मनिर्भर भारत" कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने व्यापारियों, उद्यमियों एवं स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें जीएसटी कर सुधार के लाभों की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि जीएसटी व्यवस्था ने देश की कर प्रणाली को सरल, पारदर्शी और एकीकृत बनाया है। इससे व्यापार में सुगमता बढ़ी है, कर चोरी पर रोक लगी है तथा देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था तीव्र गति से आगे बढ़ रही है और जीएसटी इस विकास यात्रा का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बन चुका है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद - सीतापुर

पत्रांक - 1086/ स्वा0 अनुभाग/न0पा0परि0सी0/2025-26 दिनाँक - 06/10/2025

### अतिअल्पकालीन निविदा सूचना

### रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (RFP)

एत्तद्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद सीतापुर में जेसीबी मशीन मरम्मत कार्य की दरों हेतु कार्य की निविदा निम्नलिखित तिथियों में आमंत्रित की जाती है-

| अपलोड करने की तिथि व समय | विवरण | दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| दिनांक 08-10-2025 समय पूर्वान्ह 11:00 बजे से | दिनांक 15-10-2025 समय अपरान्ह 05 : 00 बजे से | दिनांक 16-09-2025 समय पूर्वान्ह 11:00 बजे से |

नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी श्रेणी-1**
नगर पालिका परिषद,
सीतापुर

## कार्यालय नगर पालिका परिषद - सीतापुर

पत्रांक - 1085/ स्वा0 अनुभाग/न0पा0परि0सी0/2025-26 दिनाँक - 06/10/2025

### अतिअल्पकालीन निविदा सूचना

### रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (RFP)

एत्तद्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद सीतापुर में जेसीबी मशीन मरम्मत कार्य की दरों हेतु कार्य की निविदा निम्नलिखित तिथियों में आमंत्रित की जाती है-

| अपलोड करने की तिथि व समय | विवरण | दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| दिनांक 08-10-2025 समय पूर्वान्ह 11:00 बजे से | दिनांक 15-10-2025 समय अपरान्ह 05 : 00 बजे से | दिनांक 16-09-2025 समय पूर्वान्ह 11:00 बजे से |

नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी श्रेणी-1**
नगर पालिका परिषद,
सीतापुर



## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मलिहाबाद-लखनऊ।

पत्रांक - 1139/ लेखा/निविदा/ 2025-26 दिनाँक - 04/10/2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

**टेण्डर निकाले जाने की तिथि - 04.10.2025**
**टेण्डर खोलने की तिथि - 18.10.2025 (अपरान्ह 3:00 बजे)**

| क्र0 सं0 | टेण्डर का प्रकार | योजना का नाम | कार्य का नाम | लम्बाई (मी0 में) | टेण्डर लागत GST सहित | बिड सिक्योरिटी (रू0 में ) 2% | निविदा प्रपत्र का मूल्य (समस्त करों सहित) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | ऑफलाइन | पंचम वित्त आयोग (अनु0) | रहिमाबाद मवईकला सम्पर्क मार्ग से उचितदार दुकान तक खडण्जा निर्माण कार्य | 405.5 मीटर | 9.98 लाख | 20000 | 1000 | 3 माह |
| 2 | ऑफलाइन | पंचम वित्त आयोग (अनु0) | बेलवा से चन्दीखेडा तक खडण्जा निर्माण कार्य | 406 मीटर | 9.99 लाख | 20000 | 1000 | 3 माह |
| 3 | ऑफलाइन | पंचम वित्त आयोग (अनु0) | बत्तोरीपुर सम्पर्क मार्ग से मोहज्जीपुर तक खडण्जा निर्माण कार्य | 100 मीटर | 2.51 लाख | 20000 | 500 | 3 माह |
| 4 | ऑफलाइन | पंचम वित्त आयोग (अनु0) | खडौहा से बांके बरगिदी सीमा तक खडण्जा निर्माण कार्य | 405.5 मीटर | 9.98 लाख | 20000 | 1000 | 3 माह |
| 5 | ऑफलाइन | पंचम वित्त आयोग (अनु0) | सहिजना से बेता नाला तक खण्डजा निर्माण कार्य | 406 मीटर | 9.99 लाख | 20000 | 1000 | 3 माह |
| 6 | ऑफलाइन | पंचम वित्त आयोग (अनु0) | चांदपुर से कहला सीमा तक खण्डजा निर्माण कार्य | 406 मीटर | 9.99 लाख | 20000 | 1000 | 3 माह |
| 7 | ऑफलाइन (जैम पोर्टल) | 15वॉ के0वि0- टाइट | ग्राम पंचायत रमगढा में आर0ओ0 वाटर कूलर | 01 जॉब | 3.60 लाख | - | - | 3 माह |
| 8 | ऑफलाइन (जैम पोर्टल) | पंचम वित्त आयोग (अनु0) | क्षेत्र पंचायत के विभिन्न स्थानों पर सोलर लाईट की स्थापना कार्य | 49 जॉब | 9.84 लाख | - | - | 3 माह |

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से खण्ड विकास अधिकारी, मलिहाबाद लखनऊ द्वारा विकास खण्ड मलिहाबाद में पंजीकृत ठेकेदारों/ जेम पर पंजीकृत ठेकेदारों से वर्ष 2025-26 हेतु पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त आयोग से उपरोक्त 08 कार्यों हेतु प्रतिशत दर/दर अनुबंध निविदा आमंत्रित की जाती है। कोई भी ठेकेदार अपनी अधिकृत क्षमता के अंतर्गत एक अथवा एक से अधिक निविदाओं के लिये निविदा दे सकता है। निविदा से सम्बंधित समस्त जानकारी, नियम एवं शर्तें कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मलिहाबाद एवं https://gem.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा निर्धारित तिथि एवं स्थल पर उपस्थित कमेटी के सदस्यों एवं निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा भेजे गये प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। निविदा में जिस फर्म ठेकेदार द्वारा कार्य मानक अनुसार गुणवत्ता सहित सबसे कम रेट में निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जाना दर्शाया गया होगा, उसी फर्म/ठेकेदार को टेण्डर स्वीकृत किया जायेगा।

1. महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से खण्ड विकास अधिकारी, विकारा खण्ड, गलिहाबाद द्वारा ठेकेदारों से निम्न कार्यों की निविदा आमंत्रित की जाती है। कोई भी ठेकेदार अधीकृत क्षमता के अन्तर्गत एक अथवा एक से अधिक निविदाओं के लिये निविदा दे सकता है।
2. प्रत्येक कार्य को पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल सहित) उपरोणा तालिका के कॉलम 09 में दर्शायी गयी है।
3. निविदा की कांता प्राप्ति के दिन से 90 दिन वो लिये लिये होगी। वैधता की अवधि में निविदा की वापस नहीं लिया जा सके।
4. निविदा प्रपत्र खण्ड विकास अधिकारी, मलिहाबाद के कार्यालय से निर्धारित मूल्य देकर प्रत्येक कार्यदिवस में 11.00 बजे पूर्वान्ह से 04.00 बजे अपरान्ह तक दिनांक 04.10.2025 से 17.10.2025 तक डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कि किसी शिड्यूल कोमर्शियल बैंक से खण्ड विकास अधिकारी, मलिहाबाद के नाग देव होगा, से क्रय की जा सकती है।
5. निविदा प्रपत्र खण्ड विकारा अधिकारी, मलिहाबाद के कार्यालय में दिनांक 18.10.2025 को अपरान्ह 12.00 बजे तक जमा की जा सकती है। जिनको उसी कार्यदिवस में दिनांक 18.10.2025 को 03.00 बजे खण्ड विक्वरा अधिकारी, मलिहाबाद के कार्यालय में इच्छुक निविदाकर्ता की उपस्थिति में खोला जायेगा।
6. निविदा के साथ निर्धारित धरोहर धनराशि (EMD 2%) संलग्न होनी चाहिये। धरोहर धनराशि शिड्यूल कामर्शियल बैंक की एफ०डी०आर० के रूप में होनी चाहिये, जो कि खण्ड विकास अधिकारी, मलिहाबाद के पक्ष में बंधक होगा। यदि कोई ठेकेदार एक से अधिक कार्य के लिये निविदा चालता है तो उसे प्रत्येक कार्य के लिये अलग-अलग धरोहर धनराशि संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. सानिविदा स्वीकृत होने के उपरान्त परफॉमेंस जमानत (Performance Security 3%) की धनराशि शिशूष कामर्शियल बैंक की एफ०डी०आर० कके रूप में जमा करनी होगी, जो कि खण्ड विकास अधिकारी, मलिहाबाद के पक्ष में बंधक होगा।
8. कोई निविदाकर्ता कार्यदायी संस्था में जहां उनका सम्बंधित अथवा उनकी पत्नी का कोई निकट सम्बंधी (प्रथम रक्त सम्बंधी अथया उनकी पत्नी) खण्डीय लेखाकार के रूप में कार्यरत ही अथवा खण्ड विकास अधिकारी से अवर अभियंता, (दोनो को सम्मिलित करते हुये। डालने लिये योग्य नहीं होगा। निविदाकर्ता द्वारा यह शपत्रपत्र भी दिया जायेगा, जिसके उसके सम्बंधियों के नाम तथा उनके पदनाम का उल्लेख होगा जो कि कार्यदायी खण्ड एवं उससे सम्बंधित वृत्त में कार्यरत हो। यदि राजपत्रित अभियंता अथवा राजपत्रित अधिकारी जो कि राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के प्रशासकीय विभाग में कार्यरत हो, सेवानिवृत्त के दो वर्ष तक बिना सरकार की अनुमति के ठेकेदारी के काम के लिये राज्य सरकार से अनुमति नहीं ली है या ठेकेदार के साथ कार्य करना शुरू कर दिया है तो ठेकेदारी को निरस्त किया जाता है।
9. निविदा से सम्बंधित विवरण निविदा कालने हेतु योग्यता एवं पात्रता, ड्राइंग, विशिष्टियां, मात्राओं का विवरण एवं ठेके की अन्य शर्तें जिनका ठेकेदार द्वारा पालन किया जाना है. का निर्धारण खण्ड विकास अधिकारी, मलिहाबाद के कार्यालय में किया गया है। किसी कार्यदिवस में पूर्वान्ह 11.00 बजे से 04:00 बजे तक दिनांक 04.10.2025 से 17.10.2025 तक देखा जा सकता है।
10. कोई भी निविदाकर्ता जिसका अपराधिक रिकार्ड है, निविदा में भाग नहीं ले सकता है।
11. ऐसे निविदाकर्ता जो राज्य विधि कोसिल में पंजीकृत हो, नितिगा देने से प्रतिबंधित होंगे।
12. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। कोई भी अथवा समस्त निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।
13. सेस एवं अन्य करें की कटौती नियमानुसार ठेकेदार को बीजक से की जायेगी।
14. धन की उपलब्धता के अनुसार ही कार्य के सापेक्ष भुगतान किया जायेगा।
15. निविदादाता द्वारा गत 03 पर्षों के आई०टी०आर० रिर्टन जमा करना होगा।
16. निविदादाता द्वारा अपना जी०एस०टी० एवं पैन कार्ड की स्याप्रमाणित छायाप्रति जगा करनी होगी।
17. उक्त संस्था के किसी भी अधिकारी/कर्मचारी से सम्बंध न होना का प्रमाण-पत्र भी प्रस्तुत करना होगा।
18. निविदादाता द्वारा स्वयं के हस्ताक्षर से एक प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें किसी भी राजकीय विभाग अथवा संस्था द्वारा फर्म/कम्पनी को काली सूची में नहीं डाला गया हो।
19. निविदा प्रपत्र की धनराशि बैंक ऑफ इडिया मलिहाबाद के खाता सं० 755510210000004 जिसका IFSC Code -BKID0007555 में जमा कराकर रसीद कार्यालय में जमा करके निविदा फार्म ले सकते है।

**(प्रमुख)**
क्षे0पं0, मलिहाबाद-लखनऊ।

**खण्ड विकास अधिकारी**
क्षे0पं0, मलिहाबाद-लखनऊ।

## एक नजर

### सीजेआई पर हमले के विरोध में 'आप' करेगी प्रदर्शन

**लखनऊ।** भारत के मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने की घटना की भर्त्सना करते हुये आम आदमी पार्टी (आप) ने 10 अक्टूबर को पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। इस दौरान कार्यकर्ता राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपेंगे। पार्टी के प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि देश के सर्वोच्च न्यायिक पद पर एक दलित के बेटे का बैठना भारतीय जनता पार्टी और उसके नफरती तंत्र को बर्दाश्त नहीं हो रहा है। यही कारण है कि इस जघन्य कृत्य और उसके बाद सोशल मीडिया पर सीजेआई के खिलाफ फैलाए जा रहे घृणित अपमान को लेकर सरकार खामोश है। भारत के मुख्य न्यायाधीश का अपमान हुआ है, क्योंकि आरएसएस और बीजेपी दलितों पिछड़ों आदिवासियों मुसलमानों से नफरत करती है। उन्होंने कहा कि मुख्य न्यायाधीश की मां को आरएसएस ने अपने कार्यक्रम में बुलाया उन्होंने जाने से मना कर दिया, जिसके बाद साजिश के तहत यह हमला कराया गया। उन्होंने कहा देश इस बात से स्तब्ध है कि मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने की कोशिश करने वाला व्यक्ति खुलेआम टी.वी. पर आकर गर्व से कह रहा है कि उसे अपने कृत्य पर कोई अफसोस नहीं है, और फिर भी उसके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि "आप" की मांग है कि मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने का प्रयास करने वाले शख्स को तुरंत गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ सोशल मीडिया पर अपमानजनक वीडियो और आपत्तिजनक टिप्पणियां करने वाले सभी ट्विटर हैंडल और व्यक्तियों को तुरंत बैन/गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### रथों पर सवार योद्धाओं ने खूब चलाए बाण



**लखनऊ।** मंगलवार देर रात को गोसाईगंज में भी रावण मारा गया। स्थित शिशु मंदिर इंटर कालेज के मैदान में रथ पर सवार राम और रावण के बीच खूब बाण चले। संग्राम के दौरान प्रभु राम द्वारा चलाया गया वाण रावण को लगा तो रावण जमीन पर गिर गया। रावण के गिरते ही राम दल में खुशी की लहर दौड़ गई और हर तरफ जय श्रीराम की आवाज गूंजने लगी। मंगलवार देर रात गोसाईगंज में रावण वध हुआ। यहां क्वार महीने की पूर्णिमा के दिन रावण का वध होता है और मेला लगता है। प्रभु राम युद्ध के मैदान में पहुंचे तो श्रीराम के जयकारे गूंजने लगे। रावण दल में भी जय लंकेश की आवाज गूंजती रही। दर्शकों से खचाखच भरे मैदान में वाणों की बौछार के बीच रामदल में उस समय शोक छा गया जब लक्ष्मण को भी वाण लगा और वह मूर्छित हो गए। संजीवनी बूटी आने के बाद लक्ष्मण फिर उठ बैठे और युद्ध शुरू हुआ। मेघनाद और कुंभकरण के मरने के बाद रावण युद्ध के लिए आया और उसका भी वध हुआ। विजय के बाद राम के दल में खुशी छा गई और विजय पताका फहराने लगी। मेला स्थल पर मौजूद लोग प्रभु श्रीराम की जयकार करते हुए झूमने लगे। मेले में पहुंचे लोगों ने माता चतुर्भुजी के दर्शन कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर गोसाईगंज चेयरमैन निखिल मिश्रा, रामलीला में रावण का अभिनय करने वाले राजेश हिन्दू मान सिंह यादव, रामलीला कमेटी अध्यक्ष राम मूर्ति गुप्ता, महावीर प्रसाद गुप्ता, प्रेमचंद गुप्ता, श्याम मूर्ति गुप्ता, अनिल कुमार गुप्ता बउआ, भैरव गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, पूर्व पार्षद अरविंद कुमार गुप्ता, रामजी गुप्ता, विजय गुप्ता और वैभव गुप्ता सहित अन्य ने प्रभु श्रीराम की आरती उतारी।

### निर्माणाधीन मकान में चोरों का धावा,सामान पार

**लखनऊ।** थाना पीजीआई क्षेत्र के कल्ली पश्चिम स्थित शीतला बिहार कॉलोनी में चोरों ने एक निर्माणाधीन मकान को निशाना बना डाला। प्रार्थी विवेक कुमार सिंह निवासी सेक्टर 16A/146 वृंदावन योजना ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 30 सितंबर की रात अज्ञात चोर उनके मकान की लोहे की खिड़की काटकर अंदर घुसे और कमरे में रखे सामान चोरी कर ले गए। चोर घर से इंडियन कंपनी के दो गैस सिलेंडर, कूकर, थालियां, गिलास, दो बड़े भगोने, दो लोहे की कढ़ाई, हथौड़े, बेल्चा, घुरमुश, करीब 40 लोहे की रिंग, 60 किलो सरिया, प्लंबर का सामान और पानी की पाइपें चोरी कर ले गए। प्रार्थी को चोरी की जानकारी 1 अक्टूबर की सुबह करीब 10 बजे हुई। सूचना मिलते ही उन्होंने 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचित किया।

### टेलीग्राम लिंक से लगाया 48 हजार का चूना

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में साइबर ठगी का एक नया मामला सामने आया है। तेलीबाग निवासी करन सिंह को ऑनलाइन टास्क पूरा कराने के नाम पर ठगों ने टेलीग्राम ऐप के जरिए 48 हजार रुपये का चूना लगा दिया। पीड़ित करन सिंह पुत्र किरन सिंह निवासी मोहारी बाग, खरिका, तेलीबाग ने बताया कि उनके टेलीग्राम अकाउंट पर अस्मिता भारती नाम की आईडी से संदेश आया। महिला ने एक लिंक भेजते हुए कहा कि टास्क पूरा करने पर धनराशि दी जाएगी। भरोसा कर करन सिंह ने बताए गए यूपीआई आईडी – पर अलग-अलग किश्तों में कुल 48,000 भेज दिए। कुछ देर बाद जब ठगों ने अगला टास्क देने के बहाने और रुपये भेजने को कहा, तो पीड़ित को धोखाधड़ी का अहसास हुआ तुरंत पीड़ित ने साइबर पुलिस को पूरी जानकारी दी जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### किशोरी को अकेला पाकर किया दुराचार

**लखनऊ।** बिजनौर थाना क्षेत्र में बीती रात एक किशोरी को घर में अकेला पाकर मोहल्ले के ही दो युवकों ने उसके साथ दुराचार की घटना को अंजाम दी। यह आरोप लगाते हुए पीड़ित किशोरी की माँ ने बिजनौर थाने में तहरीर दी है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल कर रही है। बिजनौर थाना क्षेत्र में रहने वाले एक मजदूर की पत्नी के मुताबिक बीती 26 सितंबर को वह अपने पति के साथ बाराबंकी जिले के देवा मेले में जानवर बेचने गई थी। जबकि उसकी 14 वर्षीय बेटी घर में अकेली थी। महिला का कहना है कि 7 अक्टूबर मंगलवार सुबह करीब 10 बजे मोहल्ले के ही एक व्यक्ति द्वारा फोन के जरिए सूचना मिली कि उसकी बेटी को घर में अकेला पाकर सोमवार रात पड़ोस के ही रहने वाले दो युवकों ने उसके घर में घुसकर किशोरी के साथ जबरन दुराचार की घटना को अंजाम दी। पीड़ित महिला को यह सूचना मिलने पर वह मंगलवार दोपहर बाद घर पहुंची और बेटी से पूरी जानकारी करने के बाद इसकी तहरीर बिजनौर थाने में दी। उधर बिजनौर प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर महादेवन का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### कार से मोबाइल फोन चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**लखनऊ।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में ऑफिस से लौट रहे कार चालक की कार से मोबाइल फोन चोरी हो गया। गोमती नगर थाना क्षेत्र के गोमती नगर विस्तार निवासी सौरभ द्विवेदी का कहना है कि वह उन्नाव के नवाबगंज में स्थित चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में कार्यरत हैं। पीड़ित का कहना है कि जब वह अमौसी मेट्रो स्टेशन के नीचे पहुंचे तो वहां पर भीड़ लगी हुई थी ,जिसके कारण वह अपनी गाड़ी वही पर खड़ी कर दिये थे। पीड़ित का कहना है कि किसी ने उनकी गाड़ी में थपथपाया तो वह अपनी बाईं साइड की खिड़की का शीशा खोलकर गाड़ी की तरफ देखने लगे। इस दौरान उनकी गाड़ी में रखे दो मोबाइल वनप्लस काले रंग का फोन कोई चोरी कर लिया।

### ऑफिस के लिए निकली महिला से टप्पेबाजी

**लखनऊ।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में घर से ऑफिस के लिए निकली महिला से टप्पेबाज महिलाओं ने नशीला पदार्थ सुंघाकर सोने की अंगूठी ,मंगलसूत्र और बाला लूटकर फरार हो गयी। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र के स्कूटर इंडिया निवासी रीना राय का कहना है कि वह 15 सितंबर को सुबह 9 :30 बजे घर से ऑफिस के लिए निकली हुई थी। पीड़िता का कहना है कि जब वह स्कूटर इंडिया चौराहे से ऑफिस जाने के लिए खड़ी थीं तो पास में तीन और महिलाएं आकर खड़ी हो गयी। पीड़िता का कहना है कि जब वह स्कूटर इंडिया से हीरालाल कॉलेज की तरफ जा रही थी तो पास में साथ चल रही महिलाओं ने उन्हें कुछ सूंघा दिया। जिससे बेहोश हो गयी। वह महिलाएं बैठा कर अंगूठी ,मंगलसूत्र और बाला निकालकर चली गयी। पीड़िता का कहना है कि जब होश में आईं तो अपना बैग देखा तो उसमें सफेद रुमाल में कंकड पत्थर मिला और उसमें रखे जेवर नहीं मिले। पीड़ित महिला ने इसकी शिकायत सरोजनी नगर थाने में दर्ज कराई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

### गोसाईगंज में श्रीराम कथा अनुष्ठान कथा 11 से

**लखनऊ।** शिशु मंदिर इंटर कालेज गोसाईगंज के मैदान में 17 अक्टूबर तक चलने वाला श्रीराम कथा अनुष्ठान शनिवार से शुरू होगा। यहां होने वाले बाईसवें अनुष्ठान की सभी तैयारियां युग तुलसी श्रीराम कथा समिति द्वारा की जा रही हैं। मानस मर्मज्ञ कथा ऋषि पंडित उमाशंकर व्यास कथा पंडाल में राम नाम की अमृत वर्षा करेंगे। गोसाईगंज धाम में माता चतुर्भुजी मंदिर के समीप शिशु मंदिर इंटर कालेज के मैदान में श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ का बाईसवा अनुष्ठान 11 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होगी।

# अमीनाबाद में बिजली कटौती से व्यापार प्रभावित

## इधर अतिक्रमण हटता है, उधर दूसरे दिन से फुटपाथ पर फिर से हो जाता कब्जा, अतिक्रमण बन रहा व्यापार की प्रगति में रोड़ा : अमरनाथ मिश्र

» डीएम ने समिति गठित कर व्यापारिक समस्याओं को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए




विश्ववार्ता संवाददाता

**लखनऊ।** व्यापार बंधु की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अब्दुल कलाम हाल, कलेक्ट्रेट लखनऊ में सायं 4.30 बजे सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं व्यावसायिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमर नाथ मिश्र, वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा महामंत्री अनुराग मिश्रा, जितेंद्र सिंह चौहान अरुण अवस्थी आरिफ खा राजू शुक्ला सविता गोयल लव अरोड़ा रुबील आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में लखनऊ नगर के व्यापारियों को हो रही विभिन्न विभागीय समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। व्यापारियों द्वारा बताया गया कि नगर निगम, विद्युत विभाग, नगर विकास, एलडीए, पुलिस, यातायात आदि विभागों से जुड़ी समस्याएँ निरंतर बनी रहती हैं। अध्यक्ष अमर नाथ मिश्र ने कहा कि नगर निगम द्वारा एक बार अतिक्रमण हटाने के बाद कुछ ही दिनों में दोबारा दुकानें लग जाती हैं। हाल ही में रकबागंज पुल पर लगे सब्जी के ठेलों को हटाया गया था, जो एक सप्ताह में ही फिर से लग गए हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली के त्यौहार को देखते हुए सड़कों पर बढ़ते ट्रैफिक और भीड़ के कारण दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है, इसलिए प्रत्येक चौराहे पर पुलिस की तैनाती और बाजारों में अतिरिक्त गश्त आवश्यक है। नादान महल रोड पिछले वर्ष जल निगम के द्वारा लाइन बिछाने का कार्य किया गया था जिसके लिए सड़क खोदी गई थी जो कि आज भी बनाई नहीं गई है उस पर आए दिन कोई न कोई दुर्घटना होती रहती है जिसे तत्काल बनाया जाय। पवन मनोचा ने बताया कि प्रकाश लाइट की समस्या पूरे शहर में बनी हुई है जिसे निदान कराया जाए।नाका में अतिक्रमण भयावह रूप लिए है कई बार आपके द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया जा चुका फिर भी कोई कार्यवाही नहीं है आज तक सर्विस लेन में कूड़ा घर नहीं हैट पाया इसका क्या कारण है इस अहम मुद्दे पर जिलाधिकारी ने अपर नगर आयुक्त और डीसीपी ट्राफिक की अध्यक्षता में नाका क्षेत्र की समस्या पर कमेटी गठित कर गुरुवार को शाम 4:00 बजे नाका परिक्षेत्र व्यापार मंडल के व्यापारियों के साथ बैठक कर समस्या का निदान करेंगे।अनुराग मिश्रा ने कहा कि नक्खास बाजार में पुल के नीचे अतिक्रमण लगा हुआ है। जबकि पिछली बैठक में इसे हटाने का निर्णय लिया गया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अधिकारियों की उपस्थिति के बावजूद स्थिति यथावत बनी हुई है। चौक बाजार में मुख्य मार्ग पर वाहन खड़े रहते हैं, जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है और राहगीरों को असुविधा होती है। जितेंद्र सिंह चौहान ने अमीनाबाद बाजार में बिजली की समस्या अत्यधिक है। प्रतिदिन को 4 से 5 घंटे तक बिजली कटौती रहती है, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि पुराना लखनऊ में अमीनाबाद बाजार 200 वर्ष पुराने बाजार है परंतु बिजली सफाई सड़कें आज भी वैसी ही हैं जैसी वर्षों पहले थीं लखनऊ व्यापार मंडल की इकाई सहारा ट्रेड सेंटर की विधुत कटौती को तुरंत बहाल का आदेश जिलाधिकारी ने एक्सियन को दिया बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि व्यापारिक क्षेत्रों की इन समस्याओं पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही की जाए ताकि आगामी त्यौहारों में व्यापारियों एवं नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### आईटीसी का पैसा फसने से कैश फ्लो की समस्या

**लखनऊ।** एक ट्रेड में कर की दर समान होने पर केवल एक एसएचएन को रखा जाय, (ट्रेडर्स व्यापारियों के लिए) अन्यथा व्यापारियों पर अनावश्यक कागजी लिखा पढ़ी का बोझ बढ़ता है। जैसे रेडीमेड में शर्ट– टीशर्ट, पैन्ट, कोट, इत्यादि पर अलग अलग एसएचएन है जबकि कर की दर समान है, एसएचएन अलग अलग होने से व्यापारी को लिखा पढ़ी अत्याधिक करनी पड़ती है ऐसे में मैन्युवल रिर्टन फाइल करना तो सम्भव ही नहीं है। शुरू में सिस्टम की खामियां से व्यापारीयों को परेशानियों से सामना करना पड़ा, छोटे व्यापारियों को सिस्टम की तकनीकी खामियों पर पेनाल्टी एवं ब्याज का अतिरिक्त बोझ न डाला जाए। रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म (आरसीएम) जीएसटी के तहत माल ढुलाई पर टैक्स प्राप्तकर्ता (व्यापारी) को आरसीएम के तहत टैक्स भरना पड़ता है और उसी माह उसकी आईटीसी क्लेम कर ली जाती है ऐसे में व्यापारी को दोहरी लिखा पढ़ी करनी पड़ती है। चूंकि जीएसटी कॉउसिल के द्वारा धारा 9(3) को सस्पेंड कर रखा है। जीएसटी की मूल में धारा 9(3) में टैक्स ट्रान्सपोर्टर द्वारा वसूला जाना था और क्रेता व्यापारी को उसका आईटीसी क्लेम करना था। उक्त धारा सस्पेंड होने से व्यापारी को दोहरी लिखा पढ़ी नहीं करनी पड़ेगी, और ट्रान्सपोर्टरों पर भी लगाम लगाना सम्भव नहीं है। यदि सरकार को इस पर टैक्स नहीं लेना है तो सस्पेंड की जगह समाप्त कर देना चाहिए। कई ट्रेडों में कच्चे माल पर अधिक और तैयार माल पर कम टैक्स दर होने से आईटीसी का पैसा फंसने से कैश फ्लो की समस्या बनी रहती है। इसे ऑटो रिफन्ड होना चाहिए। जैसे बर्तन में स्क्रैप में 18 प्रतिशत, सर्विस में 18 प्रतिशत बर्तन बनने के बाद वह 5 प्रतिशत में आ जाता है। ऐसे में व्यापारी की आईटीसी 13 प्रतिशत फसी रहती है। ऐसे में यदि ऑटो रिफन्ड की व्यवस्था हो जाए तो व्यापारी अधिक माल खरीदकर कर सरकार को टैक्स देगा। रिफन्ड की वर्तमान प्रक्रिया अत्यधिक जटिल एवं धीमी। छोटे व्यापारियों को जीएसटी नियम समझने में कठिनाई होती है अतः उन्हें सरल बनाया जाय। वैट से स्थानांतरित व्यापारी की दूकान की चौहद्दी एवं प्रोपराइटर की फोटो के साथ दुकान की फोटो पोर्टल पर अपलोड है ऐसे में सत्यापन के नाम पर अधिकारी व्यापारियों का उत्पीड़न करते है। वैट की तरह नये पंजीयन की प्रारंभिक अवस्था में ही पूर्ण सत्यापन हो ताकि फर्जी फर्म बनाकर भाग न सके फर्जी फर्म भागने पर क्रेता व्यापारी को उसका दुष्परिणाम भुगतना पड़ता है।

### बिना अनुमति बैंक ने एफडी तोड़ लाखों उड़ाए, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** पीजीआई कोतवाली क्षेत्र में रहने वाले और इंडसइंड बैंक में खाता धारक की दो एफ डी उसकी बिना अनुमति तोड़कर बैंक ने लाखों रुपए उड़ा लिए, जानकारी होने पर पीड़ित ने बैंक मैनेजर से मिलकर इस धोखाधड़ी के बारे में सूचना दी,आरोप है कि शाखा प्रबंधक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका, पीड़ित ने बैंक कर्मियों पर आरोप लगाते हुए पीजीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर दी पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। प्रदीप बरनवाल , 591ए/785 बल्देव बिहार ,तेलीबाग ,कोतवाली पीजीआई लखनऊ में परिवार संग रहते हैं। उन्होंने पीजीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उनका खाता इंडसइंड बैंक शाखा आशियाना लखनऊ में है। जहां दो एफडी कराई थी। एक एफ डी 100000 रूपये की थी,दिनांक 22/11/2024 को 1 वर्ष के लिए कराई गई थी, जो कि 22/11/2025 को परिपक्व होनी थी। वहीं दूसरी एफ डी 1,लाख14000 की दिनांक 21/11/2024 को 2 वर्षों के लिए कराई गई थी, जिसकी परिपक्वता 2026 में थी, पीड़ित का आरोप है कि उपरोक्त दोनो एफ डी उनकी बिना अनुमति, बिना हस्ताक्षर एवं बिना किसी लिखित सहमति के तोड़ दिया गया। जब मोबाइल पर मैसेज प्राप्त हुआ तब शाखा लखनऊ से संपर्क किया। लेकिन वहां के शाखा प्रबंधक द्वारा कोई संतोष जनक उत्तर नहीं दिया गया।

# मर्द का दर्द कोई नहीं जानता : पवन सिंह

## पारिवारिक विवाद के चलते पवन ने की प्रेस कॉन्फ्रेस



विश्ववार्ता संवाददाता

**लखनऊ।** भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार पवन सिंह और उनकी पत्नी ज्योति सिंह के बीच चल रहा पारिवारिक विवाद थमता नजर नहीं आ रहा है। बुधवार को लखनऊ में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पवन सिंह ने पत्नी ज्योति पर कई गंभीर आरोप लगाए और कहा कि मर्द का दर्द कोई नहीं समझता।

पवन सिंह ने कहा कि मेरा और ज्योति का रिश्ता, हम दोनों और भगवान जानते हैं। घर के विवाद को कैमरे के सामने लाना ठीक नहीं। महिला की हर बात में आँसू गिरते हैं तो दुनिया देखती है, लेकिन मर्द का दर्द किसी को नहीं दिखता। मैं भी इंसान हूं और थक जाता हूं। एक दिन ज्योति अचानक घर पहुंचीं और कहने लगीं कि 'मैं यहाँ से नहीं जाऊंगी'। मैं मीटिंग में था, मोबाइल मेरे पास नहीं था। बाद में पता चला कि घर पर विवाद हो गया है। इसलिए सोचा कि अब घर नहीं जाऊंगा। अभिनेता ने कहा कि वह रात गाड़ी में ही काटते रहे, जबकि उनके मित्र ने ज्योति को सम्मानपूर्वक छोड़वाया। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि ज्योति का यह अपनापन' अचानक चुनाव से पहले क्यों जागा। पवन सिंह ने कहा कि ज्योति के पिता रामबाबू ने उनसे कहा था कि "पहले बेटी को विधायक बना दीजिए, बाद में जैसे चाहें रखिए या छोड़ दीजिए। उन्होंने बताया कि उनके और ज्योति सिंह के बीच तलाक का मामला आरा अदालत में चल रहा है, जबकि मेंटेनेंस का केस ज्योति की तरफ से बलिया में दायर किया गया है। कानून दोनों के लिए बराबर है और वे उसी के तहत अपना पक्ष रखेंगे।

गौरतलब है कि बीते रविवार को ज्योति सिंह अचानक लखनऊ स्थित पवन सिंह के घर पहुंचीं और प्रवेश न मिलने पर फूट-फूटकर रोईं। उन्होंने पवन पर कई गंभीर आरोप लगाए और कहा कि उन्हें घर में नहीं घुसने दिया गया तथा पुलिस बुला ली गई। ज्योति ने अपने इंस्टाग्राम पर पूरा वीडियो साझा किया, जिसके बाद विवाद और गरमाता गया।

# भू-माफियाओं के खिलाफ भाकियू भानू गुट का हल्ला बोल

## किसान अखिलेश ने जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत उठाई,अधिकारियों से की निष्पक्ष कार्रवाई की मांग





विश्ववार्ता संवाददाता

**मोहनलालगंज।(लखनऊ)।** भारतीय किसान यूनियन (भानू) गुट की ओर से सोमवार को मोहनलालगंज ब्लॉक परिसर में एक दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा ने की। बैठक में भारी संख्या में किसान कार्यकर्ता मौजूद रहे। किसानों ने सरकार की नीतियों और प्रशासनिक लापरवाही के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपनी समस्याओं को प्रमुखता से रखा।

बैठक के दौरान मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र के पूरनपुर गांव के रहने वाले किसान अखिलेश पुत्र स्व. अयोध्या प्रसाद नेअपनी समस्या रखते हुए बताया कि उनकी कृषि भूमि गाटा संख्या 286 रघुनाथ खेड़ा, परगना निगोहा पर हरिशंकर पुत्र स्व. महादेव निवासी रघुनाथखेड़ा द्वारा अवैध कब्जा किया गया है। उन्होंने बताया कि जब वह कब्जा हटवाने का प्रयास करते हैं तो विपक्षी पक्ष झगड़ा-फसाद करने लगते हैं और जान से मारने की धमकी देते हैं। किसान अखिलेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी शासनादेश 2017 के अनुसार भू-माफिया पर कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन उनकी शिकायतों के बावजूद अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की कि उनकी कृषि भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराकर उन्हें पुनः सुपुर्द किया जाए ताकि वह अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें। प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा ने कहा कि अगर किसानों की जमीनों पर अवैध कब्जा जारी रहा तो भारतीय किसान यूनियन भानू आंदोलन के लिए बाध्य होगी। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि गरीब किसानों की जमीनों पर कब्जा करने वाले भू-माफिया को बख्शा नहीं जाएगा।

बैठक में प्रवक्ता अनिल वर्मा, तहसील अध्यक्ष देवता दीन, युवा जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह, मीडिया प्रभारी अतिन मिश्रा, प्रदेश सचिव अखिलेश वर्मा, युवा नेता रविन्द्र वर्मा, तहसील उपाध्यक्ष संजय साहू, ग्राम अध्यक्ष छोटे लाल, टाइगर कुमार, पिंटू कुमार, गुड्डू वर्मा समेत कई पदाधिकारी एवं सैकड़ों किसान कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में किसानों ने एक स्वर में कहा कि जब तक गरीब किसानों को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

### गरीबों वंचितों की सेवा संकल्प के रूप में पुण्यतिथि मनाई


**काकोरी।** मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक काकोरी के हरदोई रोड दुर्गागंज चौराहे मीडिया कार्यालय पर लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक स्व0 राम विलास पासवान की पुण्यतिथि पर मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक काकोरी के दुर्गागंज चौराहे पर कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की। अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष संतोष रावत ने की। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश (मध्य) के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद रावत ने पुष्प अर्पित किए। कहा कि वो 5 दशक राजनीतिक जीवन में बने रहें और कभी उन पर किसी प्रकार का भ्रष्टाचार का आरोप नही लगा। महिला प्रकोष्ठ राष्ट्रीय महासचिव नीलम, जिला उपाध्यक्ष कमाल अहमद, राजेश रावत, दिनेश रावत,जाबिर अली, विजय रावत, आलोक कश्यप, संदीप जायसवाल, दीपक रहे।

# ललित सिंह पोखरिया को 'विद्या मिश्र लोक संस्कृति सम्मान

## प्रो0 सूर्यप्रसाद दीक्षित को 'डॉ. लक्ष्मीशंकर मिश्र 'निशंक' साहित्य सम्मान'

विश्ववार्ता संवाददाता

**लखनऊ।** डॉ. लक्ष्मीशंकर मिश्र निशंक साहित्य सम्मान-2025 से सुप्रसिद्ध साहित्यकार प्रो० सूर्यप्रसाद दीक्षित, लखनऊ को तथा विद्या मिश्र लोक संस्कृति सम्मान-2025 से ललित सिंह पोखरिया, लखनऊ को सम्मानित किये जाने का निर्णय डॉ. लक्ष्मीशंकर मिश्र निशंक अध्ययन संस्थान, लखनऊ द्वारा लिया गया है।





संस्थान द्वारा अब तक डॉ. दीन मोहम्मद 'दीन, मैनपुरी, माहेश्वर तिवारी, मुरादाबाद, उदय प्रताप सिंह, लखनऊ, डॉ. उपेन्द्र, लखनऊ, सरस कपूर, लखनऊ, डॉ. शिवओम अम्बर, फरुर्खाबाद, गोपाल चतुर्वेदी, लखनऊ, श्रीमती प्रमिला भारती, नई दिल्ली, डॉ. ओम निश्चल, नई दिल्ली व सूर्य कुमार पाण्डेय, लखनऊ को डॉ. लक्ष्मीशंकर मिश्र निशंक साहित्य सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। विद्या मिश्र लोक संस्कृति सम्मान से संस्थान द्वारा पूर्व वर्षों में प्रो. कमला श्रीवास्तव, लखनऊ, पद्मश्री डॉ. विद्या विन्दु सिंह, लखनऊ व सुश्री उषा सक्सेना, लखनऊ को सम्मानित किया जा चुका है।यह सम्मान आगामी 29 अक्टूबर, 2025 (बुधवार) को उदय प्रताप सिंह एवं आत्म प्रकाश मिश्र जी की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ के निराला सभागार में अपराह्न 3.30 बजे डॉ. लक्ष्मीशंकर मिश्र निशंक की 107वीं जयन्ती के अवसर पर आयोजित समारोह में दिया जायेगा।

सम्मान स्वरूप सम्मानित साहित्यकारों को ग्यारह-ग्यारह हजार रुपये की धनराशि, अंगवस्त्र, प्रतीक चिह्न, प्रशस्ति पत्र भेंट किया जायेगा।पुरस्कार दिये जाने का निर्णय संस्थान की निर्णायक समिति द्वारा सर्वसम्मति से लिया गया, जिसमें डॉ. कमला शंकर त्रिपाठी, प्रो. उषा सिन्हा, योगीन्द्र द्विवेदी व डॉ. आलोक मिश्र आदि सम्मिलित थे। इस दौरान साहित्य जगत से जुड़े कई लोग शामिल हुए।

# मानस नगर में 18 लाख से बनेगी सड़क, पार्षद ने किया शिलान्यास

विश्ववार्ता संवाददाता

**लखनऊ।** वार्ड सरोजनी नगर सेकेंड में मानस नगर कालोनी में रणविजय के घर से शिव कुमार अवस्थी फूफा के घर होकर दीपक सिंह के घर तक सड़क नाली सुधारनिर्माण कार्य का शिलान्यास पार्षद राम नरेश रावत एडवोकेट द्वारा किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम पूरी विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करके पार्षद राम नरेश रावत ने अपने पार्टी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में किया।


पार्षद रामनरेश रावत ने शिव कुमार अवस्थी फूफा से नारियल तुड़वाकर कार्य का शिलान्यास किया। पार्षद राम नरेश रावत ने बताया कि मानस नगर कालोनी में जलभराव रहता था। आम जनमानस को घरों से निकलने में बहुत ही समस्या होती थी। जनता दस सालों से गंदे पानी में चलने को मजबूर थी। इसी को देखते हुए 18 लाख रुपए की लागत से 100मीटर लंबी 6 मीटर चौंडी सड़क नाली सुधार का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। पार्षद रामनरेश रावत के साथ शिलान्यास कार्यक्रम में शिव कुमार अवस्थी फूफा, प्रीतम सिंह बृजेश मिश्रा एडवोकेट वीरेंद्र सिंह पुत्तन त्रिवेदी शंभू दयाल रणंजय सिंह राजन सिंह रजनीश अवस्थी अनुज अवस्थी विमला परमार रमा शर्मा निर्मला देवी कौशल यादव बाबी सिंह रुद्र प्रताप सिंह अवधेश प्रताप सिंह व कालोनी के तमाम लोग उपस्थिति रहे। पार्षद रामनरेश ने बताया महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विधायक राजेश्वर सिंह सरोजनी नगर की वजह से वार्ड में विकास कार्य हो रहे है।

**आधुनिक कला** भारतीय कला जगत के लिए यह केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि एक सजीव इतिहास–दर्शन है

# भौमिक केवल कलाकार नहीं थे, वे अपने समय के इतिहास लेखक हैं

विश्ववार्ता संवाददाता

**लखनऊ।** इन दिनों दिल्ली के ऐतिहासिक बीकानेर हाउस में देश के जाने माने चित्रकार, लेखक अशोक भौमिक जी का रेट्रोस्पेक्टिव प्रदर्शनी शीर्षक 'लिमिनल लाइन्स चल रही है। यह प्रदर्शनी 4 अक्टूबर को प्रारंभ हुई है।



अशोक भौमिक सेलिब्रेटिंग 50 इयर्स ऑफ आर्टिस्टिक इन्क्वायरी एंड ह्यूमन रिफ्लेक्शन' भारतीय कला जगत के लिए यह केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि एक सजीव इतिहास-दर्शन है। यह प्रदर्शनी धूमिमल गैलरी द्वारा आयोजित की गई है। धूमिमल गैलरी एक ऐसी संस्था जिसने स्वयं भारतीय आधुनिक कला के विकास को अपनी दीवारों पर दर्ज किया है। अशोक भौमिक के पाँच दशकों के सृजन को समेटे यह रेट्रोस्पेक्टिव, प्रोफेसर राजन श्रीपद फुलारी के क्यूरेशन में, भारतीय चित्रकला की एक गहन आत्मयात्रा प्रस्तुत करता है। अशोक भौमिक जी का नाम भारतीय समकालीन कला में उस कलाकार के रूप में लिया जाता है जिसने क्रॉस-हैचिंग जैसी तकनीक को एक स्वतंत्र और आत्मनिर्भर कला भाषा का रूप दिया। जहाँ यह तकनीक प्रायः छायांकन के सहायक उपकरण के रूप में प्रयोग होती रही, वहीं भौमिक ने इसे संवेदना, संरचना और मनोभाव के केंद्र में रखकर उसे एक जीवंत संवाद माध्यम बना दिया। उनकी रेखाएँ केवल आकृतियों को गढ़ती नहीं वे विचार, समय और समाज के भीतर जमी परतों को उकेरती हैं।

प्रदर्शनी में उनके शुरुआती श्वेत-श्याम रेखाचित्रों से लेकर हाल के बड़े आकार के कैनवस और मूर्तिकृत रूपों तक की यात्रा दिखाई गई है। इन रचनाओं में 'कोल माइन सीरीज़', 'वारली सीरीज़', 'जय हो', 'बुल सीरीज़' और 'अमीना एंड द बर्ड' जैसी श्रृंखलाएँ उनकी विषयगत विविधता और मानवीय सरोकारों की गहराई को दर्शाती हैं। कोल माइन सीरीज़ जहाँ श्रमिक वर्ग के संघर्ष और जीवन की काली कठोरता को रेखांकित करती है, वहीं अमीना एंड द बर्ड सीरीज़ में जीवन की नाजुक कोमलता और साहस का रूपक मिलता है। भौमिक जी की रेखाएँ अत्यंत अनुशासित हैं वे न तो भावनाओं के प्रवाह में बहती हैं, न ही उन्हें दबाती हैं। उनमें एक बौद्धिक अनुशासन और भावनात्मक गहराई का संतुलन है। यही संयम उनकी कला को विशिष्ट बनाता है। उनकी कृतियाँ यह याद दिलाती हैं कि चित्रकला केवल दृश्य अनुभव नहीं, बल्कि नैतिक और मानवीय चिंतन का विस्तार भी है। क्यूरेटर राजन श्रीपद फुलारी ने इस प्रदर्शनी को जिस तरह से संरचित किया है, वह कलाकार के समय-क्रम के साथ-साथ उसकी वैचारिक प्रगति को भी उजागर करता है। फुलारी का कहना है कि "भौमिक केवल कलाकार नहीं, वे अपने समय के इतिहासलेखक हैं"—यह कथन इस प्रदर्शनी में पूर्णतः साकार होता है। प्रत्येक रचना अपने भीतर समय की गवाही और आत्मदर्शन का दस्तावेज़ बन जाती है। धूमिमल गैलरी, जिसने भारतीय कला इतिहास में हुसैन, सूज़ा, स्वामीनाथन और कृष्ण खन्ना जैसे दिग्गजों को मंच दिया, भौमिक के इस रेट्रोस्पेक्टिव के लिए सबसे उपयुक्त स्थल प्रतीत होती है। गैलरी की परंपरा और भौमिक की साधना—दोनों भारतीय कला के उस सतत संवाद का हिस्सा हैं।

जिसमें परंपरा और आधुनिकता, रेखा और विचार, शिल्प और आत्मा एक-दूसरे में घुलमिल जाते हैं। यह प्रदर्शनी न केवल अशोक भौमिक जी की व्यक्तिगत उपलब्धि का उत्सव है, बल्कि भारतीय कला के उस गंभीर और संवेदनशील पक्ष का भी उत्सव है जो आज भी मानवीय अनुभूति की गहराई में विश्वास रखता है। 'लिमिनल लाइन्स' इस बात की याद दिलाती है कि कला अपने समय की गवाह भी होती है और भविष्य की दिशा भी। यह प्रदर्शनी उनके जीवन-दृष्टिकोण, संवेदनाओं और मानवीय अनुभवों की गहन झलक देती है। भौमिक जी की स्त्री–पुरुष आकृतियाँ, चिड़ियाँ, कठपुतलियाँ और हाथों की सूक्ष्म मुद्राएँ पहले प्रतीकात्मक प्रतीत होती हैं, पर कुछ क्षणों में ये जीवंत हो उठती हैं और दर्शक की स्मृतियों व अनुभूतियों को जाग्रत करती हैं।

उनकी कला में प्रेम, विरह, दैनंदिन चिंताएँ और लौकिक-अलौकिक का संतुलन सहज रूप से बुना गया है। रंग और रेखा की अनूठी भाषा, काले-सफेद के सौंदर्य–खेल, और चित्र-मूर्तिशिल्प का संवाद दर्शक को ठहरने और अनुभव साझा करने के लिए आमंत्रित करता है। प्रदर्शनी का डिस्प्ले कला और संवेदना के बीच संवाद को सशक्त बनाता है।

## एक नजर

### कैंसर के इलाज में सही पोषण है जीवनरक्षक

लखनऊ। संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के हेड एंड नेक सर्जरी विभाग की ओपीडी में बुधवार को राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर डिपार्टमेंट ऑफ डायटेटिक्स द्वारा "कैंसर, कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी में पोषण देखभाल" विषय पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. अमित केशरी (एचओडी, हेड एंड नेक कैंसर) ने कहा कि कैंसर के उपचार में दवाओं के साथ सही आहार की भी अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि पौष्टिक भोजन से न केवल रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है बल्कि कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी के दुष्प्रभावों को भी कम किया जा सकता है। डॉ. एल. के. भारती (पीडियाट्रिक्स विभाग) ने बच्चों को प्रतिदिन एक से दो घंटे आउटडोर गतिविधि करने, पर्याप्त नींद लेने और संतुलित भोजन अपनाने की सलाह दी। डॉ. नाज़रीन हमीद ने कहा कि यदि सी-रिएक्टिव प्रोटीन बढ़ा हो तो चिकित्सक से परामर्श लेकर मैक्रो व माइक्रोन्यूट्रिएंट्स का संतुलन बनाए रखना चाहिए। डॉ. इंदु शुक्ला ने बताया कि मुख कैंसर के मरीजों के लिए संतुलित पोषण बेहद जरूरी है ताकि इलाज के दौरान वज़न और मांसपेशियों का नुकसान न हो। वरिष्ठ डायटिशियन अर्चना सिंघा ने कहा कि "प्रिवेंशन इज़ बेटर दैन क्योर" को जीवन का मंत्र बनाना चाहिए। डॉ. निरुपमा सिंह ने प्रोटीनयुक्त भोजन, हल्के व्यायाम और पर्याप्त जल सेवन को आवश्यक बताया। मोनिका दीक्षित ने कहा कि संतुलित थाली में सभी पोषक तत्व शामिल होने चाहिए, न कि केवल दाल-चावल या सब्ज़ी-रोटी तक सीमित रहना चाहिए। वरिष्ठ डायटिशियन शिल्पी त्रिपाठी ने कहा कि डॉक्टर, डायटिशियन, नर्स, मरीज और अस्पताल टीम के सामूहिक प्रयास से कैंसर उपचार और आहार अधिक प्रभावी हो सकता है। डायटिशियन टीम (प्रीति यादव, दीपा मिश्रा, आयशा खातून, अम्ना ग़ज़ल, प्रतिभा, शाज़िया, आकांक्षा और मोनी) ने क्विज़ व गेम्स का आयोजन किया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### स्कूल के पास टावर निर्माण से अभिभावकों में चिंता



तेलीबाग, (लखनऊ)। रथीन्द्र नगर स्थित स्वामी विवेकानन्द बालक एवं बालिका विद्यालय के सामने टावर निर्माण को लेकर इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। विद्यालय प्रबंधन और स्थानीय लोगों ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए खरिका प्रथम वार्ड के पार्षद को लिखित शिकायत सौंपी है। विद्यालय प्रशासन व स्थानीय नागरिकों द्वारा हस्ताक्षरित पत्र में कहा गया है कि स्कूल के बेहद निकट लगाए जा रहे इस टावर से निकलने वाली रेडिएशन बच्चों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा साबित हो सकती है। स्थानीय निवासी आशीष तिवारी प्रिंशु ने बताया कि "जैसे ही जानकारी मिली कि यहां टावर लगाया जा रहा है, आसपास के लोगों ने विरोध जताया, लेकिन टावर मालिक ने किसी की नहीं सुनी और निर्माण जारी रखा। विद्यालय प्रबंधन ने पार्षद से अपील की है कि बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए इस पर तुरंत रोक लगाई जाए या आवश्यक कार्यवाही की जाए। लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन ने समय रहते कदम नहीं उठाया, तो भविष्य में बच्चों पर रेडिएशन का नकारात्मक असर पड़ सकता है। अभिभावकों ने भी प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

### अभिमान सभी दुखों का मूल है : चिदंबरानंद



लखनऊ। जानकीपुरम विस्तार की सूर्या अकादमी में एक सप्ताह से चल रही भागवत कथा के सातवें दिन का शुभारंभ एस आर इंटरनेशनल स्कूल बख्शी का तालाब की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत भगवान शिव, राम व राष्ट्र वंदना पर आधारित नृत्य नाटिका से हुआ। छात्राओं की प्रस्तुति से पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया। अभिमान पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए स्वामी चिदंबरानंद जी ने कहा कि अभिमान और घमंड सभी दुखों का मूल कारण है। जब तक अभिमान रहता है तब तक स्वभाव बिगड़ा रहता है। अभिमान औरों को दुख देता है। अभिमान से ईश्वर को प्राप्त नहीं किया है सकता। इसलिए अभिमान का त्याग सर्वदा उचित है। स्वामीजी ने कहा कि अभिमान न होने का भी अभिमान करना दुख ही देगा। स्वामी जी ने भगवान कृष्ण की रासलीला का वर्णन करते हुए कहा कि रासलीला वास्तव में योग लीला है। कथा में स्वामी कृष्णानंद जी, जज ए के सक्सेना, डॉक्टर भानु प्रताप सिंह, एडवोकेट अभय कुमार दीक्षित, सुनील कुमार गुप्ता तथा स्थानीय पार्षद दीपक लोधी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। श्री हरिहर सेवा समिति के मंत्री ए के श्रीवास्तव ने बताया कि गुरुवार को विशाल भंडारे के साथ कथा विश्राम लेगी। समिति के अध्यक्ष आर के मिश्रा ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया।

### सहारा को लखनऊ हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत

लखनऊ। सहारा को हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच से राहत नहीं मिली है। सहारा समूह ने 7 अक्टूबर को लखनऊ नगर निगम की सहारा शहर में की जा रही कार्रवाई को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा और न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार राय की पीठ ने आज यानी 8 अक्टूबर को याचिका पर सुनवाई की। न्यायालय ने याचिका पर विचार करते हुए राज्य सरकार और नगर निगम से जवाब-तलब किया। सहारा शहर के भीतर मौजूद मवेशियों को कान्हा उपवन ले जाने का भी आदेश दिया। मामले की अगली सुनवाई 30 अक्टूबर को होगी। सहारा की ओर से दायर याचिका में नगर निगम द्वारा जारी आदेशों को अवैध और मनमाना करार दिया गया है। कंपनी ने 8 और 11 सितंबर 2025 को नगर निगम द्वारा पारित आदेशों को निरस्त करने की मांग की है। याचिका में कहा गया है कि निगम ने सहारा शहर में लीज पर दी गई जमीनों और उन पर बनी संपत्तियों में अवैध हस्तक्षेप किया, जबकि इन परिसंपत्तियों पर सहारा का वैध स्वामित्व और विकास अधिकार है। सहारा का कहना है कि इस विवाद से जुड़ा मामला पहले से सिविल कोर्ट में विचाराधीन है और अदालत ने यथास्थिति बनाए रखने का आदेश भी दिया है। इसके बावजूद नगर निगम ने कार्रवाई शुरू कर दी, जो न्यायालय के आदेश की अवहेलना है। कंपनी ने यह भी कहा है कि कार्रवाई से पहले उसे अपना पक्ष रखने का अवसर नहीं दिया गया, जिससे प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन हुआ है।

### अधिकारियों को नहीं मिल रही खामियां, उठे सवाल

लखनऊ। कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण करने वाले बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों को मौके पर खामियां नहीं दिख रही थीं। स्कूल की वार्डन द्वारा छात्राओं के साथ मारपीट, टॉयलेट साफ कराने और उत्पीड़न का इन्हें पता नहीं चला था। इन अधिकारियों ने हर सप्ताह और महीने प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड की गई निरीक्षण रिपोर्ट में सब बढ़िया बताया था। अब विद्यालय की छात्राओं ने मारपीट और अन्य आरोप लगाते हुए संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी से शिकायत की है। प्रारंभिक जांच में आरोप सही भी पाए हैं। ऐसे में इन अधिकारियों के साप्ताहिक और मासिक निरीक्षण की पोल खोल दी है। डीएम के निर्देश पर मामले की जांच कर रही कमेटी को विभागीय अधिकारियों के निरीक्षण पर संदेह है। प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा ने वर्ष 2025 के निरीक्षण और छात्राओं की सहूलियत और सुरक्षा के लिए सख्त नियम और गाइड लाइन जारी की थी।

### क्लासरूम की डेस्क और कुर्सियां जलकर राख

लखनऊ। आशियाना के स्मृति उपवन, जेल मार्ग स्थित कंप्यूटर सेंटर में अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन आलमबाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। एफएसओ आलमबाग ने बताया कि फायर स्टेशन आलमबाग को घटना की सूचना मिली कि आशियाना स्थित यूटीआई कंप्यूटर सेंटर में आग लगी है। टीम घटनास्थल पर पहुंची तो देखा कि आग सेंटर की दूसरी मंजिल पर लगी थी। स्थानीय लोगों ने आग लगने के बाद समर सेबल से पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश कर रहे थे। टीम ने आग को पूरी तरह बुझाकर वेंटिलेशन का कार्य किया। आग में क्लासरूम की डेस्क और कुर्सियां जलकर राख हो गई। बिल्डिंग के मालिक कौशल मौर्य है, जो सेक्टर- एल, एलडीए कॉलोनी, आशियाना रहते हैं। फायर टीम ने पूरी कार्रवाई के बाद यूनिट को सुरक्षित रूप से वापस लौट आई।

# जीएसटी रिफॉर्म से जनता में बढ़ेगी परचेजिंग पावर: भाजपा

विश्ववार्ता संवाददाता

लखनऊ। उत्तर विधानसभा में निरालानगर स्थित जेसी गेस्ट हाउस में व्यापारी सम्मेलन कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने की। मुख्य अतिथि एलएमसी मुकेश शर्मा, उत्तर विधायक डॉ नीरज बोरा ने उपस्थित वरिष्ठ व्यापारियों को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया।

लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने देश के व्यापारियों और उपभोक्ताओं को बड़ा तोहफा दिया है। सरकार ने 12 और 28 प्रतिशत वाले जीएसटी स्लैब को समाप्त कर आम जनता को सीधा लाभ पहुंचाया है। आत्मनिर्भर भारत की दिशा में यह ऐतिहासिक कदम है। केंद्र और प्रदेश सरकार व्यापारी वर्ग के विकास व समृद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। मुख्य अतिथि एलएमसी मुकेश शर्मा ने कहा कि भारत के लिए भारत की अर्थव्यवस्था के लिए एक वरदान के रूप में है 1 जुलाई 2017 को जीएसटी पूरे देश भर में लागू हुआ यह भागीरथी प्रयास था। जीएसटी लागू होने के बाद क्योंकि यह नई व्यवस्था लागू हुई थी उसके अभ्यस्त होने में व्यापारियों को कुछ समय लगा धीरे-धीरे और हम सब उसके लिए अभ्यास हो गए तब हमें मालूम पड़ा कि जीएसटी से किस प्रकार से हमें लाभ हुआ है एक देश एक टैक्स का रूप देते हुए जीएसटी लागू किया गया और जीएसटी लागू होने के बाद उसके बाद जो अभी प्रधानमंत्री मोदी जी ने पूरे देश को नवरात्रि के अवसर पर जीएसटी रिफॉर्म में 5% 12% 18 और 28% उसमें दो स्लैप 12 और 28% का समाप्त करके देश में सिर्फ दो स्लैप 5% और 12% का स्लैप देश भर में लागू करके व्यापारियों और जनता को एक बहुत बड़ी राहत दी और भारत की अर्थव्यवस्था को एक बड़ी तेजी तक देने का काम किया। और अब जो यूनिफॉर्म हुआ है जो जीएसटी में वस्तुओं में राहत मिली है दिनचर्या में उपयोग आने वाली चीजों में लगभग तमाम चीजों में एक बड़ा परिवर्तन टैक्स में आया है और इससे जो बचत होने वाली है एक अनुमानित बचत 48000 करोड रुपए की होने वाली है और स्टेट बैंक में जब इसका अनुमान लगाया जिसका जिक्र कि बाजार में कितना बड़ा परचेसिंग पावर बढ़ाने वाली है वह स्टेट बैंक के अनुसार लगभग चार गुणा होने वाली है और लगभग 2 लाख करोड रुपए की परचेस पावर बढ़ाने वाली है हम संपूर्ण भारत की बात करें तो जीडीपी में इस रिफॉर्म से जो बदलाव आने वाला है जीडीपी में पॉइंट 2 से लेकर पॉइंट 3% की बढ़ोतरी होने वाली है।

यह ऐतिहासिक कदम है पूरे देश के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी ने जो रिफॉर्म किया उससे देश की देश की अर्थव्यवस्था को रफ्तार मिलेगा। अभियान प्रदेश सहसंयोजक विधायक डॉ नीरज बोरा बताया कि केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधारों से व्यापारी वर्ग को राहत मिली है। कारोबार में पारदर्शिता आई है और राजस्व प्रणाली मजबूत हुई है। 2014 में जीएसटी लागू होने के बाद से देश में तरक्की के नए रास्ते खुले हैं। जीएसटी कम होने से व्यापार को गति मिलेगी और बाजारों में रौनक बढ़ेगी। उन्होंने व्यापारियों से इस राहत का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाने और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया।जीएसटी ने देश में वन नेशन, वन टैक्स की अवधारणा को साकार किया है।

लखनऊ महानगर उपाध्यक्ष धनश्याम दास अग्रवाल, डॉ विवेक सिंह तोमर, अशोक तिवारी, टिंकू सोनकर, सौरभ वाल्मीकि, अनुराग साहू, मंडल अध्यक्ष रमन निगम, चंद्र शेखर गुप्ता, संजय तिवारी, शैलेन्द्र मौर्या, पार्षद मसूद अली, पार्षद प्रतिनिधि सुदर्शन कटियार, व्यापारी नेता भारत भूषण गुप्ता, मनीष गुप्ता, मनोज सिंह, बिल्लू, एवं व्यापारी नेतागण उपस्थित रहें।

### भारत को वैश्विक स्तर पर विनिर्माण नवाचार और सेवा क्षेत्र में अग्रणी बनाना है



काकोरी। भारतीय जनता पार्टी जिला लखनऊ द्वारा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत जिला कार्यालय पर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया पत्रकार वार्ता में जिला अध्यक्ष विजय मौर्य ने देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों और योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य केवल उत्पादन बढ़ाना नहीं बल्कि भारत को वैश्विक स्तर पर विनिर्माण नवाचार और सेवा क्षेत्र में अग्रणी बनाना है। साथ ही आत्मनिर्भर ग्राम योजना के अंतर्गत गांव स्तरीय स्व रोजगार केंद्र खोले जाएंगे और मुद्रा योजना, स्टार्टअप इंडिया आदि योजनाओं के माध्यम से लोगों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी आत्मनिर्भर भारत के पांच स्तंभ अर्थव्यवस्था ,इंफ्रास्ट्रक्चर, प्रणाली ,जनसंख्या और मांग पर जिला अध्यक्ष विजय मौर्य द्वारा विस्तार से चर्चा की गई। मलिहाबाद विधायक जय देवी, बक्शी का तालाब विधायक योगेश शुक्ला, अभियान के संयोजक कामता प्रसाद रावत अभियान के सहसंयोजक संजेश सिंह, रत्ना पांडे और जिला उपाध्यक्ष अरविंद यादव उपस्थित रहे।

## बरेली में बुलडोजर से लोगों को किया जा रहा प्रताड़ित : अखिलेश

### सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट आदेश हैं कि कानूनी प्रक्रिया अपनाए बिना बुलडोजर का इस्तेमाल न किया जाए

विश्ववार्ता संवाददाता



बरेली। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर प्रेस वार्ता कर बताया मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि बरेली में बेगुनाहों की गिरफ्तारी कर उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। लोगों को बुलडोजर से प्रताड़ित किया जा रहा है, जबकि सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट आदेश हैं कि कानूनी प्रक्रिया अपनाए बिना बुलडोजर का इस्तेमाल न किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि कानून के राज में बुलडोजर की जगह नहीं है। उन्होंने पार्टी नेताओं के जरिए पीड़ितों को संदेश भेजा है कि वे जल्द आकर उनसे मिलेंगे।

रामपुर से आजम खां से मुलाकात करने के बाद वापस लखनऊ जाते समय यहां त्रिशूल हवाई अड्डे पर थोड़ी देर के लिए रुके अखिलेश यादव ने सपा नेताओं से मुलाकात के दौरान यहां चल रही प्रशासन और पुलिस की ज्यादतियों पर आक्रोश जताया है। उन्होंने कहा कि उन्हें पीड़ितों से मिलने से सरकार आखिर कबतक रोकेगी? उन्होंने कहा कि वे जल्द यहां आकर पीड़ितों से मिलेंगे। उन्होंने पार्टी नेताओं से कहा कि वे जनता को जाकर संदेश दें कि सपा पूरी तरह से उनके साथ हैं।

उन्होंने कहा कि वे बेगुनाहों के उत्पीड़न के खिलाफ संसद से लेकर सड़क तक आवाज उठाएंगे। जरूरत पड़ी तो इस मामले में अदालत में दस्तक देकर पीड़ितों को इंसाफ दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि कानून के राज में बुलडोजर की कोई जगह नहीं है। उनसे मुलाकात करने वालों में आंवला के सांसद नीरज मौर्य, पूर्व सांसद और सपा के वरिष्ठ राष्ट्रीय नेता वीरपाल सिंह यादव, विधायक अताउर्रहमान, शहजिल इस्लाम, जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप और महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी और संगठन के दूसरे कई नेता मौजूद रहे।

प्रेस वार्ता में बहेडी विधायक आतयुर रहमान, पूर्व राज्यसभा सांसद वीरपाल यादव पूर्व विधायक सुल्तान बैग ,जिला अध्यक्ष शिक्षण कश्यप, महानगर अध्यक्ष सलीम खान सुल्तानी, जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र यादव, महानगर उपाध्यक्ष दीपक शर्मा, कोषाध्यक्ष अशोक यादव शहीद कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नगर पंचायत धौंराटांडा के संविदा सफाई कर्मियों का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

विश्ववार्ता संवाददाता

भोजीपुरा। बरेली, धौंराटांडा नगर पंचायत के संविदा कर्मचारियों ने कार्यालय गेट पर आज से अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया।

सफाई कर्मचारियों ने मांगे पूरी न होने तक धरना जारी रखने की चेतावनी दी है। धरने पर मौजूद संविदा सफाई कर्मचारियों ने बताया कि सफाई नायक राकेश कुमार की मृत्यु के बाद पद रिक्त है।नगर पंचायत धौंराटांडा प्रशासन ने अस्थाई रूप से संविदा सफाई कर्मी दिनेश कुमार को सफाईनायक बना दिया।सफाई कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि अस्थाई तौर पर बनाए गए सफाई नायक दिनेश कुमार सफाई कर्मचारियों के साथ अभद्रता करते हैं।

सफाई कर्मचारियों से प्रत्येक माह पैसे लेते है और पैसा न देने पर गैर हाजिरी लगा देते हैं। यही नहीं नौकरी से निकलवाए जाने की धमकी देते हैं। सफाई कर्मचारियों का कहना कि करीब 90 कर्मचारी हैं लेकिन 60 से 65 कर्मचारी ही काम करते हैं। 25 कर्मचारियों को साथ में काम करने की बात तो दूर कभी चेहरा भी नहीं देखा है।

कर्मचारियों ने अस्थाई सफाई नायक हटाए जाने व प्रतिमाह उनसे होने वाली उगाही को बंद करवाए जाने के साथ घर बैठे वेतन लेने वाले सभी कर्मचारियों को काम पर लगाए जाने की मांग की है। कर्मचारियों ने धरना स्थल पर जमकर नारेबाजी की। अधिशासी अधिकारी संदीप चंद्रा ने बताया कि सफाई कर्मचारियों के आरोप निराधार हैं। जो कर्मचारी घर बैठे वेतन ले रहे उनके नाम बताएं। अधिशासी अधिकारी ने कहा सफाई कर्मी शराब पीकर कार्यालय पर आते हैं और अपनी ऐबजी में कुछ पैसा देकर दूसरे को भेज देते हैं वह ठीक से सफाई कार्य नहीं करता है।

### गांव में मिट्टी की डांग गिरने से दो बहन दबी, एक की मौत एक गंभीर

बरेली। फरीदपुर थाना क्षेत्र में करवा चौथ की तैयारी को लेकर घर की लिपाई करने के लिए मिट्टी खोदने गई दो बहनों के ऊपर मिट्टी की ढांग गिर गई, जिससे वह दोनों दब गईं। एक किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे गंभीर हालत में अस्पताल बरेली के एक अस्पताल में भर्ता कराया।

फरीदपुर थाना क्षेत्र के सब्दलपुर गांव निवासी महिपाल सिंह यादव ने बताया कि उनकी पुत्री प्रियंका (12) व शिवानी (13) करवा चौथ। दीपावली की तैयारी को लेकर घर की लिपाई करने के लिए बुधवार सुबह तालाब के किनारे मिट्टी लेने गई थीं। इसी दौरान मिट्टी की ढांग भरभरा कर गिर गई। जिसके नीचे दोनों दब गई। प्रभारी निरीक्षक निरीक्षक फरीदपुर राधेश्याम ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही परिजन व ग्रामीणों ने मिट्टी हटाकर दोनों बहनों को निकाला। लेकिन प्रियंका की मौके पर ही मौत हो गई थी।

## धूमधाम से शुरू हुई 69वीं जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता

### जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने किया शुभारंभ, 45 विद्यालयों के छात्र-छात्राएं ले रहे हैं भाग

विश्ववार्ता संवाददाता



शाहजहांपुर। स्वर्ण जयंती स्टेडियम (ओसीएफ) में बुधवार को तीन दिवसीय 69वीं जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता (बालक/बालिका वर्ग) का शुभारंभ हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में किया गया। शुभारंभ अवसर पर छात्रों की मुस्कान और पटाखों की गूंज ने वातावरण को उल्लासमय बना दिया।

मुख्य अतिथि जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह तथा विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अपराजिता सिंह सिनसिनवार ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन, ध्वजारोहण एवं मार्चपास्ट को सलामी देकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान जिलाधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक ने शांति एवं सफलता के प्रतीक के रूप में गुब्बारे उड़ाकर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की शुरुआत रंगोली आर्य कन्या इंटर कॉलेज एवं आर्य महिला इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत से हुई। इसके बाद आर्य महिला इंटर कॉलेज, आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज और सुदामा प्रसाद बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि खेलों में हार-जीत नहीं, बल्कि खेल भावना और सक्रिय सहभागिता ही वास्तविक विजय है। वहीं जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने विद्यार्थियों से खेल को अनुशासन, समर्पण और सद्भाव के साथ खेलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि "खेल न केवल शरीर को मजबूत बनाते हैं बल्कि जीवन में सफलता की राह भी दिखाते हैं। इस प्रतियोगिता में जनपद के 45 विद्यालयों के छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं, जिनके बीच 20 वर्गों की 96 प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिता का पहला इवेंट 800 मीटर बालक सीनियर वर्ग से प्रारंभ हुआ।

मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु उपाध्यक्ष श्रीमती दिव्या गुप्ता (जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी), क्रीड़ा पदाधिकारी आयोजक अनिल कुमार, सचिव कैप्टन राम कुमार, संयोजक अमीर सिंह, सह संयोजक जे.पी. मौर्या, सह संयोजिका राखी मिश्रा, कोषाध्यक्ष लेफ्टिनेंट मोहम्मद अयूब, प्रधानाचार्य संजय कुमार मौर्य, शाहबाज आलम, सोनिया गुप्ता, अनुपमा मौर्य, शाइस्ता नसीम, पूनम रानी, अल्पना सिंह, अवधेश अरुण, मिहिर फिलिप, संजय कपूर, ओमप्रकाश आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन अनिल मालवीय तथा सह संचालन राकेश कुमार ने किया। आयोजन को सफल बनाने में खेल शिक्षक रत्नेश शुक्ला, राहुल सिंह, गुरमीत सिंह, सुमित सिंह, अंग्रेश सिंह व पवन कुमार राजपूत का विशेष योगदान रहा। लेखा कार्य में नवाब अली अंसारी, रामफल सिंह, शिवेंद्र कुमार, संजय शुक्ला, विनोद कश्यप एवं राम कुमार वर्मा की भूमिका सराहनीय रही।

## मुख्य विकास अधिकारी ने एक दिन के लिए सौंपी दो छात्राओं को अपनी कुर्सी

विश्ववार्ता संवाददाता



बरेली। बेटियों को सशक्तिकरण का संदेश देने के लिए विकास भवन में मिशन शक्ति (फेज 05) अभियान के अंतर्गत 02 मेधावी छात्राओं को सांकेतिक रूप से एक दिन के लिए मुख्य विकास अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई।

इस अवसर पर सर्वोदय जन कल्याण इंटर कॉलेज ,भमोरा की इंटरमीडिएट की छात्रा डिम्पल मौर्य और तूबा खान को मुख्य विकास अधिकारी देवयानी द्वारा आज अपनी कुर्सी सौंपी गई। मुख्य विकास अधिकारी की कुर्सी पर बैठकर डिंपल मौर्य ने कहा कि आज वह गौरवान्वित महसूस कर रही हैं। इसके साथ की दोनों छात्राओं ने मुख्य विकास अधिकारी के दायित्वों को भी बारीकी से समझा। दोनों छात्राओं ने मुख्य विकास अधिकारी से आगे की पढ़ाई के बारे में भी विस्तार से जानकारी हासिल की। छात्राओं से बात करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि एक दिन के सांकेतिक अधिकारी बनाने का मकसद छात्राओं को प्रशासनिक विभागों के बारे में जानकारी मुहैया कराने के साथ साथ उनके मन में भी इस भावना को जगाना है कि भविष्य में सशक्त बनकर छात्राएं लोगों की सेवा कर सकती है।

उन्होंने छात्राओं को पढ़ाई के साथ साथ पाठ्येतर गतिविधियों पर भी ध्यान देने की बात कही। मुख्य विकास अधिकारी ने दोनों छात्राओं को विकास विभाग के अंतर्गत आने विभागों और विकास कार्यों के बारे में भी बताया।

### ट्रालियां चोरी करने वाले 3 आरोपियों पर पुलिस ने लगाया गैंगस्टर

भोजीपुरा। बरेली पुलिस ने संगठित गिरोह बनाकर ट्रालियां व कृषि यंत्रों की चोरी करने व शराब के अवैध धंधे के तीन आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर उन्हें जेल भेज दिया गया। भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव घुरसमसपुर निवासी सर्वेश, अमर पाल पुत्रगण तोता राम निवासी घुरसमसपुर व सूरज पुत्र रमेश निवासी कमुआं मकरूका थाना भोजीपुरा हाल निवासी गांव दोहना पीतमराय थाना भोजीपुरा तीनों संगठित गिरोह बनाकर ट्रैक्टर से रात में गांवों से ट्रालियां व रूटावेटर चोरी करते थे। साथ ही अवैध रूप से देशी शराब बनाकर ठेकों पर सप्लाई करते थे। भोजीपुरा पुलिस ने गत वर्ष उक्त तीनों आरोपियों के दोहना पीतमराय स्थित जंगल में बने ठिकाने से चोरी की ट्रालियों, रुटावेटर व अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया था।

## गैर जनपदों से की जा रही धान खरीद पर बबाल, किसानों ने रोके ट्रक

विश्ववार्ता संवाददाता

पीलीभीत। संयुक्त किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय राइस मिलर्स पर बाहरी जिलों से रातोंरात धान खरीद करने और जनपद के किसानों की तौल न करने का आरोप लगाते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगाकर नारेबाजी की। किसानों ने गैर कानूनी तरीके से जनपद में प्रवेश कर रहे धान के ट्रकों को रोक दिया। किसानों का आरोप है कि अधिकारियों की मिलीभगत से धान खरीद में धांधली की जा रही है।

बुधवार को पीलीभीत-शाहजहांपुर सीमा पर किसानों ने धान से भरे ट्रकों को रोक लिया और राइस मिलर्स द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से गैर जनपद के धान को खरीद कर जिले में लाने का आरोप लगाया। इस दौरान किसानों ने आसाम राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। जाम के कारण राजमार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। किसानों का आरोप है कि स्थानीय किसान कई दिनों से मंडियों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उनका धान नहीं खरीदा जा रहा। व्यापारी और बिचौलिए अन्य जिलों से आने-पौने दामों में खरीदा गया धान ट्रकों में भरकर स्थानीय मंडियों में बेच रहे हैं। किसानों ने अधिकारियों और राइस मिलर्स के आपसी तालमेल से धान खरीद में बड़ा फर्जीबाड़ा होने की भी सम्भावना व्यक्त की।

प्रदर्शन की सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी, मंडी सचिव सेहरामऊ थाना पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने किसानों को शांत कराकर अवरुद्ध मार्ग पर आवागवन सुचारु करने का प्रयास किया, लेकिन किसान नेताओं ने तुरंत बाहरी धान की आवक पर रोक और स्थानीय किसानों के धान की खरीद को प्राथमिकता देने की मांग की साथ ही स्थिति में सुधार न होने पर आंदोलन को तेज करने की चेतावनी दी। अधिकारियों ने किसानों को आश्वासन दिया कि मंडी समितियों में जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। देर शाम तक प्रशासन और किसान नेताओं के बीच वार्ता जारी रही, और कई धान से लदे ट्रकों को अस्थायी रूप से वहीं रोका गया है।

» किसानों का आरोप लगाया कि अधिकारियों की मिलीभगत से की जा रही धान खरीद में धांधली

**गैर जनपदों के राइस मिलर्स बने चुनौती**

गैर-जनपदों से धान खरीदने का चलन राइस मिलर्स के लिए सीधा लाभ या घोटाले का माध्यम हो सकता है, क्योंकि इससे धान की लागत कम होती है या धान की खरीद में धोखाधड़ी की संभावना बनी रहती है। शासन और प्रशासन के लिए यह बड़ी चिंता का विषय है, क्योंकि इससे सरकारी खरीद नियमों का उल्लंघन भी होता है और फसल की बर्बादी का खतरा भी बढ़ जाता है।

**अभियान** | बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए चलाये गये अभियान के लिए कुल 17 टीमों का किया गया गठन

# अधीक्षण अभियंता ग्रामीण व नगरीय के नेतृत्व में चलाया गया मास रेड अभियान

विश्ववार्ता संवाददाता



बरेली। उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष के निर्देश पर लाइन लॉस को कम करने और बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बुधवार को जनपद बरेली में बड़े पैमाने पर मास रेड अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई अधीक्षण अभियंता (ग्रामीण) एवं अधीक्षण अभियंता (नगरीय) के नेतृत्व में की गई। अभियान में कुल 17 टीमों का गठन किया गया, जिनकी निगरानी अधिशासी अभियंता एवं उपखंड अधिकारियों ने स्वयं की।

सुबह 6 बजे से शुरू हुए इस अभियान के दौरान पुलिस बल की मौजूदगी में नकटिया, नवाबगंज, आंवला, बहेड़ी सहित बरेली शहर के अति संवेदनशील और चोरी बाहुल्य क्षेत्रों — स्वाले नगर, बानखाना, केलाबाग, लीचीबाग, जगतपुर, एजाजनगर की गोटिया, चक महमूद, कुतुबखाना, शाहदाना, नवादा शेखान, मठकी चौकी, किला, घोसियानी मस्जिद और एसबी कटरा मार्केट — में बिजली चोरी की जांच की गई। अभियान के दौरान लगभग 676 विद्युत संयोजनों की जांच की गई, जिनमें से 110 मामलों में बिजली चोरी के तथ्य सामने आए। सभी पकड़े गए उपभोक्ताओं के बिजली संयोजन तत्काल विच्छेदित कर दिए गए और उनके खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा 135 एवं 138 बी के अंतर्गत विद्युत चोरी निरोधक थाना, बरेली में एफआईआर दर्ज कराई गई। इसके अलावा विभाग द्वारा करीब 65 लाख रुपये की राजस्व निर्धारण नोटिस जारी की गई है, जो बिजली चोरी के रूप में हुई हानि की वसूली हेतु दी गई है। इस अभियान के दौरान एक बड़ी कार्रवाई तब हुई जब स्वाले नगर वार्ड के पार्षद अलीम खान सुल्तानी को फर्जी मीटर लगाकर बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। विभागीय अधिकारियों ने मौके पर ही उनका कनेक्शन काट दिया और उनके विरुद्ध भी सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया।अधिकारियों के अनुसार, यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। पावर कॉर्पोरेशन का उद्देश्य न केवल लाइन लॉस को कम करना है, बल्कि ईमानदार उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना भी है। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि विद्युत चोरी एक गंभीर अपराध है, जिससे निगम को भारी वित्तीय नुकसान होता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी क्षेत्र में दोबारा बिजली चोरी की शिकायत मिली तो संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

इस मौके पर राजवीर सिंह, रामलाल, नितिन कुमार, अंकित गंगवार, सत्येन्द्र कुमार चौहान, विश्वास कुमार, ओमप्रकाश सिंह, चमन प्रकाश तथा वितरण एवं मीटर अनुभाग के समस्त सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता के साथ-साथ 01 इन्सपैक्टर, 07 सब इन्सपैक्टर एवं 34 पुलिस कान्स्टेबिल एवं विभागीय प्रवर्तन दल की समस्त टीमों की मौजूदगी में सघन अभियान चलाया गया।

विश्ववार्ता

लखनऊ, गुरुवार, 9 अक्टूबर 2025



# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में बोले डीएम, हादसों पर हर हाल में लगे लगाम

## एनएच पर लाइटें एक हफ्ते में जलेंगी, ब्लाइंड स्पॉट की तकनीकी खामियां हों दूर,तेजगति वाहनों का चालान करें, सड़क किनारे की झाड़ियां हटाएं : डीएम

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में बुधवार को लोकसभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विभागीय अधिकारी ठोस और प्रभावी कदम उठाएं। उन्होंने निर्देश दिया कि पुराने हादसों की समीक्षा कर उन कारणों को दूर किया जाए ताकि भविष्य में उनकी पुनरावृत्ति न हो।

डीएम ने जिले के प्रमुख ब्लैक स्पॉट जैसे असेनी मोड़, दारापुर, रसौली, सफदरगंज, दादरा और प्रतापगंज मोड़ आदि स्थानों पर रेडियम पट्टियां व चेतावनी संकेतक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस और परिवहन विभाग संयुक्त रूप से यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करें।



**एनएच पर स्ट्रीट लाइटों का ऊर्जीकरण एक सप्ताह में करें पूर्ण:** जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग को निर्देशित किया कि एनएच पर लगी सभी स्ट्रीट लाइटें एक सप्ताह के भीतर चालू करा दी जाएं। साथ ही, नए चिन्हित ब्लाइंड स्पॉट की तकनीकी खामियों को शीघ्रता से ठीक कराया जाए।

डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़कों के किनारे उगी झाड़ियों को तत्काल हटाया जाए ताकि दृश्यता बेहतर हो और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो। उन्होंने कहा कि तेजगति वाहनों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, और चालान के माध्यम से नियंत्रण स्थापित किया जाए।

**हर बच्चे की स्कूल में शत-प्रतिशत उपस्थिति हो सुनिश्चित:** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने जिले के परिषदीय विद्यालयों में छात्रों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में प्रार्थना सभा के दौरान टॉपिक आधारित भाषण रोज अलग-अलग बच्चों से कराया जाए, ताकि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति कौशल का विकास हो। कलेक्ट्रेट सभागार में हुई जिला शिक्षा परियोजना समिति की बैठक में डीएम ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर सप्ताह अपने क्षेत्र के 20 ऐसे विद्यालय चिन्हित करें जहाँ नामांकन या शिक्षण स्तर कमजोर है। संबंधित स्कूलों को नोटिस जारी करते हुए सुधार के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि कमजोर छात्रों पर विशेष ध्यान दिया जाए और जो बच्चे प्रगति करें, उन्हें सम्मानित किया जाए। डीएम ने परिषदीय विद्यालयों में कायाकल्प कार्यों की समीक्षा करते हुए कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों की मूलभूत आवश्यकताओं की सूची तैयार करने के निर्देश भी दिए।

### एनिमिक गर्भवती महिलाओं की विशेष निगरानी

» जांच किट की कमी पर होगी कार्यवाही, सीडीपीओ सूरतगंज का वेतन रोका गया

**बाराबंकी।** बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय पोषण समिति की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मातृ एवं शिशु पोषण योजनाओं की समीक्षा करते हुए डीएम ने कहा कि पोषण एक सामूहिक जिम्मेदारी है और सभी विभागों को समन्वय के साथ काम करना होगा। डीएम ने जनपद की 262 गंभीर एनीमिक गर्भवती महिलाओं की व्यक्तिगत निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टीकाकरण सत्रों में सभी जांच किट उपलब्ध रहनी चाहिए, अन्यथा संबंधित पर कार्रवाई होगी। डीएम ने पोषण ट्रैकर ऐप पर 100 प्रतिशत डेटा फीडिंग और मैम–सैम श्रेणी के बच्चों की पहचान कर घर–घर जाकर पोषण परामर्श देने पर बल दिया। उन्होंने लापरवाही बरतने वाले सीडीपीओ सूरतगंज का वेतन रोके जाने व शो–कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए।

### डीएम ने स्वदेशी मेले की तैयारियों की समीक्षा की

**बाराबंकी।** आगामी दीपावली पर्व के मद्देनज़र "स्वदेशी मेला 2025" की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि 9 से 18 अक्टूबर तक जीआईसी ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले इस मेले में स्थानीय कारीगरों, हस्तशिल्पियों और उद्यमियों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री होगी। डीएम ने बताया कि मेले का मुख्य उद्देश्य स्थानीय उद्योगों, ग्रामोद्योग, लघु एवं मध्यम उद्यमों को प्रोत्साहन देना है, जिससे प्रदेश के पारंपरिक उत्पादों को नया बाजार मिल सके। उन्होंने कहा कि यह आयोजन प्रधानमंत्री के "आत्मनिर्भर भारत" और मुख्यमंत्री के "एक जनपद एक उत्पाद" अभियान को बल देगा। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि मेले का उद्घाटन प्रभारी मंत्री/कारागार मंत्री सुरेश राही करेंगे। मेले में 50 विभागों के स्टॉल लगेंगे, जिनमें सीएम–युवा, वक्फ, पीएमईजीपी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान, खादी ग्रामोद्योग, एनआरएलएम, माटी कला बोर्ड, पुलिस और बैंकिंग संस्थाओं के स्टॉल प्रमुख होंगे। अधिकारियों ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मेले को सफल बनाएं।

### अवैध आतिशबाजी और पटाखों के साथ एक गिरफ्तार

**बाराबंकी।** थाना रामनगर पुलिस टीम ने बुधवार को अभियुक्त मदनलाल गुप्ता पुत्र जगदीश निवासी ग्राम भैरमपुर थाना रामनगर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो कागज के गत्ते में अवैध आतिशबाजी का सामान और दो बोरी में कुल 748 पीस अवैध पटाखे बरामद किया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना रामनगर पर विस्फोटक अधिनियम पंजीकृत किया गया।

**तमंचा, कारतूस के साथ दो गिरफ्तार**

थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम ने बुधवार को अभियुक्त धर्मेन्द्र सिंह रावत पुत्र महेन्द्र सिंह रावत निवासी दशहराबाग थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी और जाहिद विन उस्मान उर्फ अरमान उर्फ जारद उस्मान उर्फ भोला पुत्र जाहिद उस्मान उर्फ हाजी उस्मान निवासी बदर अली दरगाह चुन्नीगंज थाना कर्नल गंज जनपद कानपुर नगर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो तमंचा मय दो जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद किया।

## एक नजर

### पत्नी पर नजर रखने वाले युवक की हत्या का खुलासा

**बाराबंकी।** ग्राम जैसाना में युवक की हत्या मामले का पुलिस ने सफल अनावरण किया। मृतक प्रवेश कुमार के पिता झब्बू की तहरीर पर दिनांक 02 अक्टूबर को मुकदमा दर्ज किया गया था। शव 04 अक्टूबर को जंगल में बरामद हुआ था। स्वाट, सर्विलांस और थाना सतरिख पुलिस की संयुक्त टीम ने मंगलवार को हत्यारे अवधेश कुमार को गिरफ्तार किया। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि मृतक उसकी पत्नी शालू को देखता था और उसे रोकने के लिए उसने प्रवेश कुमार के सिर पर पत्थर से वार किया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक पत्थर और मृतक का मोबाइल फोन बरामद हुआ। थाना सतरिख, स्वाट और सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर हत्याकांड का सफल अनावरण किया।

### पान-मसाला लेने निकला था युवक, पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**निंदूरा (बाराबंकी)।** मंगलवार देर शाम पान–मसाला लेने निकला युवक रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया। बुधवार सुबह गांव के बाहर आम के बाग में उसका शव पेड़ से लटकता मिला। शव देख ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, बड्डूपुर थाना क्षेत्र के झिलगी मजरे हसुवापारा गांव निवासी राधेश्याम का 35 वर्षीय पुत्र लवकुश मंगलवार रात खाना खाने के बाद पान–मसाला लेने की बात कहकर घर से निकला था। देर रात तक न लौटने पर परिजन चिंतित हो गए और उसकी तलाश शुरू कर दी। सुबह जब ग्रामीण खेतों की ओर निकले तो आम के बाग में पेड़ से लटकता लवकुश का शव देखकर सन्न रह गए। सूचना पर थाना बड्डूपुर की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि युवक रात में घर से पान–मसाला लेने निकला था और फिर वापस नहीं लौटा। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### किशोरी का शव खेत में मिला, दुष्कर्म-हत्या की आशंका

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी के खीरी थाना क्षेत्र के एक गांव में एक 14 वर्षीय किशोरी का शव रेलवे ट्रैक के किनारे गन्ने के खेत में संदिग्ध हालत में मिला है। किशोरी की मामी और परिजनों ने सामूहिक दुष्कर्म के बाद गला दबाकर हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।परिवार के सदस्यों के अनुसार, घर में शौचालय न होने के कारण किशोरी बुधवार यानी 8 अक्टूबर 2025 की सुबह करीब 6 बजे शौच के लिए घर से निकली थी। वह आमतौर पर गांव की अन्य लड़कियों के साथ जाती थी, लेकिन उस दिन वह अकेली थी।जब किशोरी काफी देर तक घर नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। मृतका की मामी ने बताया कि किशोरी गांव से लगभग 300 मीटर दूर रेलवे ट्रैक के पास गन्ने के खेत में पड़ी मिली। उसके कपड़े फटे हुए थे और गले पर चोट के निशान साफ दिख रहे थे।स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और वीडियोग्राफी के माध्यम से पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परिजनों की तहरीर के आधार पर दो संदिग्धों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस आगे की जांच कर रही है।

### विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे चार वारंटी गिरफ्तार

**चपरतला खीरी।** पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देशन एवं पुलिस क्षेत्राधिकार मितौली के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी मैगलगंज के नेतृत्व में चलाए जा रहे वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में आज मैगलगंज पुलिस द्वारा विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त कई मामलों में वांछित चल रहे थे जिन्हें आज मैगलगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायिक प्रक्रिया हेतु न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में उप निरीक्षक अवधेश कुमार उप निरीक्षक राजपाल उप निरीक्षक शुभम कांस्टेबल विवेक वर्मा कांस्टेबल विष्णु कुमार का योगदान सराहनीय रहा।

### नवीन गल्ला मंडी में धान खरीद हुई शुरू आवक हुई शुरू



**चपरतला खीरी।** मैगलगंज नवीन गल्ला मंडी में धान खरीद हुई शुरू आवक हुई शुरू मितौली एसडीएम मधूसूदन गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर धान तौल कराई शुरू। धान तौल कराने वाला पहला किसान बेहड़ा जोरावर निवासी मनदीप सिंह ने तुलवाया धान। तत्पश्चात उच्च अधिकारी मितौली में धन केंद्र प्रभारी के साथ समीक्षा बैठक की धन केंद्र प्रभारीयो के कसे पेज किसी भी हालत में अनियमित बर्दाश्त नहीं होगी किसानों के साथ पूरी ईमानदारी से कम करें। मैगलगंज नवीन गल्ला मंडी में बुधवार से किसानों ने धान तौल कराना शुरू करा दिया है मौके पर पहुंचे मितौली एसडीएम मधुसूदन गुप्ता के सामने किसानों ने धान तुलवाया। इस मौके पर लेखपाल सौरभ बृजेश सिंह, प्रफुल्ल दीक्षित, चंद्रभान सिंह, ओमप्रकाश, श्रवण कुमार सहित क्रय केंद्र प्रभारी मौजूद रहे।

### सैदापुर में पकड़ा गयामगरमच्छ, ग्रामीणों में मचा हड़कंप



**लखीमपुर खीरी।** दक्षिण खीरी वन प्रभाग की शारदानगर वन रेंज के अंतर्गत कोतवाली फूलबेहड़ क्षेत्र के ग्राम सैदापुर में बुधवार करीब 7.15 बजे सुबह उस समय अफरा–तफरी मच गई जब ग्रामीणों ने तालाब में एक मगरमच्छ को जाल में फंसा हुआ देखा। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने सतर्कता के साथ मगरमच्छ को पकड़ने में सफलता प्राप्त की।ग्रामीणों के अनुसार, दो दिन से तालाब में मगरमच्छ दिखाई दे रहा था। इससे पहले भी एक मगरमच्छ को पकड़ा जा चुका है, जबकि ग्रामीणों ने और मगरमच्छों की मौजूदगी की आशंका भी जताई है।

# मोहम्मदी में हुआ अंतरराष्ट्रीय साहित्य सम्मेलन 2025

## 21 प्रतिभाओं को मिला गोमती व केतकी साहित्य रत्न अवार्ड 2025

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**मोहम्मदी खीरी।** मोहमदी देश की प्रसिद्ध साहित्यिक संस्था कथा कुंज साहित्य परिषद द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय साहित्य सम्मेलन सह सम्मान समारोह -2025 का. देश -विदेश से चयनित कवियों और कवयित्रीओं के पावन सम्मेलन और अद्भुत काव्य पाठ का गवाह बनी महाभारत कालीन और ऐतिहासिक मोहम्मदी की पावन धरती. संस्थापक गोविन्द गुप्ता जी और पूरी टीम ने कोई कसर नहीं छोड़ी कार्यक्रम को अद्भुत और अविस्मरणीय बनाने में. आदरणीया डॉ नीमा पंत जी ब्रॉन्ड अम्बेसडर की सकारात्मक भूमिका रही।

प्रोफेसर सुदीप कुमार जी की पावन स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम में देश -विदेश की हस्तियों के साथ हीं साहित्यिक और सामाजिक सक्रिय विभूतिओं ने भाग लिया. पटना से आयी



आर जे और बेहतरीन संचालिका श्वेता सुरभि जी ने बिल्कुल फिल्मी अंदाज़ में कार्यक्रम को संचालित किया और अपनी हाजिर जवाबी से मन मोह लिया. वरिष्ठ कवयित्री मंजू श्रीवास्तव, अमेरिका ,इति शिवहरे,राधा गुप्ता, पी के सिंह, कवि डॉ प्रीतम कुमार झा, विकास मिश्र सागर,रानी गुप्ता, रीमा सिन्हा, रंजना डोगरा,श्री पांडे जी, संध्या त्रिपाठी, शिप्रा जी, सारिका सरल, मीनू कुमार, मणि अग्रवाल,इति शिवहरे, आकृति विज्ञा अर्पण रानी गुप्ता, रीमा सिन्हा, सुरभि सिंह,मीनू कुमार के साथ पीके सिंह, विकास मिश्र व अन्य कवियों ने ऐसा वातावरण तैयार किया की देर रात तक श्रोतागण काव्य गंगा में गोते लगाते रहे. सभी को सम्मानित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री लोकेन्द्र प्रताप सिंह जी, पूर्व केंद्रीय मंत्री कृष्णा राज जी और छोटी काशी के चेयरमैन श्री विजय शुक्ल जी ने नगर पालिका चेयरमैन संदीप मेहरोत्रा ने सबको शुभकामनायें दी व सम्मानित किया।

कार्यक्रम से पहले सभी आगंतुक कवियों और कवयित्रीओं को मोहम्मदी का भ्रमण भी कराया गया। यह कार्यक्रम हमेशा के लिय अनुशासन, सकारात्मकता और काव्य गरिमा के लिए याद किया जायेगा कार्यक्रम में विशेष सहयोगी, श्यामू गुप्ता, प्रशांत मिश्र, प्रशांत सिंह, अखिलेश गुप्ता, हरेंद्र वर्मा, सचिन गुप्ता, रजनी सैनी ,शिवम राठौर, रमेश गुप्ता, बाबूराम पाठक,चरनजीत सिंह, मेराज खा, यूनिवर्सल बुक, राममोहन रस्तोगी, रामजी गुप्ता, आदि उपस्थित रहे,।

# निंदूरा में सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली विद्यार्थियों ने दिया सुरक्षा का संदेश

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**निंदूरा (बाराबंकी)।** राजकीय इंटर कॉलेज निंदूरा में बुधवार को सड़क सुरक्षा अभियान के तहत विद्यार्थियों ने भव्य जागरूकता रैली निकाली। रैली में छात्रों ने विभिन्न स्लोगनों और पोस्टरों के माध्यम से राहगीरों को यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के शिक्षक और प्रभारी उपस्थित रहे।

छात्रों ने बताया कि सड़क पर हमेशा बायीं ओर चलना चाहिए, वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य है और मोबाइल का उपयोग कतई नहीं करना चाहिए। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने बिना हेलमेट सवार राहगीरों को रोककर उन्हें हेलमेट पहनने के फायदे समझाए और पुष्प भेंट किए। उन्होंने कहा, जीवन अनमोल है, पुलिस के चालान से बचने के लिए नहीं बल्कि अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट अवश्य पहनें। विद्यालय प्रवक्ता कुमार नंदन प्रधान, योगिंदर कौर, नीलेश सिंह, नीरज यादव अन्य शिक्षक उपस्थित थे और विद्यार्थियों की सराहना की।

# रबी फसलों के लिए खाद की भरपूर व्यवस्था किसानों से की न घबराने की अपील

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** रबी 2025 की बुआई की तैयारियों के बीच किसानों के लिए राहतभरी खबर आई है। इस बार जिले में यूरिया, डीएपी, एनपीके और सिंगल सुपर फास्फेट (एसएसपी) जैसी आवश्यक खादों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर दी गई है।

जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि जनपद में अब तक 18351.479 मीट्रिक टन यूरिया, 5155.295 मीट्रिक टन डीएपी, 7362.725 मीट्रिक टन एनपीके और 18811.040 मीट्रिक टन एसएसपी का भंडारण किया जा चुका है।उन्होंने बताया कि जनपद में यूरिया, डीएपी और एनपीके की किसी प्रकार की कमी नहीं है। किसान भाई निर्धारित दर पर ही खाद खरीदें, अनावश्यक भंडारण से बचें और केवल अनुशंसित मात्रा में खाद का प्रयोग करें। डीएओ ने स्पष्ट किया कि खाद खरीदते समय किसान अपने साथ आधार कार्ड और खतौनी अवश्य लाएं और विक्रेता से कैश मेमो जरूर प्राप्त करें।

जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि डीएपी, एनपीके और एसएसपी तीनों फास्फैटिक उर्वरक हैं, जिनमें तत्वों की मात्रा अलग-अलग होती है। डीएपी (डाई अमोनियम फास्फेट) में नत्रजन और फास्फोरस पाए जाते हैं। एनपीके में नत्रजन, फास्फोरस और पोटाश तीनों प्रमुख पोषक तत्व होते हैं। एसएसपी (सिंगल सुपर फास्फेट) में फास्फोरस के साथ-साथ सल्फर भी पाया जाता है, जो विशेष रूप से सरसों जैसी तिलहनी फसलों के लिए अत्यंत लाभदायक है।

# गांव में डेंगू व मलेरिया फैलने की खबरों के दृष्टिगत किया निरीक्षण

» सीएमओ ने साफ सफाई सहित मच्छर प्रजनन रोकने के लिए विभाग का साथ देने की आम जनमानस से की अपील





**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** जनपद लखीमपुर खीरी के मोहम्मदी के सिसौरा नासिर में गंदगी से बेहाल और बढ़ती बीमारियों को लेकर खबर प्रकाशित का सीएमओ संतोष गुप्ता ने लिया संज्ञान। सीएचसी पसगवां के अंतर्गत गांव सिसौरा नासिर में डेंगू और मलेरिया फैलने की खबरों के दृष्टिगत सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बुधवार को गांव का भ्रमण किया। हेल्थ कैंप में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी की। साथ ही आम जनमानस से उन्होंने सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से अपील करी कि लोग मच्छरों का प्रजनन रोकने के लिए साफ सफाई में विभाग का सहयोग करें, मच्छरदानी के उपयोग करें, पानी उबाल कर पिए।गांव सिसौरा नासिर में डेंगू और मलेरिया फैलने की खबरों के संज्ञान में आने के बाद सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता द्वारा गांव का स्थलीय भ्रमण किया गया।

गांव में क्षेत्रीय अधीक्षक डॉ अश्वनी वर्मा की निगरानी में अन्य विभागों के साथ मिलकर हेल्थ कैंप चलाया जा रहा था। जिसमें लोगों को जांच का उपचार उपलब्ध कराया जा रहा था। गांव में पांच दिनों में हेल्थ कैंप के द्वारा 724 लोगों को देखा गया है। वहीं 218 लोगों की डेंगू व 398 लोगों की मलेरिया की जांच की गई है। आरडीटी टेस्ट में डेंगू के तीन संभावित मरीज मिले हैं, जिनके कंफर्मेशन के लिए एलाइजा जांच हेतु सैंपल जिला चिकित्सालय भेजा गया है।

उन्होंने अधीक्षक को आवश्यक जांचें जिला चिकित्सालय से करवाने के भी निर्देश दिए। किए जा रहे कार्य पर संतोष जाहिर किया। उन्होंने स्थानीय लोगों से सीधा संवाद किया, उन्हें डेंगू और मलेरिया के फैलने के कारणों के बारे में स्वयं बताया, कहा कि डेंगू का मच्छर साफ पानी में पनपता हैं। घरों के आसपास पानी को जमा न होने दें। साफ सफाई बेहद जरूरी है, साथ ही पानी को उबालकर पिए। मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी का उपयोग करें। जिससे बीमारियों से बचा जा सके।

बुखार आने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों ने पीएचसी पर तैनात डॉक्टर के नियमित ना आने की शिकायत की जिस पर उनके द्वारा अधीक्षक को तैनात डॉक्टर से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए गए। साथ ही ग्रामीणों की शिकायत के दृष्टिगत समय-समय पर पीएचसी भ्रमण करने के निर्देश दिए गए। डॉक्टर या कर्मचारी की अनुपस्थिति की दशा में वेतन रोकने के भी निर्देश दिए गए। इस दौरान उनके साथ सीएचसी अधीक्षक डॉ अश्वनी वर्मा, डीपीएम अनिल यादव सहित अन्य विभाग अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

### जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य समापन

**बाराबंकी।** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में समग्र शिक्षा (माध्यमिक) द्वारा आयोजित जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने विद्यार्थियों का पारंपरिक अंदाज में स्वागत किया और उन्हें नवाचार और प्रयोगशीलता के लिए प्रेरित किया। संशोधित बैशाखी, ब्लाइंड स्टिक, फायर फाइटर, फ्लोटिंग हाउस, एक्सीडेंट प्रोटेक्शन लिफ्ट और रोबोटिक कार जैसे मॉडल दर्शकों का ध्यान खींचने में सफल रहे। निर्णायक मंडल ने सभी मॉडलों का गहन मूल्यांकन किया और प्रथम, द्वितीय, तृतीय व पांच सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए। जनपद स्तर पर चयनित प्रथम और द्वितीय स्थान के मॉडल आगामी 13 अक्टूबर को मण्डल स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे। आयोजन में जिला समन्वयक, समग्र शिक्षा (माध्यमिक) अखिलेंद्र सिंह और मंच संचालनकर्ता आशीष पाठक की भूमिका सराहनीय रही।

### वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान में उमड़ा जनसैलाब



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बाराबंकी।** नगर के छाया चौराहे पर बुधवार को युवक कांग्रेस की ओर से "वोट चोर गद्दी छोड़" अभियान के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद डॉ. पी.एल. पुनिया ने कहा कि "भाजपा को जनता ने राज करने का जनादेश नहीं दिया, बल्कि उसने वोट चोरी कर सत्ता हथियाई है।

कांग्रेस पार्टी इस वोट की डकैती को कभी बर्दाश्त नहीं करेगी।" डॉ. पुनिया ने कहा कि भाजपा भाई-भाई के बीच नफरत फैलाकर और जनादेश को ठुकराकर सत्ता में आती है। जब तक देश की जनता जागरूक नहीं होगी और वोट चोरी पर रोक नहीं लगेगी, तब तक कांग्रेस का आंदोलन निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा कांग्रेस अध्यक्ष सिकंदर अब्बास रिजवी ने की। इस दौरान बड़ी संख्या में युवाओं ने "वोट चोर गद्दी छोड़" के नारे लगाते हुए हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, पूर्व एमएलसी राजेश यादव राजू, वीरेन्द्र यादव एडवोकेट, शब्बर रिजवी, फरहान किदवई, गुड्डू गौतम, समेत दर्जनों कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# दो साइकिल चोरों को पकड़ा : चोरी की दो साइकिलें बरामद

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**मितौली खीरी।** मितौली पुलिस ने साइकिल चोरी के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की दो साइकिलें बरामद की गई हैं। ये चोर साइकिल चुराकर मोटरसाइकिल पर लादकर फरार हो जाते थे। यह घटना मंगलवार को मितौली थाना क्षेत्र के गांव कस्ता में हुई।

डॉ. लतीफ अहमद के गन्ने के खेत में मजदूर काम कर रहे थे, जिनमें चकरामपुर निवासी रमेश भी शामिल था। रमेश ने अपनी साइकिल खेत के बाहर कस्ता-सीतापुर मार्ग के किनारे खड़ी की थी। दोपहर करीब एक बजे जब वह खेत से बाहर आया तो उसकी साइकिल गायब थी। खेत मालिक के बेटे शफीक अहमद ने खेत में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी। फुटेज में दो लोग एक साइकिल उठाकर मोटरसाइकिल पर रखकर ले जाते हुए दिखाई दिए। इसके बाद ग्रामीणों ने चोरों की तलाश शुरू की। तलाश के दौरान, फुटेज में दिखे कद-काठी के दो व्यक्ति एक साइकिल को मोटरसाइकिल पर रखे हुए सीतापुर की ओर जाते हुए दिखाई दिए।



ग्रामीणों ने उनका पीछा किया और रेवानाथ गांव के पास उन्हें रोककर पूछताछ की। हालांकि, उस समय उनके पास मौजूद साइकिल रमेश की नहीं थी।सूचना मिलने पर कस्ता चौकी प्रभारी जयकृष्ण तिवारी मौके पर पहुंचे और दोनों संदिग्धों से पूछताछ की।

पूछताछ में उन्होंने साइकिल चोरी की बात कबूल कर ली। पुलिस ने रमेश की चोरी हुई साइकिल भी गन्ने के खेत से बरामद कर ली।गिरफ्तार किए गए चोरों की पहचान नीमगांव थाना क्षेत्र के गांव लोहटी निवासी सत्येन्द्र और प्रदीप के रूप में हुई है। मितौली पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## खेल–कूद

## अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर देश, प्रदेश का नाम रोशन करे प्रतिभागी : डीएम

# तीन दिवसीय 74वीं जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का हुआ शुभारंभ

» डीएम ने ली मार्च पास्ट की सलामी, संतरगी गुब्बारों एवं कबूतरों को उड़ाकर दिया शांति का संदेश

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** तीन दिवसीय 74वीं जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता की शुरुआत बुधवार को जीआईसी मैदान में बेहद उत्साह और उमंग के बीच हुई। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ उद्घाटन डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धार्वे, डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र के साथ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप जलाकर किया। डीएम ने विधिवत घोषणा कर प्रतियोगिता का शुंभारम्भ किया। डीएम ने मार्च पास्ट की सलामी ली और तिरंगे गुब्बारों को उड़ाकर शांति का संदेश दिया। हवा में लहराते तिरंगे गुब्बारे मानो बच्चों के सपनों की उड़ान का प्रतीक बन गए। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि इस आयोजन में प्रतिभाग करने वाले बच्चें विशेष प्रतिभावान और सौभाग्यशाली है।



जिनकों इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि खेलों से बच्चों का पूर्ण शारीरिक व मानसिक विकास होता है। कहा कि हर क्षेत्र के लिए अच्छी प्रतिस्पर्धा खेल का मैदान ही सीखता है। विजयी होने पर अभिमान नही आना चाहिए और हारने पर अपने प्रतिद्वंदी के विरूद्ध ईष्या का भाव भी नही आनी चाहिए।

विजयी होने से ज्यादा अपनी जीत को बरकरार रखता महत्वपूर्ण होता है। डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र ने प्रतिभागियों से अपील की कि अनुशासित ढंग से खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जाये तो अधिक आनंद आता है। उक्त रैली में जनपद के समस्त विकास खण्डों के विद्यालयों के विजयी प्रतिभागी खिलाड़ियों के द्वारा प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम के संयोजक जीआईसी प्रधानाचार्य डॉ जगत प्रकाश सिंह ने बताया कि जनपदीय प्रतियोगिताओं में सफल प्रतिभागी मण्डलीय खेलों में जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस दौरान प्रधानाचार्य डॉ ईशविंदर सिंह, सीमा टंडन, शालिनी दुबे सहित विभिन्न विभागों के प्रधानाचार्य अध्यापक एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागी बच्चों उपस्थित रहे।

## संपादकीय


# डाक दिवस

जब दुनिया की रफ्तार डिजिटल संदेशों, त्वरित सूचनाओं और स्क्रीन की चमक में उलझी हुई है, तब एक दिन ऐसा आता है जो हमें रुकने, ठहरने और उन पलों को याद करने का अवसर देता है, जब एक कागज का टुकड़ा, स्याही की कुछ बूंदें और किसी प्रियजन की लिखावट दिलों को जोड़ने का सबसे मजबूत जरिया बनती थी। 9 अक्टूबर, विश्व डाक दिवस, केवल डाक सेवाओं का उत्सव नहीं है; यह उन अनकही कहानियों, भावनाओं और मानवता के उस अटूट बंधन का सम्मान है, जो समय और दूरी की सीमाओं को लांघकर हमें एक-दूसरे के करीब लाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि संचार केवल शब्दों का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि दिलों का मिलन, आशा का संदेश और विश्वास का प्रतीक है। एक पत्र, जो किसी अनजान डाकिए के कंधों पर सवार होकर सुदूर गांवों, पहाड़ों या समुद्रों को पार करता है, वह केवल कागज नहीं, बल्कि एक कहानी, एक सपना और एक रिश्ता लेकर चलता है। विश्व डाक दिवस की शुरुआत 9 अक्टूबर 1874 को हुई, जब स्विट्जरलैंड के बर्न में यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन (यू.पी.यू.) की स्थापना हुई। इस संगठन ने विश्व भर की डाक प्रणालियों को एक सूत्र में बांधकर संचार को सरल और सुलभ बनाया। उस समय यह कोई सामान्य उपलब्धि नहीं थी। यह वैश्विक सहयोग का एक ऐसा प्रतीक था, जिसने देशों की भौगोलिक और सांस्कृतिक दूरी को पाटकर एक वैश्विक डाक नेटवर्क की नींव रखी। आज यू.पी.यू. के 192 सदस्य देश इस नेटवर्क का हिस्सा हैं, जो हर साल अरबों पत्रों और पार्सलों को उनके गंतव्य तक पहुंचाता है। लेकिन इसकी कहानी केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है। यह उन असंख्य लोगों की कहानी है, जिनके लिए डाकघर केवल एक इमारत नहीं, बल्कि आशा, अवसर और संवेदनाओं का केंद्र रहा है। डाक सेवाओं का इतिहास मानव सभ्यता के विकास का एक अनोखा दस्तावेज है। भारत में डाक व्यवस्था की जड़ें प्राचीन काल तक जाती हैं, जब राजा-महाराजा अपने संदेशवाहकों के जरिए पत्र भेजते थे। लेकिन आधुनिक डाक प्रणाली की शुरुआत 1854 में ब्रिटिश शासन के दौरान हुई, जब भारत में पहली डाक टिकट जारी की गई। आज भारतीय डाक सेवा दुनिया की सबसे बड़ी डाक प्रणालियों में से एक है, जिसमें 1.55 लाख डाकघर हैं, जिनमें से 89% ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। ये डाकघर उन लाखों लोगों के लिए संचार का एकमात्र साधन हैं, जहां इंटरनेट और स्मार्टफोन अभी भी एक सपना हैं। भारतीय डाक ने न केवल पत्रों को पहुंचाया, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारियों के संदेशों को गुप्त रूप से प्रसारित करने, ग्रामीण शिक्षा को बढ़ावा देने और सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डाक सेवाओं ने मानव इतिहास के सबसे कठिन दौर में भी अपनी जिम्मेदारी निभाई है। प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, जब दुनिया युद्ध की आग में जल रही थी, डाक सेवाओं ने सैनिकों और उनके परिवारों को जोड़े रखा। एक सैनिक का पत्र, जो खाइयों में लिखा गया और मीलों की दूरी तय करके उसके परिवार तक पहुंचा, वह केवल शब्दों का संग्रह नहीं था। वह पत्र आशा, प्रेम और जीवित रहने की प्रेरणा का प्रतीक था। आज भी, प्राकृतिक आपदाओं और महामारियों के समय, जब अन्य संचार साधन ठप हो जाते हैं, डाक सेवाएं निर्बाध रूप से काम करती हैं। 2020 की कोविड-19 महामारी के दौरान, भारतीय डाक ने दवाइयों, आवश्यक सामग्रियों और सरकारी सहायता को दूरदराज के क्षेत्रों तक पहुंचाया, जिसने लाखों लोगों के लिए जीवन रेखा का काम किया। विश्व डाक दिवस केवल अतीत की गौरव गाथा नहीं गाता, बल्कि डाक सेवाओं के बदलते स्वरूप को भी रेखांकित करता है। आज डाकघर केवल पत्र और पार्सल तक सीमित नहीं हैं। भारत में डाक विभाग ने इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आई.पी.पी.बी.) के जरिए वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां बैंकिंग सुविधाएं दुर्लभ हैं, डाकघर बचत खाते, बीमा और डिजिटल भुगतान की सुविधा प्रदान करते हैं।

## कटाक्ष ➤ हसन जैदी




# हम गलतियां क्यों करते हैं – इनसे कैसे बचें!


चंद्र मोहन

हमारी अपनी धारणाएँ और पूर्वाग्रह हमें सही जानकारी को नजरअंदाज करने और गलतियाँ करने के लिए प्रवृत्त कर सकते हैं। निश्चित संख्या में गलतियों को नहीं गिना जा सकता है क्योंकि हर व्यक्ति का जीवन और अनुभव अलग होता है, लेकिन सामान्यतः लोग अपने जीवन में कई गलतियां करते हैं, जैसे स्वास्थ्य की अनदेखी, खराब समय प्रबंधन, अवास्तविक इच्छाएँ, दूसरों से तुलना करना, और अपनी भावनाओं को दबाना।

गलती हो गयी - सोरी क्या इससे गलती सुधर जाती है! या यह दूसरे के अहम का तुष्टिकरण है। अब सवाल उठता है कि हम अपने जीवन में कितनी गलतियां करते हैं? क्या हम गलतियों को दोहराते नहीं या फिर से वैसी गलतियां दोबारा करते हैं। इनसे कैसे बचा जाये। हम गलतियाँ इसलिए करते हैं क्योंकि भावनाएँ हावी हो जाती हैं। अति आत्मविश्वास, अनुभव की कमी, तनाव या ध्यान भटकने जैसे कारक हमें सही निर्णय लेने से रोकते हैं। हमारा मस्तिष्क भी अक्सर शॉर्टकट या टेम्पलेट का उपयोग करता है जिन्हें ह्यूरिस्टिक्स कहते हैं, जो हमें कुछ गलतियों को बार-बार करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। ये गलतियाँ सीखना, अनुकूलन और अंततः बेहतर बनने की प्रक्रिया का हिस्सा हैं। गुस्सा, डर, लालच या अहंकार जैसी भावनाएँ हमें सही निर्णय लेने से रोक सकती हैं।

हमारा दिमाग जानकारी को संसाधित करने के लिए शॉर्टकट (ह्यूरिस्टिक्स) का उपयोग करता है, जो कभी-कभी गलतियों का कारण बनते हैं। जब हम सोचते हैं कि हम पहले से सब जानते हैं, तो हम गलतियाँ कर सकते हैं। बाहरी दबाव या प्रतिकूल परिस्थितियाँ हमें गलत निर्णय लेने के लिए मजबूर कर सकती हैं। बुरी आदतें छोड़ना मुश्किल हो सकता है और पर्याप्त अनुभव न होने के कारण हम गलतियाँ दोहरा सकते हैं। हमारी अपनी धारणाएँ और पूर्वाग्रह हमें सही जानकारी को नजरअंदाज करने और गलतियाँ करने के लिए प्रवृत्त कर सकते हैं। निश्चित संख्या में गलतियों को नहीं गिना जा सकता है क्योंकि हर व्यक्ति का जीवन और अनुभव अलग होता है, लेकिन सामान्यतः लोग अपने जीवन में कई गलतियां करते हैं, जैसे स्वास्थ्य की अनदेखी, खराब समय प्रबंधन, अवास्तविक इच्छाएँ, दूसरों से तुलना करना, और अपनी भावनाओं को दबाना। गलतियाँ सीखने और विकास के अवसर भी हैं, जिन्हें अनुभव और आत्म-जागरूकता से कम किया जा सकता है। कुछ सामान्य गलतियाँ: निरंतर सीखने की कमी: नए कौशल और ज्ञान प्राप्त करने में रुचि न रखना। खराब समय प्रबंधन : समय का सही उपयोग न करना और महत्वपूर्ण कार्यों को टालना। स्वास्थ्य की अनदेखी: अपनी शारीरिक और मानसिक सेहत पर ध्यान न देना। वित्तीय अनुशासन की कमी: खर्चों का सही प्रबंधन न करना और निवेश को नजरअंदाज करना। संवाद की कमी: रिश्तों में खुलकर बात न करना और गलतफहमियों को दूर न करना। खुद से प्यार न करना : आत्म-सम्मान की कमी और अपनी तुलना दूसरों से करना। अधिक सोचना : बहुत अधिक सोचने के कारण अंदर से परेशान होना। अवास्तविक इच्छाएं: अपनी सामर्थ्य से अधिक बड़ी-बड़ी इच्छाएँ पालना। डर और अनिर्णय: असफलता के डर से निर्णय न लेना और नए अवसरों को खो देना। जिम्मेदारी से भागना: अपनी जिम्मेदारियों को दूसरों पर डालना। एक शोध के अनुसार इंसान हर घंटे तीन से छह गलतियाँ करते हैं, चाहे कोई भी गतिविधि हो या काम, और औसतन, एक दिन में 500 गलतियाँ करते हैं। ज्ञानात्मक गलती - यह गलती तब होती है जब हमें किसी विषय के बारे में पर्याप्त ज्ञान नहीं होता है या हमें गलत जानकारी मिलती है। व्यावहारिक गलती - यह गलती तब होती है जब हम किसी कार्य को करने में असफल होते हैं या हमें किसी कार्य को करने का तरीका नहीं पता होता है। एक इंसान दिन भर में औसतन 30 से 50 गलतियाँ करता है, और यह संख्या गतिविधि या व्यक्ति के आधार पर थोड़ी भिन्न हो सकती है। हम जानबूझकर या अनजाने में गलतियाँ करते हैं क्योंकि हम स्वाभाविक रूप से त्रुटिपूर्ण हैं, तनाव में होते हैं, या कभी-कभी सीखते हैं। गलतियों का होना सामान्य है, और इनसे सीखना और आगे बढ़ना ही महत्वपूर्ण है। गलतियों का औसतन समय: प्रति घंटा: आप औसतन 3 से 6 गलतियाँ कर सकते हैं। प्रतिदिन: हर दिन लगभग 30 से 50 गलतियाँ हो सकती हैं। हम गलतियाँ क्यों करते हैं? शारीरिक और मानसिक स्थितियाँ: हम अपनी जैविक, शारीरिक और मानसिक विशेषताओं के कारण स्वाभाविक रूप से त्रुटिपूर्ण हैं। भावनात्मक और बाहरी प्रभाव: तनाव, दबाव, या ध्यान भटकने जैसी चीजें भी खराब प्रदर्शन का कारण बन सकती हैं। अनजाने में: हम कई गलतियाँ अनजाने में करते हैं, जैसे कोई काम करना भूल जाना। गलतियां आमतौर पर भूलवश होती हैं, जिसका अर्थ है कि वे जानबूझकर नहीं की जातीं, बल्कि किसी असावधानी, अज्ञानता, या मानवीय स्वभाव के कारण होती हैं। हालांकि, यदि कोई व्यक्ति अपनी गलती को बार-बार दोहराता है, तो वह "स्वभाविक" बन सकती है, या फिर जानबूझकर गलत काम करना "गलत" कहलाता है, जो नियत से जुड़ा होता है। भूलवश गलतियाँ अक्सर गलत धारणा या असावधानी के कारण होती हैं, और इनमें मूर्खता या अज्ञानता का पुट हो सकता है। उदाहरण: किसी काम को करते समय गलती से गलत बटन दबा देना, किसी चीज़ की सही मात्रा न जानना, या किसी को गलत नाम से पुकार देना। ऐसी गलतियों को स्वीकार करना और उनसे सीखना महत्वपूर्ण है, ताकि भविष्य में उन्हें दोबारा न दोहराया जाए। स्वाभाविक गलतियाँ - यह शब्द उन गलतियों को भी संदर्भित कर सकता है जो मानवीय स्वभाव का हिस्सा हैं, जैसे कि हर कोई गलतियाँ करता है। जब आप अपनी किसी गलती से कोई सबक नहीं सीखते, तो वह गलती बार-बार दोहराई जा सकती है और एक तरह से स्वाभाविक आदत बन सकती है। जानबूझकर की गई गलतियाँ - गलत या गलत नीयत से किया गया कार्य जानबूझकर किया जाता है। यह भूलवश नहीं होता, बल्कि गलत इरादों के कारण होता है। यह गलती एक इरादे या नीयत का परिणाम होती है, और यह किसी व्यक्ति को नुकसान पहुँचाने के उद्देश्य से की जाती है। गलतियां सबसे होती हैं, क्योंकि मनुष्य स्वभाव से परिपूर्ण नहीं होता। गलतियाँ सीखने की प्रक्रिया का एक हिस्सा हैं और इनसे हमें अनुभव मिलता है। अपनी गलतियों को स्वीकार करना और उनसे सीखना ही आगे बढ़ने और बेहतर बनने का सबसे सही तरीका है। गलतियाँ क्यों होती हैं? गलतियाँ होने के कई कारण हो सकते हैं: भावनात्मक प्रभाव: गुस्सा, डर, लालच या अहंकार में गलत फैसले लेना। आदतें: पुरानी गलत आदतों को छोड़ पाना मुश्किल होता है। अति आत्मविश्वास: खुद को बहुत ज़्यादा जानकार समझना और गलत निर्णय लेना। लापरवाही या टालमटोल: सही काम न करना और बाद में पछतावा होना। दबाव या परिस्थितियाँ: सामाजिक दबाव या मजबूरी में गलत चुनाव करना। अनुभव की कमी: ज्ञान को सही समय पर लागू न कर पाना। गलतियों से कैसे सीखें? स्वीकार करें: अपनी गलती स्वीकार करना पहला कदम है। पहचानें: गलती के कारण को समझें और उससे सीखें। बार-बार दोहराएँ नहीं: गलती से सीख लें ताकि उसे दोबारा न दोहराएँ। सुधार करें: अपनी गलतियों में सुधार करने का प्रयास करें। खुद को माफ़ करें : हर बार गलती पर पछताने से अच्छा है कि आप खुद को माफ़ करके आगे बढ़ें। संक्षेप में, गलतियाँ जीवन का हिस्सा हैं, इनसे डरने की बजाय उनसे सीखना ही बुद्धिमानी है।

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे-
vishwavarta.response@gmail.com

# मिट्टी की महक लौट आई है, पर अब वह केवल तस्वीरों में है


गोविंद तिवारी

आजकल जब कोई युवक खेत की मेंड़ पर खड़ा होकर मुस्कुरा रहा होता है, जब कोई युवती आँगन के तुलसी चौरे के पास दीपक जलाती है, या जब किसी की पोस्ट में गाँव का तालाब झिलमिला रहा होता है, तो मन भीतर से काँप उठता है... यही तो वे दृश्य हैं जिन्हें कभी हमने अपना सामान्य जीवन माना था... अब वही तस्वीरें हमारे लिए स्मृतियों का खज़ाना बन गई हैं। सोशल मंचों पर इन दिनों गाँव लौट आया है... लोग अपने गाँव की गलियों, खेतों, तालाबों, पेड़ों और मिट्टी की खुशबू को खोज रहे हैं... कभी जो मिट्टी हमारे पैरों तले थी, अब वही मिट्टी कैमरे के फ्रेम में सजी है... खेतों में लहलहाती फसलें, रहट की चर्र-चर्र, तालाब पर उतरती सुबह की किरणें, और हवा में घुली सरसों की महक सब कुछ अब यादों का हिस्सा बन गया है... लोग अब यह सब अपने हाथों से नहीं छूते, बल्कि तस्वीरों में महसूस करते हैं। कभी गाँव की पगडंडी पर चलते हुए मिलने वाले लोगों के चेहरे पर आत्मीय मुस्कान होती थी... अब वही मुस्कान किसी पुरानी तस्वीर में तलाशनी पड़ती है... गाँव की चौपालें, जहाँ रातें गीतों में गुजरती थीं, अब मौन हैं... वहाँ अब मोबाइल की घंटियों की जगह केवल यादों की गूंज बची है... कभी गाँव की गलियों में डाकिया साइकिल चलाता हुआ आता था, खेतों में किसान हल चलाते थे, कुएँ से औरतें रस्सी खींचती थीं, बच्चे नंगे पाँव खेतों में दौड़ते थे... आज वही दृश्य किसी की पोस्ट में देखकर लोग लिखते हैं। "कितना सुंदर भारत था हमारा"... पर यह भारत कहीं गया नहीं, बस हमने अपनी नजरें हटा लीं। विकास के नाम पर हमने जो छोड़ा, वही अब हमारे भीतर की खाली जगह बनकर रह गया है... हमने सुविधाएँ तो ले लीं, पर सादगी खो दी... हमने ऊँची इमारतें बना लीं, पर आँगन की ठंडी हवा खो दी... हमने रसोई में चमकदार बर्तन रख लिए, पर मिट्टी के घड़े का स्वाद भूल गए... लोग अब पुरानी चीज़ों को देखकर भावुक हो उठते हैं... कोई अपने पुराने रेडियो की तस्वीर लगाता है, कोई मिट्टी के दीये को हाथ में लेकर याद करता है, कोई दादी के कनस्तर को सजा देता है, तो कोई बैलगाड़ी के पास खड़ा होकर मुस्कुराता है... जो कभी साधारण था, अब वही असाधारण लग रहा है... जो पहले रोजमर्रा का हिस्सा था, अब वही "यादों का



आभूषण" बन चुका है। गाँव की गलियाँ अब भी वैसी ही हैं, लेकिन वहाँ लौटने की इच्छा भीतर से उठने लगी है... आधुनिकता की चमक में थके लोग अब सादगी की छाँव खोज रहे हैं... वे अब महसूस कर रहे हैं कि जीवन का असली सुख वह नहीं जो शहरों की भीड़ में है, बल्कि वह जो मिट्टी की गंध में है... खेतों की हवा में है, तुलसी चौरे की लौ में है, और माँ की रसोई की सोंधी महक में है। सोशल मंचों पर जब लोग गाँव की तस्वीरें डालते हैं, तो वे केवल दिखावा नहीं करते, वे भीतर की एक अधूरी चाह को अभिव्यक्त करते हैं... यह चाह है। फिर से अपनी मिट्टी से जुड़ने की, अपनी पहचान को छूने की, उस अपनापन को महसूस करने की जो विकास की दौड़ में कहीं पीछे छूट गया है। आज का समाज अपने अतीत से संवाद कर रहा है... यह संवाद कैमरे से नहीं, हृदय से हो रहा है... यह किसी चलन का हिस्सा नहीं, बल्कि आत्मा की पुकार है... यह पुकार कहती है। "हमें लौटना होगा"... गाँवों की ओर, मिट्टी की ओर, अपनी पहचान की ओर... क्योंकि जड़ों से कटकर कोई वृक्ष हराभरा नहीं रह सकता। हमारे गाँव की धरोहरें केवल पुरानी चीज़ें नहीं हैं... वे हमारी सभ्यता के साक्षी हैं... मिट्टी के बर्तन में हमारी संस्कृति है, तुलसी के पौधे में हमारी आस्था है, खेतों की हरियाली में हमारी मेहनत की गवाही है, और गाँव के तालाब में हमारी आत्मा की शांति... जब ये सब स्मृति से बाहर होकर फिर से जीवन में लौटेंगे, तभी हम वास्तव में अपने होने का अर्थ समझ पाएंगे। तकनीक ने हमें सुविधाएँ दीं, पर सुकून नहीं... विकास ने हमें रफ्तार दी, पर ठहराव नहीं... अब वही लोग जो कभी गाँव से दूर भागे थे, अब गाँव की तस्वीरों में लौटकर अपनी साँसें खोज रहे हैं... यही समय है जब हम समझें कि आधुनिकता और परंपरा का मेल ही जीवन का सच्चा संतुलन है... आओ, अपनी धरोहरों को सिर्फ़ स्मृति न बनने दें... मिट्टी के चूल्हे की आँच को जीवन में फिर से जलाएँ... तुलसी चौरे में दीपक रखें... गाँव के तालाब तक जाएँ और उसकी शांति को आत्मा में बसाएँ... खेतों की हरियाली में बैठकर हवा से बातें करें... माँ के हाथ की रोटी खाएँ... यह सब कुछ अब भी हमारे आसपास है, बस हमें उसे महसूस करना है। लोग आज सोशल मंचों पर अपनी मिट्टी को ढूँढ़ रहे हैं... पर असली मिट्टी तो उनके भीतर ही है... उसे जागृत करने की ज़रूरत है... जब तक हम अपनी मिट्टी, अपनी भाषा, अपनी परंपरा, और अपने गाँव से जुड़े रहेंगे, तब तक भारत की आत्मा जीवित रहेगी। मैं केवल इतना कहना चाहता हूँ कि धरोहरों को केवल तस्वीरों में नहीं, जीवन में जिएँ... क्योंकि मिट्टी में ही जीवन की महक है, और वही हमारी असली पहचान है...। इस देश की मिट्टी से उठी उस सोंधी गंध को महसूस करता हूँ, जो हर भारतीय के हृदय में अब भी जीवित है... वही गंध जो हमें याद दिलाती है कि हम कितने भी आगे बढ़ जाएँ, पर हमारी आत्मा हमेशा अपने गाँव की ओर ही लौटती है...।

## कविता


मोनिका डागा

### ओ चंदा!

छुप करके बादलों की ओट में देखो तुम मत सताना,
ओ चंदा! सुनो आज तुम थोड़ी जल्दी निकल आना।
सजधज कर प्रियतमा मेरी बैठी हैं तुम्हारे इंतजार में,
रखा है करवा चौथ का निर्जल व्रत आज मेरे प्यार में,
सुबह से ही उसने कर रखी हैं धूमधाम से सारी तैयारी,
लाल चूड़ा पहना और हाथों में लगाई है मेहंदी प्यारी,
सांझ हो रही अमृत किरणों को तुम हम पर बरसाना,
ओ चंदा! सुनो आज तुम थोड़ी जल्दी निकल आना ।
देखकर सजनी के चेहरे की चमक मैं इठला रहा हूं,
ईश का धन्यवाद मैं ख़ुशी से ये जीवन बीता रहा हूं,
आँच मेरे इस जीवन पर तनिक कभी भी ना आएँ,
उसकी उम्र मुझे लग जाएँ माँगती वो कितनी दुआएँ,
दीप की लौ संग चालनी के बीच में प्रेम रंग छलकाना,
ओ चंदा! सुनो आज तुम थोड़ी जल्दी निकल आना।
तन-मन जीवन में मेरे आनंद प्रेम संगीत भर जाती,
पायल की छनछन और सिंदूर की लाली मुझको भाँति,
आशाओं के आँगन में मधुबन सा सजा परिवार हमारा,
विश्वास सत्य सहयोग की नींव पर टिका गठबंधन प्यारा,
सप्तपदी के इस अटूट बंधन को और भी सुंदर सजाना,
ओ चंदा ! सुनो आज तुम थोड़ी जल्दी निकल आना।

# डिजिटल अरेस्ट व्यवस्था के भय का प्रतीक है


राजेश कुमार पासी

एक दिन मेरी पत्नी के मोबाइल पर एक कॉल आई कि हम सदर थाने से बोल रहे हैं। उसने फोन मुझे दे दिया कि आप बात करो । मैंने पूछा, क्या बात है तो उसने कहा कि हमने चार लड़के ड्रग्स सप्लाई करते हुए पकड़े हैं. एक ने आपका नंबर दिया है और कहा है कि मेरे पापा को बता दो। वो पुलिसिया रौब से बात कर रहा था, बोला कि हम इन्हें अदालत में पेश करने जा रहे हैं, आपको बताने के लिए फोन किया था। मैंने कहा कि किस थाने से बात कर रहे हो तो वो बोला कि आपको पता नहीं है कि सदर थाना कहां है। मैंने कहा कि हमारे यहां कोई सदर थाना नहीं है और मेरा एक बेटा है जो अभी घर में ही है। उसने गुस्से से कहा कि फोन रख दो। मुझे उस दिन अहसास हुआ कि कैसे ये लोग आम जनता को डिजिटल अरेस्ट करके कंगाल कर रहे हैं। डिजिटल अरेस्ट साइबर स्कैम का सबसे नया रूप है जिसमें अपराधी विधि प्रवर्तन अधिकारी या सरकारी एजेंसियों जैसे, सीबीआई, ईडी, पुलिस, नारकोटिक्स ब्यूरो की नकली पहचान बनाकर आम जनता के साथ ठगी करते हैं। ये लोग लोगों को फोन करके दावा करते हैं कि आपके या आपके किसी पारिवारिक सदस्य के खिलाफ मामला दर्ज हो गया है। अपने आरोपों को विश्वसनीय बनाने के लिए ये लोग नकली सरकारी कार्यालयों की व्यवस्था बनाते हैं । ये लोग ऐसे कई तरीके इस्तेमाल करते हैं जिससे कि पीड़ित को पूरा विश्वास हो जाता है कि वो सच में किसी सरकारी विभाग के अधिकारियों से बात कर रहा है। ये लोग ईमेल, मैसेजिंग एप के माध्यम से नकली वारंट, लीगल नोटिस और अन्य सरकारी दस्तावेजों से साबित कर देते हैं कि आप किसी अपराध में फंस गए हो। आरोप इतना गंभीर होता है कि आपको लंबी सजा हो सकती है. इसके अलावा आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा भी खत्म हो सकती है । ये लोग आदमी को इतना डरा देते हैं कि वो उनकी हर बात मानने को विवश हो जाता है। ये लोग कम पढ़े-लिखे होने के बावजूद इतने पेशेवर तरीके से बात करते हैं कि उससे कहीं ज्यादा पढ़ा-लिखा व्यक्ति इनका शिकार बन जाता है। नई दिल्ली में एक बुजुर्ग को डिजिटल अरेस्ट करने का मामला सामने आया है जिसमें उससे 42 लाख रुपये की ठगी कर ली गई । अपराधियों ने बुजुर्ग को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में नाम आने को लेकर धमकाया था । इस मामले में तीन आरोपियों को पकड़ा गया है। पीड़ित 80 साल का सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी था जिससे आरोपियों ने ईडी/सीबीआई अधिकारी बनकर ठगी की थी । आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से अपने जाल में फंसाकर उसकी जीवन भर की पूंजी लूट ली थी । ऐसे ही एक मामले में जम्मू के एक व्यापारी से मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में फंसाने की धमकी देकर 4.44 करोड़ रुपये ठग लिए गए । अपराधियों ने उसे कहा कि उनके आधार कार्ड और सिम कार्ड का इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग में हुआ है। पन्द्रह दिन पहले दिल्ली में डिजिटल अरेस्ट का अब तक का सबसे बड़ा मामले सामने आया है। साउथ दिल्ली के गुलमोहर पार्क में रहने वाले सेवानिवृत्त बैंकर नरेश मल्होत्रा को साइबर ठगों ने डेढ़ महीने तक डिजिटल अरेस्ट में रखकर 23 करोड़ रुपये की ठगी कर ली है । देखा जाए तो यह मामला सिर्फ इसलिए सबसे बड़ा नहीं है कि इसमें 23 करोड़ रुपये की बड़ी रकम की ठगी की गई है बल्कि इसलिए भी यह बड़ा है क्योंकि इसमें पीड़ित को अपराधियों ने डेढ़ महीने तक डिजिटल अरेस्ट किया हुआ था । इस दौरान ठगों ने उनकी जीवन भर की कमाई लूट ली थी । हर साल ऐसे हजारों मामले सामने आ रहे हैं जिसमें अपराधी लोगों को डिजिटल अरेस्ट करके उनकी जीवन भर की कमाई पर हाथ साफ कर रहे हैं । 2021-2024 के दौरान साइबर अपराधों में लगभग 30000 करोड़ रुपए लूटने का अनुमान है । साइबर ठग लोगों को डराने-धमकाने के नए-नए तरीकों से लूट रहे हैं। ये लोग इतने शातिर तरीके से काम करते हैं कि पुलिस के लिए इनको पकड़ना बहुत मुश्किल होता है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी इस बारे में जनता को आगाह किया है कि वो ऐसे झांसों में आकर अपनी मेहनत की कमाई को न लुटाए। पुलिस कई माध्यमों से जनता को जागरूक कर रही है कि डिजिटल अरेस्ट जैसा कुछ नहीं होता। पुलिस का कहना है कि वो किसी को भी डिजिटल अरेस्ट नहीं करती है। सवाल यह है कि लोग क्यों डिजिटल अरेस्ट का शिकार बन रहे हैं। डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामले बता रहे हैं कि देश की जनता में सरकारी व्यवस्था का कितना डर है। इससे पता चलता है कि देश की जनता सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों से कितनी डरी हुई है । जनता में इतना डर है कि वो न तो अदालत पर भरोसा कर रही है और ही उसे पुलिस पर भरोसा है । सबसे बड़ी बात यह है कि लोग यह जानते हुए भी कि उन्होंने कुछ नहीं किया है, अपनी जीवन भर की कमाई छुटकारा पाने के लिए दे देते हैं। वास्तव में इसके पीछे यह धारणा काम कर रही है कि अगर उन्हें झूठे मामले में भी फंसा दिया गया तो उन्हें अदालत से भी राहत मिलने वाली नहीं है । हमारे मुख्य न्यायाधीश लगातार बयान दे रहे हैं कि देश संविधान से चलेगा लेकिन ऊंचे पद पर बैठे हुए लोगों को पता नहीं है कि देश की सच्चाई क्या है । कहने को तो देश में न्यायपालिका है लेकिन सच्चाई यह है कि न्यायपालिका के पास 5 करोड़ से ज्यादा मुकदमे लंबित हैं । अगर आम नागरिक राहत पाने के लिए अदालत का रुख करता है तो उसे पता नहीं है कि उसके मामले की सुनवाई कब तक होगी ।

# गांव देहात में अभी भी काम आ रहे हैं डाकघर


अरविंद कुमार सिंह

संचार और सूचना क्रांति के बीच पैदा हुई पीढ़ी को भले ही यह लगता हो कि अब डाकघरों की जरूरत क्या है। पर देहाती डाकघर आज भी अपना महत्व बनाए हुए हैं और ग्रामीण भारत के बहुत काम आ रहे हैं। इसीलिए 1,64,987 डाकघरों में से 1,49,478 डाकघर ग्रामीण अंचलों में है। इनकी बदौलत ही भारतीय डाक विश्व में नंबर एक पर है। 9 अक्टूबर को विश्व डाक दिवस धूमधाम से मनाया जाता है। 1969 में टोकियो में आयोजित विश्व डाक संघ (यूपीयू) के सम्मेलन में इस बारे में फैसला हुआ था। इसकी मातृ संस्था जनरल पोस्टल यूनियन संयुक्त राष्ट्र संघ के बनने के पहले 9 अक्तूबर, 1874 को स्थापित हुई थी, जिसका नाम 1879 में विश्व डाक संघ रखा गया। भारत 1 जुलाई 1876 को इसका सदस्य बनने वाला पहला एशियाई देश था। दुनिया भर में इस समय करीब 6.40 लाख डाकघर हैं। संचार और सूचना क्रांति के असर के चलते कई देशों में डाकघर बंद हो रहे हैं पर भारत में पिछले पांच सालों में 5,639 नए डाकघर खुले हैं। सरकार नए सिरे से भारतीय डाक को आधुनिक साजो सामानों से लैस करने में लगी है। 16 दिसंबर, 2024 से नए डाक नियम लागू हुए हैं। डाकघर अधिनियम, 2023 भी 18 जून, 2024 से लागू हुआ है। इसके पहले भारतीय डाकघर अधिनियम, 1898 के तहत डाकघरों का संचालन होता था। यह संस्था हमेशा लोगों के सुख-दुख में खड़ी रही, जिसके कारण जनमानस में इसके साथ एक भावनात्मक जुड़ाव भी रहा है। डाक, बैंकिंग, जीवन बीमा और मनीआर्डर तथा रिटेल सेवाओं के माध्यम से इसका




आम लोगों के साथ गहरा जुड़ाव बना रहा है। पहले चिट्ठियां, मनीआर्डर, शुभकामना संदेश, तार, रेडियो लाइसेंस से लेकर तमाम भूमिकाएं थीं, पर अब वित्तीय सेवाओं से लेकर ई-कामर्स में इसकी भूमिका है। ऐसी कई सेवाएं जारी है, जिनके कारण पहले की तरह ही चौबीस घंटे डाकघरों में काम चलता रहता है। परंपरागत सेवाओं में लंबे समय तक उलझे रहे डाकघरों ने समय के साथ खुद को बदल कर अपना अस्तित्व ही नहीं बचाए रखा है, बल्कि खुद को सबल किया है। डिजिटल इण्डिया' से लेकर आर्थिक और वित्तीय समावेशन के लिए संचार और सूचना क्रांति की ताकत से डाकघरों ने खुद को लैस किया है। इसी कारण कुरियर की चुनौतियों के बावजूद अपनी स्पीड पोस्ट सेवा की बाजार हिस्सेदारी 40% तक बनाए रखी है। कई नागरिकोन्मुखी सेवाएं भी भारतीय डाक ने आरंभ की हैं। 3352 डाकघरों में आधार केंद्र और 434 प्रमुख डाकघरों में पासपोर्ट सेवा केंद्र भी खोले गए हैं। देश में डाकघरों में बचत बैंक से लेकर विभिन्न श्रेणी में 26 करोड़ से अधिक खाते हैं, जिनमें 12.68 लाख करोड़ रुपए जमा है। बेटी बचाओ बेटी पढाओ नारे के साथ शुरु सुकन्या खातों का 84% डाकघरों में खुला है क्योंकि इसके लिए पोस्टमैनों ने अभियान चलाया था। देश में 5 लाख से अधिक लघु बचत एजेंटों को भी इन योजनाओं से काम मिलता है। 2018 में इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक भी स्थापित किया गया है। इस साल आम बजट से पहले संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शीर्ष अधिकारियों के साथ वित्त मंत्री से मुलाकात कर डाक विभाग के कायाकल्प और 2029 तक लाभ में लाने की रणनीति के साथ एक ठोस रणनीति रखी। उसी के तहत डाक विभाग आगे बढ़ा है।

## एक नजर

### जीआईसी मैदान पर 9 से लगेगा स्वदेशी मेला

**सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बताया कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो स्वदेशी मेला 2025 में स्वदेशी उत्पादों की बिक्री एवं प्रदर्शनी का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में 9 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक प्रातः 11 से रात्रि 8 बजे तक किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न विभागों के स्टाल लगाये जायेंगे। उन्होंने आमजनमानस से अपील की है कि इस यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो स्वदेशी मेला में पहुंचकर दीपावली के शुभ अवसर पर स्वदेशी उत्पादों से सजाएं अपना घर और जीएसटी की दरों में कमी का लाभ उठाएं।

### करवाचौथ से पूर्व बढ़ी बाजारों में रौनक



**मछरेहटा (सीतापुर)।** करवाचौथ पर्व से पूर्व मछरेहटा कस्बे में बाजारों की रौनक बढ़ गई है।महिलाएं त्योहार की खरीदारी में व्यस्त है,जिसके कारण दुकानों पर भीड़ देखी जा रही है। आपको बताते चले मुरादाबाद से आने वाले पीतल के करवा बाजारों में अपनी खास जगह बनाए हुए है मछरेहटा के व्यापारी पवन गुप्ता बताते है कि पिछले वर्ष की तुलना में पीतल के करवा का रेट लगभग 250 रुपए कम हुआ है ।वही बाजार में पूजन सामग्री एवं अन्य खाद्य वस्तुओं का रेट थोड़ा बढ़ा भी है इसके बावजूद भी कस्बे के बाजारों में रौनक बढ़ी है ।आपको बताते चले इस पर्व पर सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। शाम को चांद के दर्शन और पूजा के बाद ही व्रत खोला जाता है। महिलाएं पूजा के लिए करवा, चुरा और अन्य आवश्यक सामग्री खरीदने के लिए सुबह से ही बाजारों में पहुंच रही हैं। महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस प्रशासन भी कस्बे में जगह 2 लगा हुआ है।

### मोटर साइकिल खाईं में गिरी, तीन घायल

**सिधौली (सीतापुर)।** नैमिषारण्य से दर्शन कर लौट रहे तीन बाइक सवार तीव्र मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होकर खाईं में जाने से गम्भीर घायल हो गए ।आकाश गुप्ता 22 वर्ष निवासी इंदिरा नगर लखनऊ अपने मित्रों ब्रजेश 21 वर्ष निवासी इंदिरानगर व आयूष 22 वर्ष निवासी मुंशी पुलिया के साथ बाइक पर सवार होकर नैमिषारण्य दर्शन के लिए गया था वापस आते समय बाड़ी गांव के निकट तीव्र मोड़ पर तेज रफ्तार बाइक को बाइक चला रहा आकाश सम्भाल न सका और बाइक अनियंत्रित होकर गहरी खाईं में जा गिरी,जिससे तीनों गम्भीर घायल हो गए। तीनों को सीएचसी सिधौली लाया गया जहां चिकित्सकों ने आकाश की गम्भीर हालत के चलते ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया ।जबकि ब्रजेश व आयूष का इलाज सीएचसी पर जारी है।

### जीएसएम एकेडमी में जागरूकता कार्यक्रम



**सिधौली (सीतापुर)।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज 5 .0 के अंतर्गत कस्बे की जीएसएम एजुकेशनल एकेडमी विद्यालय में बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर 1090 महिला हेल्पलाइन के प्रति जागरूकता फैलाई। प्रधानाचार्या डॉ0 वर्षा मिश्रा ने कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को लेकर सरकार का एक बेहतर प्रयास है। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष गंगाराम राजपूत व ईओ रेणुका यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### बारातघर को बनाया ग्राम पंचायत का कार्यालय



**मिश्रिख (सीतापुर)।** विकासखंड की ग्राम पंचायत सरसंई के मजरा सैदापुर में बीते सपा सरकार के दौरान एक बारात घर का निर्माण कराया गया था । जिसमें ग्रामीणो को शादी , विवाह आदि मांगलिक कार्यों में काफी सहूलियत मिलती थी । लेकिन यह शायद ग्रामीणों का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा। वर्तमान महिला ग्राम प्रधान ने ग्राम पंचायत में नए पंचायत भवन का निर्माण न कराकर बारात घर की ही मरम्ममत और रंगरोगन कराकर पंचायत भवन का रूप दे दिया है । परन्तु तथाकथित पंचायत भवन में कभी ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव के दर्शन तक नही होते है। प्रदेश शासन ने स्पष्ट निर्देश जारी किया है । कि ग्राम पंचायत के निवासियों को आय , जाति , निवास प्रमांण पत्र खेतौनी , जाब कार्ड फीडिंग , मास्टर रोल सहित सभी कार्य पंचायत सहायक व्दारा पंचायत भवन पर ही किए जाय। जिसके लिए प्रदेश शासन ने पंचायत भवन पर पंचायत सहायक की तैनाती भी है। परन्तु इस पंचायत भवन पर कोई कार्य नही किए जाते है। ग्रामीण आय जाति निवास आदि कार्यों के लिए कस्बा मिश्रिख और तहसील की भागदौड़ कर रहे है। यहां के ग्रामीण प्रमोद , रामसागर , रमेश , रामलोटन , रामश्री , कांती , कासीराम आदि ने जिला प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित कराते हुए जिम्मेदारो के बिरुध्द कार्यवाही करने की मांग की है।

### सदस्यों की संख्या पूरी न होने से बैठक स्थगित




**तालगांव।** विकास खण्ड परसेंडी में आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक सदस्यों की संख्या पूरी न होने के कारण स्थगित कर दी गई बताते चले क्षेत्र पंचायत की कार्य योजना बनाने के लिए बैठक 1 बजे बुलाई गई थी लेकिन 2 बजे तक भी कोरम पूरा नहीं हो सका विकास खण्ड में कुल 110 क्षेत्र पंचायत सदस्य है जिसमें 1 सदस्य की मृत्यु हो जाने के कर अब सदस्यों की संख्या 109 है कोरम पूरा करने के लिए आधे से अधिक संख्या होनी चाहिए थी जिसके कारण बैठक में 55 सदस्यों को होना चाहिए था लेकिन बैठक में सिर्फ 28 सदस्य ही पहुंच सके जिसके चलते बैठक अध्यक्षता कर रहे ब्लॉक प्रमुख राजेन्द्र राजवंशी ने बैठक स्थगित करते हुए अगली बैठक 17 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे पुनः बुलाए जाने की घोषणा करते हुए बैठक स्थगित कर दी। खण्ड विकास अधिकारी रजनीश शुक्ला ने बैठक में मौजूद सदस्यों को बैठक निरस्त कर अगली बैठक की सूचना दी।

### गोली चलने का वीडियो वायरल, 15 पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र के गांव गौसपुर में मंगलवार शाम पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष आमने–सामने आ गए थे। विवाद इतना बढ़ा कि एक पक्ष ने फायरिंग कर दी, जिससे गांव में अफरा–तफरी मच गई। गोली एक युवक के बगल से गुजर गई, जिससे बड़ी घटना टल गई ।गांव निवासी सद्दाम हुसैन पुत्र स्व. मुकील हुसैन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि करीब चार वर्ष पूर्व मुंबई में उसके बड़े भाई शकील व सलमान पर गांव के मान, अरशद, वसीम, शादाब आदि ने जानलेवा हमला किया था, जिसकी रिपोर्ट मुंबई में दर्ज है। तब से आरोपी लगातार समझौते का दबाव बना रहे हैं ।सद्दाम ने बताया कि मंगलवार शाम करीब चार बजे उसका भाई सलमान गांव में मिस्त्री बुलाने गया था। तभी मान, अरशद, वसीम , सलमान उर्फ गोगा , दिलशाद उर्फ शिवलू , महराज , बसर के अलावा 7–8 अज्ञात लोगों ने रास्ते में रोक लिया। उन्होंने गाली–गलौज करते हुए मुकदमे में समझौता करने का दबाव डाला। जब सलमान ने मना किया तो अरशद ने अवैध असलहे से फायर कर दिया। गोली सलमान के बगल से निकल गई, जिससे वह बाल–बाल बच गया। इसके बाद हमलावरों ने ईंट–पत्थर भी चलाए गए ।पीड़ित पक्ष ने थाना कमालगंज में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले में तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है मामले की तह तक जाने के लिए उनसे पूछ ताछ कि जा रही है।

# ट्रेंकुलाइज कर शावक को पिंजरे में किया कैद

» पूरा इलाका बाघ के आतंक से थर्रा उठा था, निगरानी जारी



विश्ववार्ता संवाददाता

**महोली (सीतापुर)।** वन विभाग द्वारा लगातार की जा रही काम्बिंग की कड़ी में बुधवार की शाम नरनी गांव में एक शावक को ट्रेंकुलाइज कर कैद कर लिया गया। विशेषज्ञों की यह टीम पिछले दिनों एक बाघ और बाघिन को भी ट्रेंकुलाइज कर चुकी है जिसके बाद से लगातार इन शावकों की निगरानी की जा रही थी।

महोली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नरनी में सौरभ दीक्षित पर हमला किये जाने के बाद से यह पूरा इलाका बाघ के आतंक से थर्रा उठा था। वन विभाग की कार्यशैली को लेकर भी तमाम सवाल उठने लगे थे और राजनीतिक दलों ने भी इस मुद्दे पर बयानबाजी शुरू कर दी थी जिसके बाद वन विभाग ने पहले बाघिन और फिर बाघ को ट्रेंकुलाइज कर कैद कर लिया था। इसी कड़ी में बुधवार की शाम को कमांड सेंटर और पचकारे बाबा स्थान के समीप एक शावक को भी ट्रेंकुलाइज कर कैद कर लिया गया। शावक को कैद किये जाने की खबर इलाके में जंगल मे आग की तरह फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गये। वन विभाग के स्थानीय अधिकारियों ने डीएफओ को सूचना भेज दी है और समाचार लिखे जाने तक उनके आगमन एवं दिशानिर्देश का इंतज़ार किया जा रहा था।

### नैनो उर्वरकों से बढ़ेगी पैदावार, घटेगी लागतः सचिन प्रताप सिंह



**सीतापुर।** कृषि में आधुनिक तकनीक और संसाधन दक्षता बढ़ाने की दिशा में, इफको द्वारा नैनो उर्वरक उपयोग महाअभियान के तहत किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र कटिया में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए और नैनो उर्वरकों के उपयोग, उनके प्रभाव तथा लागत में कमी से संबंधित जानकारियां साझा की गईं। इफको सीतापुर के क्षेत्रीय अधिकारी सचिन प्रताप सिंह ने कहा कि नैनो उर्वरकों के प्रयोग से किसानों की उत्पादन लागत में कमी आएगी और फसल की पैदावार में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि नैनो डीएपी का उपयोग कर किसान पारंपरिक दानेदार डीएपी की मात्रा को आधा कर सकते हैं। बीज, कंद या जड़ उपचार के लिए प्रति किलोग्राम बीज पर 5 मिलीलीटर नैनो डीएपी का प्रयोग करें तथा फसल में 30–35 दिन बाद नैनो डीएपी का छिड़काव करें। इससे फसल की गुणवत्ता में सुधार होगा और उर्वरक की बचत होगी। उन्होंने किसानों को जैविक खेती अपनाने और इफको द्वारा चलाए जा रहे नैनो उर्वरक उपयोग जागरुकता अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। वैज्ञानिक सचिन प्रताप तोमर ने रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से होने वाले नुकसान के बारे में बताया और किसानों को इनकी मात्रा घटाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अधिक यूरिया प्रयोग से कीट व रोगों का प्रकोप बढ़ता है और उत्पादन घटता है। शैलेंद्र सिंह, प्रसार वैज्ञानिक ने किसानों को जैविक और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी, वहीं डॉ. आनंद सिंह ने पशुपालन एवं पशुओं की देखभाल से संबंधित उपयोगी जानकारी साझा की। कार्यक्रम में किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र में लगाए गए नैनो उर्वरक प्रदर्शन प्लॉट का भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर विमल कुमार वर्मा (एसएफए), रंजीत कुमार सहित लगभग 70 किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. योगेंद्र प्रताप सिंह, फार्म मैनेजर ने किया।

### अवैध विस्फोटक के साथ युवक गिरफ्तार



**सीतापुर।** लहरपुर पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान अभियुक्त सलमान पुत्र असलम निवासी मोहल्ला कटरा कस्बा व थाना लहरपुर को अवैध विस्फोटक सामग्री के साथ गिरफ्तार किया है। अभियुक्त द्वारा बिना लाइसेंस के अवैध विस्फोटक सामग्री का व्यापार किया जा रहा था। पुलिस को तीन प्लास्टिक के बैग व दो गत्ते बड़े पैकेट में 37 बंडल बरामद हुए। जिसके विरुद्ध धारा 5/9 ख (2) विस्फोटक अधिनियम पंजीकृत किया गया है।

# 13 लाभार्थियों को सीएम युवा ऋण योजना का मिला लाभ

## जिलाधिकारी ने दो स्वयंसहायता समूहों को दिया चेक, खिले चेहरे

विश्ववार्ता संवाददाता

**सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में यूनियन बैंक के तत्वाधान में सीएम युवा ऋण योजना व एमएसएमआई योजना के लाभार्थियों को ऋण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित इस योजना के अन्तर्गत ऋण वितरण किया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा ऋण योजना युवाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे युवा स्वयं का रोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। उन्होंने लाभार्थियों से अपील की है कि इस अवसर का उपयोग उद्यमिता विकास के लिये करें व अन्य युवाओं को इसके लिये प्रेरित भी करें। इस ऋण से युवाओं को विनिर्माण, सेवा एवं व्यापार क्षेत्र में अपनी इकाई स्थापित करने हेतु ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर प्रदान होंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि इस ऋण वितरण कार्यक्रम से लाभार्थियों एवं बैंकों के बीच अच्छा समन्वय स्थापित होगा। उन्होंने बैंकों के प्रतिनिधियों से अपील की है कि हमें ऐसे लोगों को प्रोत्साहित करना चाहिये जो पात्र हों एवं स्वयं का रोजगार स्थापित करना चाहते हैं। जिलाधिकारी द्वारा कुल 19 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री युवा ऋण योजना, दो स्वयं सहायता समूह के लाभार्थियों का चेक वितरण किया गया। तीन बैंक मित्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर यूनियन बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख मारकंडे यादव, यूनियन बैंक के प्रतिनिधि व लाभार्थी उपस्थित रहे।




### नारी को सक्षम बनाएं, आओ मिलकर हाथ मिलाएं

#### 12वीं की छात्रा गौरी सिंह को चुना गया मिशन शक्ति एंबेसडर, छात्राओं ने दी बधाई



**सीतापुर।** कोतवाली देहात मिशन शक्ति टीम ने आनंदी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज में जाकर छात्राओं के साथ वार्ता करते हुए विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मिशन शक्ति टीम ने इंटरमीडिएट की छात्रा गौरी सिंह को मिशन शक्ति एंबेसडर चुना गया। मिशन शक्ति एंबेसडर बनाने का मुख्य उद्देश्य हर बालिका, छात्रा अथवा उसके संपर्क में आने वाले हर बच्चे व महिला तक पहुंच स्थापित करना है। इस दौरान छात्राओं को थाने पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्रो के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र में मिशन शक्ति टीम कार्यरत है जो पूर्ण रूप से आपकी गोपनीयता बनाये रखते हुए बतायी गयी समस्या का विधिक समाधान करेगी। इसके अतिरिक्त भी यदि किसी अन्य प्रकार की सहायता जैसे रात्रि के समय आपके अकेले कही से जाते समय सवारी न मिलने पर आप डायल 112 या मिशन शक्ति केंद्र की टीम से संपर्क कर सकती हैं। आपको तत्काल आपके गंतव्य तक पहुंचाया जायेगा। छात्रायें सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की ट्रोलिंग या अनुचित कृत्य प्रतीत होने पर भी पुलिस को अवगत करायें ताकि समय रहते समुचित समाधान किया जा सके। यदि आपके पास मोबाइल फोन है तो स्पीड डायल का प्रयोग करें एवम् फेवरेट्स में अपने खास नंबरो सहित 112, 108 एवम् थाने का सीयूजी नंबर भी रखें। इस दौरान चलाए जा रहे विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों समेत कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट देकर जागरूक किया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह, मिशन शक्ति टीम, अपराध निरीक्षक राजबहादुर, एसआई अवधेश प्रताप सिंह, आरक्षी शुभम कुमार, विनीत कुमार, मनीष चौधरी, महिला आरक्षी आशा शर्मा समेत महिला पीआरडी भी मौजूद रहीं।

## सांसद व विधायक खेल स्पर्धाओं का होगा आयोजन, बनाई गई रणनीति



विश्ववार्ता संवाददाता

**सीतापुर।** खेल विभाग एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न आयु वर्ग (सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर) में खेल प्रतियोगिताओं को सांसद व विधायक खेल स्पर्धाओं से जोड़ते हुये 21 सितम्बर से 25 दिसम्बर 2025 तक आयोजित कराया जाना है। उक्त स्पर्धाओं के आयोजन के संबंध में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। जिसमें समिति द्वारा विधानसभावार खिलाड़ियों का पंजीकरण युवा साथी पोर्टल (https://www.yuvasathi.in) पर विकल्पों के अनुसार कराया जायेगा।

व्यक्तिगत स्पर्धा में एथलेटिक्स विधा में अनिवार्य रूप से प्रतियोगिता का आयोजन कराया जायेगा तथा कम से कम चार अन्य खेल विधाओं में भी खेल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। संसदीय क्षेत्र स्तर पर सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन खेल विभाग द्वारा एवं विधानसभा क्षेत्र स्तर पर विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन युवा कल्याण विभाग द्वारा कराया जायेगा। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विधायक से सम्पर्क कर प्राप्त निर्देशों के अनुसार प्रतियोगिता का आयोजन करायेगें। विधायक खेल स्पर्धा के विजयी खिलाड़ियों को जनपद स्तर पर आयोजित होने वाले सांसद खेल स्पर्धा में प्रतिभाग कराया जायेगा। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला क्रीड़ाधिकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी, समिति के सदस्य रहे।

**महिमा के हाथ लगी बाजी**

**सीतापुर।** रामपुर मथुरा मिशन शक्ति टीम ने बाबा बालक राम इंटर कॉलेज गोण्डा देवरिया में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें विद्यालय की 30 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। दौड़ में प्रथम स्थान पर कक्षा छह की छात्रा महिमा देवी पुत्र आशाराम निवासी ग्राम गडरियापुरवा थाना रामपुर, द्वितीय स्थान पर सातवीं की छात्रा आयुषी मिश्रा पुत्री हरिओम मिश्रा निवासी रघुवापुर थाना रामपुर मथुरा तथा तृतीय स्थान पर मोहिनी देवी पुत्री रामशंकर निवासी शिवनाथपुरवा थाना रामपुर मथुरा रहीं। प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओ को उत्साहवर्धन हेतु पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पाण्डेय, एसआई उमाकान्त सविता, राजाराम यादव, मुख्य आरक्षी रविशंकर यादव, आरक्षी अजय कुमार, विनोद कुमार, पूनम व कंचन रानी मौजूद रहीं। प्रतियोगिता के पश्चात बालिकाओं को जागरुक करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा चलायी जा रही महिला कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही बालिकाओं को किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न अथवा साइबर फ्रॉड की स्थिति में बिना संकोच तत्काल पुलिस को सूचित करने की सलाह दी गई। इस दौरान बालिकाओं को जागरुकता सम्बंधी पम्पलेट्स वितरित किए गए।

## एक स्थान पर महिलाओं को एकत्र कर खिलाएं आईएफए की गोलियां : डीएम



विश्ववार्ता संवाददाता

**सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में मिशन शक्ति फेस 5 के तहत महिलाओं को आयरन फोलिक एसिड (आई.एफ.ए.) की गोलियां खिलाये जाने के संबंध में बैठक सम्पन्न हुयी।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों एवं एम.ओ.आई.सी. को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय करते हुये बच्चियों/महिलाओं की सूची एकत्रित कर ली जाये। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि इस सूची को एकत्रित करने के लिये पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का भी सहयोग लिया जाये। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी आई.एफ.ए. की गोलियां एक निश्चित समय पर दिनांक 14 अक्टूबर को सभी को एक ही स्थान पर एकत्रित करते हुये इसका सेवन करवायें।

उन्होंने गोलियां की उपलब्धता की जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी से प्राप्त की तथा निर्देश दिये कि आई.एफ.ए. गोलियों का वितरण ससमय सभी ब्लॉकों, पंचायतों, सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर उपलब्ध करायी जायें।बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## आत्मनिर्भर भारत खोलेगा विकसित भारत का मार्गः राजेश शुक्ला

### प्रेस कान्फ्रेंस में भाजपा जिलाध्यक्ष ने गिनाईं मोदी सरकार की उपलब्धियां



विश्ववार्ता संवाददाता

**सीतापुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा स्थानीय नेहरू हॉल में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा गया कि आज भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आत्मनिर्भर हो रहा है और स्वदेशी के मंत्र को अपना रहा है।

स्वदेशी को अपना कर जहां हमारा देश अपनी मिट्टी की खुशबू को दुनिया में फैला रहा है वहीं यहां का किसान और स्वदेशी नागरिक देश की मजबूत अर्थव्यवस्था में अपना योगदान कर रहा है जिससे जल्द ही भारत दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने के लिए क्रियाशील है। जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत विकसित भारत के लिए एक मार्ग बनाएगा। इस मार्ग का पालन करके हमारा देश जहां एक तरफ आर्थिक रूप से समृद्ध होगा वहीं देश व हमारी संस्कृति विदेशी कुचक्रों से दूर होगी। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि एक समय भारत मोबाइल फोन का सबसे बड़ा आयातक था जबकि आज एप्पल के क्षेत्र में देश सबसे बड़ा मोबाइल निर्यातक बन रहा है और यह व्यवस्था हमारे सफल होने का एक कारक की तरह कार्य कर रही है। वहीं कोरोना काल में भारत में बनी वैक्सीन ने पूरी दुनिया को भारत की आत्मनिर्भरता का उदाहरण पेश किया है। आज भारत अपने यहां बने रक्षा उपकरणो को पूरे विश्व में बहुतायत देशो को निर्यात कर रहा है और यह स्थिति एक ऐसे समय का निर्माण करेगी जिससे भारत माता परम वैभव को प्राप्त करेंगी। जिला उपाध्यक्ष करुणा शंकर त्रिपाठी, राम जीवन जायसवाल, विश्राम सागर राठौर, नीरज वर्मा झल्लर, इंदु सिंह चौहान एवं अजय विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

### पथ संचलनः पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत



**सीतापुर।** संदना कस्बे में बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने सौवें स्थापना दिवस के अवसर पर पथ संचलन का आयोजन किया। इस दौरान जगह–जगह लोगों ने स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। यह पथ संचलन कस्बे के सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज से शुरू हुआ। स्वयंसेवक खंड के प्रचारक रज्जन के नेतृत्व में कस्बे के मुख्य रोड से होते हुए7 पूर्णागिरी धर्मकांटा तक गए और फिर वापस कॉलेज परिसर में आकर इसका समापन हुआ। कार्यक्रम में वक्ता संयोजक विभाग प्रचारक डा. रामनरेश ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि संघ अपनी स्थापना के समय से ही देशभक्ति और सेवा का पर्याय रहा है। आरएसएस ने सोए हुए समाज को जगाकर सनातन धर्म की रक्षा की है। आरएसएस के संस्थापक डॉ. केशव राम बलिराम हेड़गेवार ने वर्ष 1925 में विजय दशमी के दिन इसकी स्थापना की थी। खंड सह संचालक राजेन्द्र, सह संचालक क्षामेश, दिलीप मिश्रा, नीरज, शशांक, सुरेंद्र, रहे।

**उपलब्धि** घटी जीएसटी मिला उपहार, मोदी सरकार आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

# केंद्र की मोदी सरकार ने हर वर्ग के लोगों को राहत देने का काम किया

विश्ववार्ता संवाददाता


**बिसवां (सीतापुर)।** घटी जीएसटी मिला उपहार मोदी सरकार आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत बिसवां विधानसभा का कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन हरगोविंद वर्मा हाल गन्ना समिति में किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बाराबंकी के पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार थे इस अवसर पर विधायक निर्मल वर्मा ने कहा केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी की दरों में कमी करके व्यापारियों के साथ ही आम आदमियों के लिए एक बड़ी राहत का काम किया है भरी हुई जीएसटी के कारण आम आदमी के प्रयोग होने वाली तमाम वस्तुओं की कीमत बढ़ गई थी जीएसटी के कम होने से गिरावट आई है अब आम आदमी भी जरूरतकी चीजेआसानी से खरीद सकेगा वहीं इसके लिए व्यापारी भाइयों को भी राहत मिली है इस अवसर पर विधायक द्वारा नगर के व्यापारियों को सम्मानित किया गया है व्यापारी नेताओं ने केंद्र सरकार को जीएसटी की तरह दरें घटाने के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया कार्यक्रम में मुख्य के द्वारा केंद्र तथा प्रदेश सरकार द्वारा की गई तमाम उपलब्धियां की जानकारी देते हुए का प्रदेश तथा केंद्र की भाजपा सरकार ने आम आदमी व्यापारी किसानों तथा हर वर्ग के लोगों को राहत देने का काम किया है कार्यक्रम में पंकज गुप्ता के अलावा गन्ना समिति के अध्यक्ष सुधाकर शुक्ला थे।




» सरकार ने आम आदमी, व्यापारी किसानों तथा हर वर्ग के लोगों को राहत देने का काम किया है

### प्रसिद्ध कलाकार करेंगे रामलीला का मंचन




**मिश्रिख (सीतापुर)।** महर्षि दधीचि की पावन तपो भूमि होली परिक्रमा मेला मैदान में रामलीला मंचन को लेकर तैयारियां तेज हो गई है । दिनांक 13 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक महर्षि दधीचि की पावन तपो भूमि पर मेला मैदान में ब्राइट फ्यूचर एकेडमी दिल्ली के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा। जिसे लेकर रामलीला न्यास मिश्रिखद्वारा कई बार बैठक का आयोजन किया जा चुका है। यह कार्यक्रम सायं 6 बजे से रात्रि 12 बजे तक आयोजित होगा। कार्यक्रम के संरक्षक भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला , सांसद अशोक कुमार रावत , सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान , विधायक रामकृष्ण भार्गव व पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मुनींद्र अवस्थी , ब्लाक प्रमुख रामकिंकर पांडेय , ब्लाक प्रमुख मछरेहटा मिथिलेश कुमारी, उपजिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्र , नगर पालिका चेयर मैन सीमा भार्गव आदि गणमान्य व्यक्ति भाग लेंगे ।

## एक नजर

### डिवाइडर से टकराकर ऑटो पलटा, चार लोग गंभीर रूप से घायल

कानपुर। चौबेपुर में नेशनल हाईवे पर पिपरी गांव के सामने एक अनियंत्रित ऑटो डिवाइडर से टकराकर पलट गया। इस हादसे में ऑटो में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें कानपुर रेफर किया गया है। दुर्घटनाग्रस्त ऑटो तिर्वा से कानपुर की ओर जा रहा था, तभी वह अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया और पलट गया। घायलों की पहचान राजेंद्र पुत्र सुदर्शन निवासी गुजैनी, आशु पुत्र अशोक कुमार निवासी बर्रा, छोटेलाल पुत्र रामनंद निवासी किदवई नगर और आमिर पुत्र समीर निवासी बारादेवी के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर चौबेपुर पुलिस मौके पर पहुंची। सभी गंभीर घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों के परिजनों को भी सूचित कर दिया गया है। चौबेपुर थाना अध्यक्ष आशीष कुमार चौबे ने बताया कि सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था और डॉक्टरों ने उन्हें कानपुर रेफर किया है। उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है।

### एसपी ने औरास थाने का औचक निरीक्षण किया

औरास उन्नाव। अचानक औरास थाने का निरीक्षण करने निकले नवागंतुक एसपी जय प्रकाश सिंह ने मंगलवार रात लगभग 9 बजे औरास थाने पर जा धमके जहां उन्होंने प्रभारी निरीक्षक झानेंद्र सिंह के साथ सबसे पहले कार्यालय के दस्तावेज का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने महिला हेल्प डेस्क, शक्ति मिशन कार्यालय, अपराध, दस्तावेज, मॉल खाना हवालात के साथ बैरिक, साफ सफाई व अन्य बिन्दुओं का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके बाद एसपी ने पुलिस स्टाप के रुकने वाले बिल्डिंग का भी निरीक्षण किया। थाना परिसर की साफ सफाई पर संतुष्टि जाहिर की निरीक्षण में मिली छुटपुट कमियों को दूर करने एवं आम जनता से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। एसपी के आधा घंटा निरीक्षण के दौरान पूरे थाने का स्टॉफ एलर्ट रहा।

### लोडर ने बाइक सवार ट्रैक्टर मिस्त्री को मारी टक्कर हुई मौत

पुरवा उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में एक सड़क हादसे में ट्रैक्टर मिस्त्री प्रमोद की मौत हो गई। यह घटना मझिगवां मोड़ के पास हुई, जब एक लोडर से उनकी बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। प्रमोद शाम को अपनी दुकान से घर लौट रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि वे गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें तत्काल पुरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों ने प्रमोद की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें उन्नाव रेफर कर दिया। उन्नाव से लखनऊ ले जाते समय रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। मगरायर निवासी बुद्धि लाल के पांच बेटों में प्रमोद सबसे बड़े थे। उनकी मौरावां रोड पर पेट्रोल पंप के पास ट्रैक्टर रिपेयरिंग की दुकान थी। प्रमोद शादीशुदा थे और उनके तीन बेटियां (अनामिका, प्रियांशी, मीठी) और एक बेटा (आजाद) है। उनके भाई प्रदीप, संदीप, मनोज और मनीष हैं। मां शिव कुमारी और पत्नी सुनीता का रो-रोकर बुरा हाल है। पुरवा कोतवाली प्रभारी अमरनाथ सिंह ने बताया कि सड़क हादसे की सूचना मिली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### पिकअप ने बाइक सवार भाई बहन को मारी टक्कर डाक्टरों ने बहन को किया मृत घोषित भाई रेफर

गंजमुरादाबाद उन्नाव। मौसी के घर से लौट रहे बाइक सवार भाई बहन को पार्सल पिकप डाला ने जोरदार टक्कर मार दी इस घटना में दोनो घायलों को राहगीरों की मदद से सीएचसी मल्लावां ले जाकर भर्ती कराया गया। जहां पर चिकित्सको ने बहन को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल भाई को मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर कर दिया गया। जनपद हरदोई के थानाक्षेत्र सुरसा अंतर्गत गांव ढोलिया निवासी सचिन 18 पुत्र स्व गिरजा शंकर बहन राजकुमारी 22 के साथ बीते मंगलवार को बांगरमऊ क्षेत्र के गांव केसरी पुरवा निवासी मौसा राम सिंह के घर घूमने आया हुआ था। बुधवार की सुबह करीब 8:30 बजे दोनों भाई बहन बाइक से घर वापस जा रहे थे तभी रास्ते में हरदोई उन्नाव मार्ग पर बांगरमऊ क्षेत्र में गांव सुल्तानपुर के निकट उनकी बाइक में एक तेज गति पार्सल पिकप डाला ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों बाइक सवार भाई बहन सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से दोनों को सीएचसी मल्लावां ले जाया गया। जहां पर चिकित्सको ने बहन राजकुमारी को मृत घोषित कर दिया। जबकि भाई सचिन को मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर किया गया है। मृतका दो भाइयों राहुल और सचिन में सबसे बड़ी है। सूचना पर पहुंची हरदोई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हरदोई भेजा है। कोतवाल चंद्रकांत सिंह ने कहा है कि बांगरमऊ क्षेत्र में दुर्घटना हुई थी घटना के प्रति विधिक कार्यवाही की जा रही है। मृतका की मां पिंकी देवी ने बताया कि उसके पति की दो वर्ष पूर्व बीमारी से मौत हो चुकी है। बेटी राजकुमारी की उसने बिलग्राम कोतवाली के गांव राहुला निवासी केशन पाल के साथ शादी तय की थी। बेटी का 22 नवंबर को तिलक होना था। शादी की 25 नवंबर की तारीख तय थी। बेटी की शादी की तैयारी चल रही थी। इसी बीच बेटी की मौत होने से उसके ऊपर दुखो का पहाड़ टूट पड़ा। इस हादसे से शादी की खुशियां मातम में बदल गई।

### गाजे-बाजे तथा सैकड़ों वाहनों से कलश यात्रा निकाल दसवें हनुमंत रुद्र महायज्ञ का किया शुभारंभ

असोहा उन्नाव। क्षेत्र के अजयपुर स्थित पावन धाम कुटी बीर बाबा में आज कलश यात्रा के साथ हनुमत रुद्र महायज्ञ का शुभांरभ हुआ, उक्त कलश यात्रा में अयोध्या से आये आचार्यों ने विधिवत पूजन करके कलश यात्रा का प्रारंभ कराया, कलश यात्रा कुटी बीर बाबा से चल कर असोहा स्थित देहवा देवी मंदिर पहुंची। फिर नेवादा, इस्लामनगर, अजयपुर, निमैचा, भाऊ मऊ होते हुए साई नदी स्थित देवल मुनि आश्रम पहुंची। जहां आचार्यों ने वैदिक विधि से पूजन किया। कमेटी के सदस्यों भगवन अवस्थी, त्रिभुवन त्रिपाठी, तिंम्पू श्रीवास्तव आदि ने बताया कि आज शाम से ही रामकथा का भी शुभारम्भ होगा। जिसमे अधिक से अधिक संख्यां में भक्तों से पहुंचने की प्रार्थना की। कलश यात्रा में शिवनारायण अवस्थी, भगवान शंकर शुक्ल, अखिल श्रीवास्तव, सतीश अग्निहोत्री, शिवम तिवारी, रामजी गुप्ता, रामशंकर यादव, प्रवीण शुक्ल, अनुज, राजेश, रोहित, शशांक, अनुराग, कल्लू त्रिवेदी, सोनू मिश्र सहित क्षेत्र के सैकड़ों लोगो ने भाग लिया।

### एसडीएम ने विधानसभा पर्यवेक्षकों एवं सक्षम अधिकारियों के साथ बीएलओ के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक की

पुरवा उन्नाव। एसडीएम ने 167-पुरवा विधानसभा के पर्यवेक्षकों एवं सक्षम अधिकारियों के साथ बैठक कर बीएलओ के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। 27 बूथों के बीएलओ द्वारा कार्य न करने पर बी ई ओ को सूची देकर कार्यवाही के निर्देश दिए। बुधवार को एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने विधानसभा 167 पुरवा मतदाता सूची अपडेशन हेतु समीक्षा बैठक कर मातहतों को दिशा निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि वर्ष 2003 से वर्ष 2025 की मतदाता सूची मात्र 90 हजार मतदाता आफलाइन व 50 हजार मतदाता की आनलाइन मैपिंग की गई है। उन्होंने बताया कि कुल 447 बूथों में 27 बूथों के बीएलओ ने कार्य नहीं किया है जिसकी सूची बी ई ओ को देकर कार्यवाही के निर्देश दिए गये हैं। एसडीएम ने अवशेष कार्य को तीन दिनों में संपादित कराने के निर्देश दिए। बैठक में सभी एई आर ओ, तहसीलदार मनीष द्विवेदी, बी ई ओ सुरेश कुमार, खण्ड विकास अधिकारी समेत सभी सक्षम अधिकारी उपस्थित रहे।

### ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए मेडिकल परीक्षण कराना होगा अनिवार्य

उन्नाव। एआरटीओ श्वेता वर्मा ने बताया कि अब ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया को अब और सख्त कर दी गई है। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (RTO) में लर्निंग या स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को मेडिकल परीक्षण कराना अनिवार्य होगा। चिकित्सक डॉक्टर ऋतू ओमर ने संयुक्त रूप से दी जानकारी। डॉक्टर ऋतू ओमर ने बताया कि यह मेडिकल चेकअप केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि चालक की सड़क पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि चालक यातायात संकेतों और ध्वनियों को सही ढंग से समझ सके तथा आपात स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया दे सके। इस परीक्षण में आवेदक की आंखों की रोशनी, कलर ब्लाइंडनेस रंगों की पहचान में असमर्थता, सुनने की क्षमता और हाथ-पैरों की कार्यप्रणाली की जांच की जाती है। सफल चिकित्सा जांच के बाद, डॉक्टर द्वारा आवेदक को 'फॉर्म 1 ए' भरकर दिया जाएगा।

# एक दिन की डीएम बन छात्रा ने किया जनसमस्याओं का निस्तारण

विश्ववार्ता संवाददाता



कानपुर। मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत आज जनपद कानपुर नगर में एक विशेष आयोजन किया गया, जिसमें पारितोष इंटर कॉलेज, हंस पुरम, नौबस्ता की मेधावी छात्रा कुमारी श्रद्धा दीक्षित ने एक दिन की जिलाधिकारी के रूप में कार्य किया।

कुमारी श्रद्धा दीक्षित ने वर्ष 2025 की हाईस्कूल परीक्षा में 96.83% अंक प्राप्त कर जनपद में टॉपर का स्थान प्राप्त किया था। उनकी इस उपलब्धि के सम्मान में उन्हें सांकेतिक जिलाधिकारी के रूप में जिला प्रशासन, कानपुर नगर द्वारा यह दायित्व सौंपा गया।

एक दिन की जिलाधिकारी के रूप में श्रद्धा दीक्षित ने जनता की शिकायतें सुनीं तथा उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके उत्साह एवं संवेदनशीलता की सराहना की। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि मिशन शक्ति 5.0 का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और प्रशासनिक समझ विकसित करना है। श्रद्धा दीक्षित जैसी प्रतिभाशाली बालिकाएं आने वाले समय में समाज और शासन की दिशा निर्धारित करेंगी। इस आयोजन का उद्देश्य बालिकाओं में नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें सशक्त नेतृत्व का अनुभव प्रदान करना है। आज जनसुनवाई के दौरान सांकेतिक जिलाधिकारी श्रद्धा दीक्षित के समक्ष मीरपुर छावनी, थाना रेलबाजार निवासी अनीसा पत्नी मोहम्मद सईद द्वारा अपने आवास से संबंधित भूमि विवाद की शिकायत प्रस्तुत की गई। प्रार्थिनी ने बताया कि कुछ स्थानीय व्यक्तियों द्वारा उनके मकान के सामने अवैध रूप से रास्ता बनाकर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है तथा विरोध करने पर उन्हें डराया-धमकाया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि शिकायत के बावजूद पुलिस द्वारा उचित कार्यवाही नहीं की जा रही है।

# दोना फैक्ट्री में लगी भीषण आग लाखों का सामान जलकर राख

विश्ववार्ता संवाददाता



कानपुर। बिल्हौर विकास खंड की ग्राम पंचायत बरौली में स्थित श्री गुरु कृपा दोना फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। इस घटना में फैक्ट्री में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

बताया गया कि आग देर रात 12 से 1 बजे के बीच लगी। आग इतनी भीषण थी कि फैक्ट्री के अंदर रखी मशीनरी और कच्चा माल पूरी तरह जल गया। आग की लपटें दूर से दिखाई दे रही थीं।

सूचना मिलने पर दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आग बुझाने के लिए दमकल की छह गाड़ियों को मशक्कत करनी पड़ी। सुबह 9 बजे तक आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया।

फैक्ट्री संचालक संजीव ने बताया कि आग से उनका लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। फैक्ट्री में रखासारा तैयार माल और कच्चा मटेरियल जलकर राख हो गया। उन्होंने यह भी बताया कि यह दूसरी बार है जब उनकी फैक्ट्री में आग लगी है। कुछ साल पहले भी ऐसी ही घटना हुई थी। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## गाली गलौज के विरोध पर चाचा-भतीजे को पीटकर किया लहूलुहान

विश्ववार्ता संवाददाता

कानपुर। बिल्हौर कस्बे के अशफाक उल्ला नगर में दबंगो ने गाली-गलौज के विरोध में कहर बरपाया। बात इतनी बढ़ी कि लाठी-डंडे चल गए और चाचा-भतीजा लहूलुहान हो गए। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई।

अशफाक उल्ला नगर निवासी जुनैद पुत्र शकील ने बताया कि रात करीब नौ बजे वह अपने चाचा गुड्डू खां उर्फ रफी मोहम्मद के साथ दुकान पर बैठे थे। तभी मोहल्ले के शमशाद उर्फ मुन्ना, शादाब, नौशाद पुत्र भग्गा व नन्ना पुत्र मखऊ वहां पहुंचे और बिना वजह गाली-गलौज करने लगे।जब चाचा-भतीजे ने विरोध किया तो आरोपियों ने उन पर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया कि आरोपी पहले भी झगड़ा कर चुके हैं।

हमले के दौरान किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिससे घटना ने तूल पकड़ लिया।

# स्वच्छ भारत मिशन के कूड़ा संग्रहण केंद्र बेकार खड़े, फैल रहा खुले में कचरा

विश्ववार्ता संवाददाता




कानपुर। शिवराजपुर ब्लॉक में स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाए गए ठोस अपशिष्ट संग्रहण केंद्र सफेद हाथी साबित हो रहे हैं। इन केंद्रों पर कूड़ा एकत्रित करने के बजाय उसे दूसरी जगहों पर फेंका जा रहा है, जिससे गंदगी फैल रही है।

उत्तरी रानेपुर और घिमऊ जैसे गांवों में भी यही स्थिति है। सरकार द्वारा अपशिष्ट पदार्थ एकत्रित करने के लिए बनाई गई इमारतें अनुपयोगी पड़ी हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि कूड़ा निर्धारित स्थलों पर न डालकर खुले में फेंका जा रहा है। अनुज, श्याम, नरेश, शिव सिंह, राम मोहन, धर्मेंद्र और जितेंद्र सहित कई ग्रामीणों ने इस पर चिंता व्यक्त की।

इस लापरवाही के कारण गांवों में गंदगी बढ़ रही है और स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्य विफल हो रहे है।

# आत्मनिर्भर भारत बनाने में स्वदेशी की भूमिका होगी हम आत्मनिर्भर के माध्यम से विकसित भारत के संकल्प को साकार करेंगे



उन्नाव। आत्मनिर्भर भारत बनाने में स्वदेशी की भूमिका होगी हम आत्मनिर्भर के माध्यम से विकसित भारत के संकल्प को साकार करेंगे। यह बात भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने भाजपा कार्यालय उन्नाव में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही।

श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के दिन भारतीय जनता पार्टी द्वारा 'आत्मनिर्भर भारत' और 'हर घर स्वदेशी' अभियान का शुभारंभ हुआ था। जो भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म जयंती 25 दिसंबर तक चलेगा।

उन्होंने आगे कहा आत्मनिर्भर भारत' और 'हर घर स्वदेशी' अभियान का उद्देश्य देश के हर नागरिक को स्वदेशी से जोड़ना है ताकि यह जन आंदोलन बने और भारत को आत्मनिर्भर बनाने का संदेश घर-घर तक पहुंचे। इस दौरान हर घर से स्वदेशी को जोड़ते हुए विभिन्न माध्यमों से 'वोकल फॉर लोकल' का संदेश दिया जाएगा। हमारा नारा है - 'हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी'। माननीय प्रधानमंत्री जी ने 140 करोड़ देशवासियों से प्रार्थना की है कि जो भी वस्तु खरीदी जाए, वह भारत में निर्मित होनी चाहिए। स्वदेशी अभियान में नागरिकों से हर घर जाकर स्टिकर लगाने और स्वदेशी उत्पाद खरीदने का संकल्प लेने का आह्वान किया जाएगा। यह अभियान आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी' के संदेश के लिए टी-शर्ट, डायरी, पटका, स्टैंड, कप आदि का प्रयोग किया जाएगा। दुकानदारों से निवेदन किया जाएगा कि वे अपने स्टोर्स में स्वदेशी कार्नर स्थापित करें और स्थानीय निकायों के माध्यम से अनुरोध किया जाएगा कि वे लोकल उत्पादों का उपयोग करें और उनका प्रचार करें। विश्व में एकमात्र नेता नरेंद्र मोदी हैं जिनको विश्व के 25 से अधिक देशों ने सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया। एक ऐसे नेता हैं जिनके जनप्रतिनिधि रहते 25 वर्षों में एक रुपए का आरोप नही लगा उनका नाम नरेंद्र मोदी है। ऐसे व्यक्तित्व वाले व्यक्ति सौ वर्षो में जन्म लेते हैं। योगी जी के नेतृत्व में प्रदेश में बेरोजगारी दर घटी है।

# मिशन शक्ति के पांचवे चरण में महिलाओं-बालिकाओं को सुरक्षा, स्वावलंबन की मिली जानकारी

विश्ववार्ता संवाददाता



कानपुर। 8 अक्टूबर 2025 को पश्चिम जोन कमिश्नरेट के अंतर्गत समस्त थानों की एंटी रोमियो टीमों ने मिशन शक्ति 5 अभियान का आयोजन किया। इस अभियान के तहत टीमों ने लगातार क्षेत्रीय भ्रमण करके महिलाओं एवं बालिकाओं को नारी सुरक्षा और स्वावलंबन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

अभियान के दौरान, महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया गया। इनमें 1090 वूमेन पावर लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 बाल संरक्षण हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा और 181 महिला हेल्पलाइन शामिल थे।

इसके अतिरिक्त, उन्हें यूपीकॉप ऐप के माध्यम से उपलब्ध नागरिक सेवाओं का उपयोग करने के तरीके समझाए गए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक और इंस्टाग्राम के जरिए महिला सुरक्षा से संबंधित जानकारी प्राप्त करने और संवाद स्थापित करने के तरीकों पर भी प्रकाश डाला गया। राज्य सरकार द्वारा संचालित महिला सशक्तिकरण और कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी गई।

क्षेत्र में भ्रमण करते हुए, एंटी रोमियो टीमों ने महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की। साथ ही उनकी समस्याओं को त्वरित रूप से हल करने का आश्वासन भी दिया गया, जिससे उनमें विश्वास पैदा हुआ।

# बिल्डिंग में लगी आग दमकल ने किया काबू, नहीं कोई जनहानि

विश्ववार्ता संवाददाता



कानपुर। नयागंज चौकी क्षेत्र के कलक्टरगंज स्थित गोल्डी हाउस में बुधवार सुबह आग लग गई।

सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। इस घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर त्वरित कार्रवाई की जिसकी वजह से समय से आग पर काबू पा लिया गया।

घटना बुधवार सुबह हुई। मिनी कंट्रोल रूम को गोल्डी हाउस में आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद एफएसओ लाटूश रोड के साथ दमकल कर्मी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। आग बिल्डिंग के अंदर बने एक हॉल में लगी थी। दमकलकर्मियों ने दमकल में दो हौज पाइप फैलाकर पंपिंग शुरू की और आग को पूरी तरह बुझा दिया।

आग बुझाने के बाद यूनिट ने नयागंज मेट्रो स्टेशन से पानी भरा।

आग पर पूरी तरह से काबू पाने के बाद दमकल यूनिट वापस एफएस लाटूश रोड लौट गई। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

## पुलिस को देखते ही चोर हुए फरार

कानपुर। ककवन पुलिस ने थाना क्षेत्र के फत्तेपुर और घंसी निवादा के पास चोरी की भैसे बरामद की हैं। पुलिस को देखते ही चोर मौके से फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार, बुधवार को फत्तेपुर और घंसी निवादा के बीच चोर भैसे चुराकर ले जा रहे थे। पुलिस को देखते ही उन्होंने भैंसो को छोड़कर खेतों की ओर भागना शुरू कर दिया।

पुलिस ने चोरों का पीछा भी किया, लेकिन उन्हें गिरफ्तार करने में सफलता नहीं मिली। थाना पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से भैंसो को थाने पहुंचाया।

थाना प्रभारी जितेंद्र राजपूत ने बताया कि चोरी की दो भैंसें मिली हैं और उनके मालिकों का पता लगाया जा रहा है। आसपास के थानों में भी इस संबंध में सूचना दे दी गई है।

# तीन ट्रकों की आपस में टक्कर, दो ट्रकों के चालक-क्लीनर फरार

विश्ववार्ता संवाददाता



कानपुर। अरौल थाना क्षेत्र में तीन ट्रकों की आपस में टक्कर हो गई। यह घटना कानपुर-कन्नौज मार्ग पर हुई, जिसमें दो ट्रकों के चालक और क्लीनर मौके से फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह कानपुर से कन्नौज की ओर जा रहे ट्रक की टक्कर कन्नौज से कानपुर आ रहे ट्रक से हो गई। टक्कर के बाद ट्रको के चालक और क्लीनर मौके से भाग निकले।

इसी दौरान, कन्नौज से कानपुर की ओर जा रहा एक तीसरा ट्रक भी दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ट्रक के चालक की पहचान अनिल पुत्र रामकेश निवासी नंदगढ़, जींद हरियाणा के रूप में हुई है, जबकि दूसरे ट्रक का चालक सरफुद्दीन पुत्र शाहरुख़ निवासी कमालगंज, फर्रुखाबाद है।

सूचना मिलने पर अरौल थाना प्रभारी जनार्दन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तीनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सुरक्षित स्थान पर हटवाया और बाधित यातायात को पूरी तरह से सामान्य कराया।

# बूंदाबांदी और तेज हवाओं से मौसम में ठंड का अहसास

विश्ववार्ता संवाददाता



कानपुर। उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों में हुई बर्फबारी का असर अब मैदानी इलाकों में भी दिखने लगा है। कानपुर का मौसम भी बदला-बदला नजर आया। आसमान पर काले बादल छाए रहे और हल्की बूंदाबांदी के साथ ठंडी हवाओं ने लोगों को अक्टूबर की शुरुआत में ही ठंड का अहसास करा दिया। नमी भरी हवाओं ने शहर के तापमान में गिरावट ला दी है।

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक प्रो. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि बुधवार को अधिकतम तापमान 28.9 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 21.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह के समय अधिकतम आर्द्रता 88 प्रतिशत और न्यूनतम 61 प्रतिशत रही, जबकि हवा की औसत गति 3.5 किलोमीटर प्रति घंटा उत्तर-पश्चिम दिशा से दर्ज की गई। पिछले 24 घंटे में शहर में 5.8 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, गुरुवार को भी आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे। दोपहर बाद कुछ इलाकों में गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट दर्ज की जा सकती है।

अक्टूबर के पहले हफ्ते में ही जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊंचे इलाकों में भारी बर्फबारी दर्ज की गई है। गुलमर्ग, सोनमर्ग, मनाली, बद्रीनाथ, केदारनाथ और हेमकुंड साहिब जैसे स्थानों पर बर्फ की सफेद चादर बिछ गई है।

समय से पहले हुई बर्फबारी ने मैदानी इलाकों के तापमान को भी प्रभावित किया है। विशेषज्ञों का कहना है कि पहाड़ों में जारी बर्फबारी का असर अगले कुछ दिनों तक मैदानी इलाकों के मौसम पर बना रहेगा।

गुरुवार को दिन के दौरान हल्की धूप निकलने के आसार हैं, लेकिन शाम होते-होते फिर से बादल छा जाएंगे और हवाओं का रुख ठंडा बना रहेगा।

**बड़ी कमी** एक ओर जहां इकाना स्टेडियम में दर्शकों की नि :शुल्क एंट्री थी तो वहीं ग्रीनपार्क में वनडे के टिकट धड़ल्ले से बिके

# ग्रीनपार्क में नए पवेलियन निर्माण के नाम पर घटती गई दर्शक क्षमता

विश्ववार्ता संवाददाता

कानपुर। ग्रीनपार्क स्टेडियम अपनी पुरानी पहचान खोता जा रहा है। आज भी इस मैदान में अगर कोई मैच होता है तो क्रिकेट प्रेमी इस मैच को इतना ज्यादा खास बना देते है कि स्टेडियम में पैर रखने की भी जगह नहीं बचती हैं। 5 अक्टूबर को संपन्न हुए अन ऑफिसियल मैच इंडिया ए और ऑस्ट्रेलिया ए की वनडे सीरीज में ये नजारा खूब देखने को मिला।

एक ओर जहां लखनऊ के इकाना स्टेडियम में दर्शकों की निशुल्क एंट्री टेस्ट मैच के लिए रखी गई थी तो वहीं दूसरी तरफ ग्रीनपार्क में हुई वनडे सीरीज में टिकट की धड़ल्ले के साथ बिक्री हुई।

ग्रीनपार्क स्टेडियम की दर्शक क्षमता सबसे बड़ी कमी हैं। ये बात बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने खुद एक इंटरव्यू के दौरान कही थी। आईपीएल मैच और वनडे सीरीज न होने का यही सबसे बड़ा कारण हैं। भले ही प्लेयर्स पवेलियन को आधुनिक सुविधाओं से लैस कर दिया गया हो लेकिन दर्शक क्षमता पर किसी ने नहीं सोचा। स्टेडियम के निर्माण कार्य में एक बार भी ये नहीं सोचा गया कि यदि दर्शक क्षमता कम होगी तो फिर आईपीएल जैसी फ्रेंचाइजी यहां पर मैच कैसे कराएंगी। ये ही कारण है कि एक बार आईपीएल होने के बाद आज दिन तक दोबारा इस स्टेडियम को मैच नहीं मिला।

इतना ही नहीं वनडे मैच भी पिछले 8 सालों से नहीं मिले हैं। इस बार वनडे मैचों की एक सीरीज मिली, लेकिन बता दें कि ये अन ऑफिसियल मैच थे। इसलिए ये यहां पर हो गए। सन 2000 से 2013 तक ग्रीनपार्क स्टेडियम की दर्शक क्षमता 44300 थी। इसके बाद जब वीआईपी डाइरेटेड पवेलियन का निर्माण हुआ तो सीधे 9000 दर्शक क्षमता कम हो गई। इस समय भी दर्शक क्षमता बढ़ाने पर किसी ने नहीं सोचा। इसके बाद 2017 में एक बार फिर से न्यू प्लेयर्स पवेलियन का निर्माण शुरू हुआ। हर विभाग अपनी-अपनी तारीफों के पुल बांधता रहा और दूसरी तरफ स्टेडियम की दर्शक क्षमता घटकर सिर्फ 27000 ही बची। खेल विभाग और यूपीसीए की ओर से दो बार शासन में दर्शक क्षमता बढ़ाने को लेकर प्रस्ताव भेजा जा चुका है, लेकिन मजबूत पहल न होने के कारण ये फाइलें सरकारी दफ्तरों में दबी रह गई। एक बार फिर सांसद और



मंडलायुक्त समेत खेल विभाग के अधिकारियों की बैठक हुई और फिर से प्रस्ताव बनाने पर चर्चा हुई।

## एक नजर

### ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से की रास्ता बनवाने की मांग



अमेठी। सिंहपुर विकास खंड के ग्राम पंचायत खारा के लोनार गांव के ग्रामीणों ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रार्थना पत्र भेजकर रास्ता बनवाये जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से मुख्यमंत्री को दिए गये प्रार्थनापत्र में अवगत कराया है कि हम सभी लोनार गांव वासियों के लिए आने-जाने के लिए कोई भी पक्का रास्ता नहीं है। जिससे हम सभी को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। गांव स्थित माइनर की कच्ची पटरी लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर खारा-शिवरतनगंज मार्ग पक्की सड़क से जुड़ी हुई है। लेकिन इस एक किलोमीटर माइनर कच्ची पटरी मार्ग पर भी जगह-जगह बड़े -बड़े गड्ढे और कटीली झाड़ियां से पटी पड़ी हुई है। आपातकालीन स्थिति में तो समूचे गांव वालों के सामने बड़ी समस्या उत्पन्न हो जाती है। न तो प्रसव व बीमारी में कोई गाँव एम्बुलेंस पहुंच पाती है और न ही आग लगने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी। जैसे तैसे गाँव वाले किसी तरह जीवन यापन कर रहे हैं। गाँववासी राजकुमार,रामनेवाज, नीरज, रामकृष्ण, रामदुलारे, शिवदयाल,संतोष कुमार,मनोराज ग्रामीणों की मांग है कि गाँव से निकली माइनर की कच्ची पटरी जो खारा- शिवरतनगंज मार्ग को जोड़ती है। उसी एक किलोमीटर मार्ग पर पक्की सड़क का निर्माण कर दिया जाय। जिससे आवागमन हेतु गांव वासियों का मार्ग प्रशस्त हो सके।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंक प्रबंधक, बैंक सखी व मिशन प्रबंधक हुए सम्मानित



अमेठी। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन सभागार, गौरीगंज में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन विषय पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद की सभी बैंक शाखाओं के शाखा प्रबंधक, जिला मिशन प्रबंधक, ब्लॉक मिशन प्रबंधक तथा बैंक सखी शामिल हुईं। जिलाधिकारी संजय चौहान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें आजीविका के अवसरों से जोड़ना है। उन्होंने बैंक शाखा प्रबंधकों से आग्रह किया कि स्वयं सहायता समूहों (Self Help Groups) को बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ने में सक्रिय सहयोग दें ताकि समूहों को ऋण सुविधा का लाभ मिल सके और वे अपने उद्यम को विस्तार दे सकें। उन्होंने कहा "स्वयं सहायता समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। यदि इन्हें सशक्त किया जाए तो गांवों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनेंगी।" कार्यक्रम का संचालन एनआईआरडी, हैदराबाद से आए राष्ट्रीय संसाधन व्यक्ति (एनआरपी) द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थित बैंक अधिकारियों को सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन से जुड़ी योजनाओं, बैंक लिंकेज प्रक्रिया और समूहों को ऋण उपलब्ध कराने की नवीन रणनीतियों पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर बैंक क्रेडिट लिंकेज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंक शाखा प्रबंधकों, बैंक सखियों एवं ब्लॉक मिशन प्रबंधकों को जिलाधिकारी संजय चौहान एवं मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने कहा कि स्वयं सहायता समूह केवल आर्थिक सशक्तिकरण ही नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का भी माध्यम हैं। उन्होंने सभी बैंकों से अनुरोध किया कि वे समूहों को योजनाओं का लाभ दिलाने में अग्रसर रहें। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, उपायुक्त स्वतः रोजगार प्रवीणा शुक्ला, लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर (एलडीएम) राजीव कुमार पांडेय, जिला मिशन प्रबंधक, ब्लॉक मिशन प्रबंधक, एवं जनपद की समस्त बैंक शाखाओं के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

### सहकारी समिति सेमरौता में 80 कृषकों को ने ग्रहण की सदस्यता



अमेठी। तिलोई विकास खंड के सेमरौता स्थित सहकारी समिति की ओर से सदस्यता मुहिम चलाई जा रही है। जिसके क्रम में 12 सितम्बर से 12 अक्टूबर 2025 तक सदस्यता महाअभियान चलाया जा रहा है सहकारी समिति सेमरौता के सचिव आलोक पाण्डेय द्वारा जानकारी दी गई है कि अभी तक 80 कृषकों ने सदस्यता ग्रहण कर ली है समिति सदस्य बनने पर उर्वरक मिलने में प्राथमिकता दी जाएगी कृषकों को समिति के माध्यम से 3 % ब्याज दर पर केसीसी ऋण प्राप्त कराया जा रहा है समिति पर csc की भी सुविधा प्राप्त कराई जा रही है सचिव द्वारा जानकारी दी गई है की शासन के मनशा के अनुसार समिति सदस्य को ही उर्वरक प्राप्त कराया जाएगा दिनांक 08/10/2025 को ग्राम सभा सेमरौता के पूरे बना का पुरवा में कैम्प लगाया गया जिसमें 20 कृषकों ने सदस्यता ग्रहण किया।

### दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत, दो गंभीर

अमेठी। मोहनगंज थाना क्षेत्र के स्थानीय कस्बा स्थित रायबरेली अयोध्या मार्ग पर जिलानी की टंकी के सामने बुधवार को दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इस भीषण हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, राजेश शर्मा निवासी मुकुंद का पुरवा मजरे रम्मई अपनी मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी बाइक, जिस पर रामलाल और श्यामलाल निवासी अलाईपुर सवार थे, से आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि राजेश शर्मा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं दोनों अन्य बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए घटना की सूचना मिलते ही मोहनगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घायलों को तत्काल उपचार के लिए 200 बैड अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सांसद ने किया अत्याधुनिक बेंटिलेटर व सीसीयू यूनिट का लोकार्पण



विश्ववार्ता संवाददाता

अमेठी। स्वास्थ्य सेवाओं को एक नया आयाम देते हुए, सांसद किशोरी लाल शर्मा ने बुधवार को संजय गांधी अस्पताल, मुंशीगंज में अत्याधुनिक कार्डियक केयर यूनिट (CCU) का विधिवत उद्घाटन किया। यह यूनिट हृदय रोगियों के लिए विशेष रूप से तैयार की गई है, जिसमें त्वरित इलाज के लिए, आधुनिक जीवन रक्षक उपकरण और प्रशिक्षित मेडिकल टीम मौजूद रहेगी।

यह अस्पताल श्री संजय गांधी के सपनों की नींव पर बना, जिसे श्रीमती इंदिरा गांधी और श्री राजीव गांधी की सोच और सेवा भाव ने आकार दिया। अब श्री किशोरी लाल शर्मा इस जनसेवा की परंपरा को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ा रहे हैं।

उद्घाटन समारोह में श्री शर्मा ने कहा, ₹गांधी परिवार ने अमेठी को सिर्फ सड़कों और इमारतों से नहीं, बल्कि सेवा और स्नेह से संवारा। यह सीसीयू यूनिट उसी भावना का आधुनिक रूप है, जो अमेठी की जनता को समय पर इलाज और जीवन रक्षक सुविधा प्रदान करेगी।

अस्पताल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री अवधेश शर्मा ने बताया कि यह यूनिट राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य मानकों के अनुरूप तैयार की गई है, जिसमें अत्याधुनिक मॉनिटरिंग सिस्टम, वेंटिलेटर, आपातकालीन दवाएं और प्रशिक्षित चिकित्सक 24 घंटे तैनात रहेंगे।

इस अवसर परअमेठी कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, स्वास्थ्यकर्मी और नागरिक उपस्थित रहे। जनता ने इस ऐतिहासिक पहल के लिए सांसद श्री किशोरी लाल शर्मा का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह कदम अमेठी में चिकित्सा क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा।

अस्पताल के मैनेजर एडमिन सुरेश कुमार सिंह राजपूत, अजय कुमार तिवारी,डॉ नवोदित सैनी, के साथ वरिष्ठ कांग्रेसियों में मुन्ना सिंह त्रिसुंडी, प्रवक्ता अनिल सिंह, डॉ अरविन्द चतुर्वेदी, युका जिला अध्यक्ष शुभम सिंह, विनय शर्मा, दुर्गेश प्रताप सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहें।

## सांसद किशोरी लाल शर्मा ने किया अशोक स्तंभ का लोकार्पण



अमेठी। बुधवार को सांसद किशोरी लाल शर्मा ने ग्राम बेहटा मुर्तजा, पोस्ट हरबंशगंज, जनपद अमेठी में निर्मित अशोक स्तंभ का लोकार्पण किया। यह स्तंभ भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और अशोक सम्राट के शांति, एकता और धर्म के संदेश का प्रतीक है। सांसद श्री शर्मा जी ने अपने संबोधन में कहा कि ₹इस स्तंभ का निर्माण न केवल ऐतिहासिक चेतना को जागृत करेगा, बल्कि यह युवाओं को राष्ट्र की गौरवशाली विरासत से जोड़ने का कार्य भी करेगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि अमेठी क्षेत्र में सांस्कृतिक और विकासात्मक परियोजनाओं को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि,कांग्रेस जन, गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण जनों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इस अवसर पर माननीय सांसद ने सभी ग्रामवासियों को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी और विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर रहने का आह्वान किया। रामदास मौर्य ने कार्यक्रम समापन पर उपस्थित जनों एवं सांसद जी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में अमेठी कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल सहित हजारों कांग्रेसी उपस्थित रहे।

# भांव मेले में उमड़ी हजारों की भीड़, बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने उठाया लुफ्त

## रंगारंग नौटंकी, झूले और चाट-पकौड़ी की खुशबू से गुलजार रहा रामलीला मैदान

विश्ववार्ता संवाददाता



मुंशीगंज, रायबरेली। राही ब्लॉक के भांव गांव में आयोजित दो दिवसीय पारंपरिक मेला मंगलवार को अपने पुराने स्वरूप और उल्लास के साथ रामलीला मैदान में शुरू हुआ, जिसका बुधवार को समापन हो गया।

मेले में हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी। आधुनिकता के दौर में भी इस मेले ने गांव की पुरानी परंपराओं और सामाजिक मेल-जोल की जीवंत झलक पेश की। सुबह से ही बच्चों, महिलाओं और युवाओं की टोलियां मैदान की ओर उमड़ पड़ीं। बड़े झूले, ड्रैगन ट्रेन, जंपिंग झूला और छोटे झूले बच्चों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। महिलाएं और किशोरियां सौंदर्य प्रसाधन, आभूषण, गृहस्थी के सामान और रंग-बिरंगे खिलौनों की दुकानों पर देर तक खरीदारी करती रहीं।चाट, चाउमीन, बर्गर, पानीपूरी और गुड़ की जलेबी की सुगंध ने पूरे मैदान को रौनक से भर दिया। मिट्टी के बर्तनों, लकड़ी के खिलौनों और प्लास्टिक के घरेलू सामानों की दुकानों पर लोगों की खासी भीड़ रही। शाम ढलते ही मेला अपने पूरे रंग में आ गया, जहां छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने मेले के वातावरण का आनंद उठाया।मेले में आकर्षण का केंद्र रहा रंगारंग नौटंकी कार्यक्रम, जिसे देखने के लिए आसपास के गांवों से लोग उमड़ पड़े। मैदान खचाखच भरा रहा और हर ओर उल्लास का माहौल नजर आया। इस अवसर पर परिवहन विभाग के सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी संत दीन मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने मेले में आए बच्चों को मिठाइयां खिलाईं और खिलौने वितरित किए, जिससे बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। मेले में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सीओ सिटी अरुण कुमार नौहर और भदोखर थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश चंद्र आनंद पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे।

भीड़भाड़ के बावजूद पूरे आयोजन में शांति और सौहार्द का वातावरण बना रहा। समाजसेवी पंडित संत दीन मिश्रा ने बताया कि भांव मेला एक बार फिर यह साबित कर गया कि गांवों की मेला की पुरानी संस्कृति, परंपरा और लोक उल्लास आज भी लोगों के दिलों में जिंदा है, और यही रंग ग्रामीण भारत की असली पहचान है।

## दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की मौत पर कांग्रेस ने निकाला कैंडल मार्च



रायबरेली। जिले में विगत दिनों एक दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की कथित पिटाई से हुई मौत के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुधवार को शहर में कैंडल लाइट मार्च निकालकर पीड़ित परिवार के लिए न्याय की मांग की। बताया जाता है कि मृत्यु से पूर्व हरिओम ने रायबरेली सांसद एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को न्याय दिलाने के लिए याद किया था। कांग्रेसजनों ने घटना की निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की और स्व. हरिओम वाल्मीकि को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

## समाधान दिवस बना औपचारिकता, किसानों की नहीं सुन रहा राजस्व विभाग

सलोन, रायबरेली। तहसील सलोन में आयोजित होने वाले समाधान दिवस अब किसानों की समस्याओं का हल नहीं, बल्कि उनकी पीड़ा बढ़ाने का कारण बनते जा रहे हैं। तहसील प्रशासन और राजस्व कर्मियों की उदासीनता के चलते ग्रामीणों की शिकायतें महीनों से लंबित हैं, जबकि अतिक्रमणकारियों के हौसले दिन-ब-दिन बुलंद होते जा रहे हैं। यह हम नहीं कह रहे हैं बल्कि ग्राम ओना नीस के मजरे सरपतिही निवासी किसान लाल बृजेश पटेल पुत्र राम नेवाज पटेल ने तहसील प्रशासन (राजस्व विभाग) के ऊपर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित किसान ने डीएम हर्षिता माथुर को दिए शिकायती मांग पत्र में लिखा है कि उतने दो बार लगातार समाधान दिवसों में प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की थी कि गाटा संख्या 1620, जो राजस्व अभिलेखों में चक रोड के रूप में दर्ज है, उस पर गांव के कुछ लोगों ने पेड़ लगाकर और मेड़ बांधकर कब्जा कर लिया है। शिकायत के बावजूद आज तक कोई राजस्व कर्मी मौके पर जांच के लिए नहीं पहुंचा, जिससे ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। किसान पटेल का कहना है कि अधिकारियों की लापरवाही के चलते चक रोड पर अतिक्रमण लगातार बढ़ रहा है, और आमजन को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि राजस्व प्रशासन तत्काल मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करे, अन्यथा वे सामूहिक रूप से तहसील मुख्यालय पर धरना देने को विवश होंगे।

## नाबालिक से दुष्कर्म के आरोपी को जेल भेजा

लालगंज, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के गांव के रहने वाली एक नाबालिक बच्ची से अगवा कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। गांव निवासिनी महिला ने एक युवक पर उसकी बेटी को अगवा करने का आरोप लगाया था। 22 जुलाई को आरोपी नाबालिक को अपने साथ पहला फैसला कर भगा ले गया था। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। बुधवार को सेमरपहा फ्लाईओवर के निकट से गिरफ्तार कर लिया गया। इंस्पेक्टर क्राइम अनिल कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी मिथिलेश निवासी सातनपुर को पोक्सो एक्ट की धारा बढाते हुए जेल भेजा गया है।

## अब घर बैठे मिलेगी सीएचसी में ओपीडी की बुकिंग

लालगंज, रायबरेली। अब मरीजों को ओपीडी में पर्चा बनवाने के लिए लंबी कतार में लगने की जरूरत नहीं है। स्वास्थ्य विभाग ने मरीजों की सुविधा के लिए सीएचसी में ड्रिफकेस एप्लीकेशन की शुरुआत की है। इसके जरिए मरीज घर बैठे अपने स्मार्टफोन से ओपीडी अपॉइंटमेंट बुक कर सकेंगे। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमल पटेल ने बताया कि मरीज अपने स्मार्टफोन पर ड्रिफकेस ऐप डाउनलोड कर सकते हैं। इस ऐप के जरिए अपॉइंटमेंट लेने पर मरीज की आभा आईडी स्वतः जनरेट हो जाएगी। अस्पताल पहुंचने पर मरीज को सिर्फ अपना कोड पर्चा काउंटर पर बताना होगा। इसके बाद तुरंत ओपीडी पर्चा मिल जाएगा। मरीज पर्चे का पूर्वनिर्धारित शुल्क केवल एक रुपया देना होगा। बताया कि ऐप से परिवार के अन्य सदस्यों का भी पंजीकरण किया जा सकता है। अधीक्षक ने बताया कि सीएचसी में रोजाना करीब 700 से 800 मरीज ओपीडी में आते हैं।

## योग से अनुशासन, स्वास्थ्य व जागरूकता का संदेश दे रहा मातृभूमि सेवा मिशन : प्रदीप पांडेय

रितेश श्रीवास्तव



» मातृभूमि सेवा मिशन रायबरेली इकाई द्वारा संचालित नि :शुल्क योग शिविर में बढ़ रही सहभागिता

रायबरेली। मातृभूमि सेवा मिशन रायबरेली इकाई द्वारा संचालित दैनिक निःशुल्क योग शिविर का आयोजन बुधवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का संचालन अनूप शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में तथा राज अग्रहरी के संरक्षण में हुआ।शिविर में प्रातः कालीन सत्र के दौरान अनूप शर्मा ने उपस्थित योग साधकों को विविध व्यायाम अभ्यास कराए, जिसके पश्चात राज अग्रहरी द्वारा प्राणायाम एवं ध्यान सत्र संपन्न कराया गया। प्रतिभागियों ने पूर्ण एकाग्रता व उत्साह के साथ योगाभ्यास में सहभागिता की। शिविर के समापन अवसर पर आयोजक मंडल की ओर से संयोजक प्रदीप पांडे ने सभी प्रतिभागियों एवं साधकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि योग केवल शरीर को नहीं, बल्कि विचारों और जीवन को भी संतुलित करता है।उन्होंने आगे कहा कि मातृभूमि सेवा मिशन का यह प्रयास समाज में स्वास्थ्य, अनुशासन और आत्मिक शांति का संदेश निरंतर प्रसारित करता रहेगा।

## रात आसमान में उड़ते दिखे ड्रोन, ग्रामीणों में फैली सनसनी

लालगंज,रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के भूरकुशपुर, पूरे अड़ाना, पूरे बरजोर, लक्ष्मण का पुरवा व कान्हा का पुरवा गांव में मंगलवार की रात आसमान में ड्रोन जैसी उड़ती वस्तुएं दिखाई दीं। अचानक आसमान में रंग बिरंगी लाइटों के साथ उड़ती वस्तुएं देखकर ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। ग्रामीणों ने बताया कि रात करीब 11:30 बजे आसमान में कई मिनट तक यह चमकती रोशनी मंडराती रही। सूचना पर पहुंची पुलिस ने देर रात तक गांव और आसपास के क्षेत्रों में गश्त की, लेकिन ड्रोन का कोई सटीक सुराग नहीं मिल सका। गांव निवासी भूपेंद्र विश्वकर्मा, रामखेलावन पासी, शिव विलास और धीरेंद्र ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से क्षेत्र के अलग अलग गांवों में ऐसी ही उड़ती वस्तुएं देखी जा रही हैं। इससे ग्रामीणों में डर का माहौल है। लोग रात में जागकर पहरा देने को मजबूर हैं।

# उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षित युवा, हो रहे हैं आत्मनिर्भर

विश्ववार्ता संवाददाता

अमेठी। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन का गठन उत्तर प्रदेश कौशल विकास नीति के परिप्रेक्ष्य में व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग, उप्र शासन के अधीन एक पंजीकृत समिति के रूप में किया गया है। मिशन का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के अल्पशिक्षित कक्षा 10 के पश्चात औपचारिक शिक्षा से विरत स्कूल ड्रापआउट 14-35 आयुवर्ग के छात्रों को अल्पकालीन कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आजीविका अर्जित करने हेतु सक्षम बनाना है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए मिशन द्वारा विभिन्न विभागों एवं मंत्रालयों के सहयोग से विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है। जिसमें स्टेट स्किल डेवलपमेंट फण्ड (एसएसडीएफ, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना राज्य घटक (पीएमकेवीवाई), दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) है।

इसके अतिरिक्त मिशन द्वारा विश्व बैंक पोषित संकल्प परियोजना (स्किल एक्विजीशन एण्ड नॉलिज अवेयरनेस फॉर लाइवलीहुड प्रमोशन प्रोजेक्ट) भी मार्च 2025 तक क्रियान्वित रही है, जिसका उद्देश्य प्रदेश के स्किल ईको सिस्टम में गुणात्मक सुधार लाना तथा वंचित समुदायों (दिव्यांगजन, महिलाएं तथा अनुसूचित जाति/जनजाति) के लिए विशेष कार्यक्रम संचालित किये गये है। प्रदेश में प्रोजेक्ट प्रवीण के अन्तर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की संकल्पना के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण को औपचारिक शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रोजेक्ट प्रवीण के अन्तर्गत राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों व छात्राओं को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण की सुविधा उनके नियमित पाठ्यक्रम के साथ उपलब्ध करायी जा रही है। प्रोजेक्ट प्रवीण के अन्तर्गत अब तक 315 राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत 26 हजार से अधिक छात्र/छात्राओं का कौशल प्रशिक्षण दिया गया है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत



3450 छात्राओं को भी निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में उप्र कौशल विकास मिशन द्वारा गठन के पश्चात से अब तक कुल 18 लाख से अधिक युवाओं को विभिन्न ट्रेड्स में प्रशिक्षित किया गया है तथा 07 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। प्रदेश के युवाओं में उद्यमिता विकसित करने की दृष्टि से इन्टरप्रिनियोरशिप डवलपमेंट इन्स्टीट्यूट ऑफ इण्डिया के माध्यम से अभिमुखीकरण कार्यक्रम संचालित किया गया। उक्त प्रयास के अन्तर्गत जनपद गोरखपुर में 1125 युवा उद्यमियों व उत्साही युवाओं को लाभान्वित किया गया। प्रशिक्षण स्वरोजगार की संकल्पना को साकार करने के लिए आरडीटी मॉडल के आधार पर अनुसूचित जाति/अनुसचित जन जाति की 6600 महिलाओं का मीडिया एण्ड इन्टरटेन्मेंट सेक्टर में प्रशिक्षण दिया गया है।

कौशल प्रशिक्षण योजनाओं के अन्तर्गत दिव्यांगजनों के प्रशिक्षण के लिए मात्राकृत लक्ष्य निर्धारित हैं। अतः 2200 दिव्यांगजनों को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान कर तथा उन्हें रोजगार उपलब्ध कराकर समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किये गये। इसके अन्तर्गत दिव्यांगजनों को प्रशिक्षण के पश्चात सेवायोजित भी कराया गया है। प्रदेश में समाज के उपेक्षित व बंचित वर्गों तथा समुदायों जैसे महिला संरक्षण गृह की संवासिनियों, किशोर सुधार गृह में निरूद्ध किशोरों तथा कारागार बंदियों को आजीविका अर्जित करने हेतु सशक्त बनाने तथा समाज की मुख्यधारा से जोड़कर सम्मानजनक जीवनयापन करने की दृष्टि से सक्षम बनाने के लिए संकल्प योजनान्तर्गत 2,862 बंदियो किशोरों व महिला संवासिनियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। इसके अतिरिक्त ऐसे ही एसएसडीएफ योजनान्तर्गत 3093 का प्रशिक्षण पूर्ण किया गया है। प्रदेश के युवाओं को किसी भी समय किसी भी स्थान से कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराने के लिए एनसीवीईटी द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रमों के डिजिटल संस्करणों को उपलब्ध कराने के लिये लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल विकसित कराया गया है। जहाँ से वह अपनी सुविधानुसार प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। मुख्यमंत्री ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई कार्यक्रम / योजनाएं संचालित की है। प्रदेश में प्रशिक्षित घरेलू कामगार उपलब्ध कराने की दृष्टि से नवीन परियोजना 'हुनर हाथ' का शुभारंभ किया गया है। HCL तथा आईबीएम के सहयोग से विभिन्न तकनीकी फ्यूचरिस्टिक पाठ्यक्रमों में युवाओं का प्रशिक्षण करने की प्रक्रिया प्रगति पर है। उच्च तकनीकी कार्यक्रमों में विशेष प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए MNNIT व इंडियन इंस्टीट्यूट आफ इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी, प्रयागराज के साथ अनुबंध किया गया है।

**लोकार्पण** ठाकुर विश्राम सिंह सभागार के भूमि पूजन के साथ सांसद ने 50 लाख के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

# अमेठी संसदीय क्षेत्र के विकास में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे : किशोरी लाल शर्मा

» कांग्रेस सांसद लगातार विकास योजनाओं से जनता से बनाए हुए हैं सीधा संवाद





विश्ववार्ता संवाददाता

सलोन, रायबरेली। विकास खंड सलोन की ग्राम पंचायत पारी में बुधवार को आयोजित एक भव्य समारोह में अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा ने पंचायत भवन परिसर में प्रस्तावित ठाकुर विश्राम सिंह सभागार का भूमि पूजन किया। यह सभागार राज्य वित्त एवं मनरेगा योजना के अंतर्गत 8 लाख रुपये की लागत से निर्मित किया जाएगा। इस अवसर पर सांसद किशोरी लाल शर्मा ने ग्राम पंचायत में 50 लाख रुपये की लागत से पूर्ण हो चुके विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण भी किया। इनमें पंचायत भवन सुदृढ़ीकरण, नाली निर्माण, मार्ग मरम्मत और सार्वजनिक उपयोग की सुविधाएं शामिल हैं। इन कार्यों को ग्रामीण बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाने की दिशा में अहम पहल माना जा रहा है।

सांसद शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि "अमेठी के विकास में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाएगी। जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप हर गांव तक विकास पहुँचाना मेरा संकल्प है।" उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के बावजूद अमेठी की जनता ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उनके लिए प्रेरणा का स्रोत है।

उन्होंने आश्वस्त किया कि "कांग्रेस की विचारधारा जनता के विकास और सेवा की है, और उसी भावना के साथ हम हर पंचायत तक जनकल्याणकारी योजनाएं पहुँचा रहे हैं। सांसद ने यह भी कहा कि राज्य वित्त और मनरेगा जैसी योजनाएं ग्रामीण जीवन को संवारने में मील का पत्थर साबित हो रही हैं, और इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए वे व्यक्तिगत रूप से निरंतर निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने ग्रामवासियों से अपील की कि वे विकास कार्यों में भागीदार बनें ताकि योजनाओं का लाभ पात्रों तक पारदर्शी ढंग से पहुँचे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सरदार कल्याण सिंह गांधी, ग्राम प्रधान रोहित सिंह, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

ग्राम प्रधान रोहित सिंह ने अपने संबोधन में सांसद का आभार जताते हुए कहा कि "शर्मा जी के प्रयासों से पारी सहित पूरे क्षेत्र के विकास कार्यों को नई दिशा और गति मिल रही है। बता दें कि लोकसभा चुनाव जीतने के बाद सांसद किशोरी लाल शर्मा लगातार अपने संसदीय क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर सक्रिय हैं। वे नियमित रूप से जनता के बीच जाकर संवाद स्थापित करते हैं और सांसद निधि से हो रहे कार्यों की समीक्षा कर यह सुनिश्चित करते हैं कि अमेठी का कोई भी गांव विकास की दौड़ में पीछे न रह जाए।कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने सांसद का स्वागत कर उनके जनसेवी प्रयासों की सराहना की और आशा जताई कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र की विकास यात्रा और अधिक सशक्त होगी।

## अवैध पटाखों का बड़ा जखीरा बरामद, तीन बोरियों में एक लाख 20 हजार के पटाखे जब्त

विश्ववार्ता संवाददाता

अमेठी। दीपावली पर्व के मद्देनज़र अमेठी पुलिस ने अवैध पटाखों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है। संग्रामपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब एक लाख 20 हजार रुपये मूल्य के अवैध पटाखे बरामद किए हैं।

पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा के नेतृत्व में अवैध पटाखों के निर्माण, भंडारण और बिक्री के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है।थाना संग्रामपुर पुलिस टीम बुधवार को संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि विशेषरगंज कस्बे में रामगढ़ रोड पर एक व्यक्ति अपने घर में अवैध रूप से पटाखे बेचने के लिए रखे हुए है।

सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दीपक पुत्र स्व. यज्ञ नारायण निवासी ग्राम विशेषरगंज, थाना संग्रामपुर को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के कब्जे से तीन बोरियों में विभिन्न प्रकार के पटाखे बरामद किए गए, जिनकी कीमत लगभग एक लाख 20 हजार रुपये आंकी गई है। बरामदगी के बाद थाना संग्रामपुर में अभियुक्त के खिलाफ मुअसं 197/25 धारा 5/9ख विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

## एक नजर

### पृथ्वी शॉ की गेंदबाज को बल्ले से मारने की कोशिश

15 अक्टूबर से रणजी ट्रॉफी के आगामी सीजन की शुरुआत होने वाली है। इस सीजन के शुरू होने से पहले मुंबई और महाराष्ट्र के बीच तीन दिनों का प्रैक्टिस मैच पुणे में महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन के स्टेडियम में खेला जा रहा है। पृथ्वी शॉ मुंबई को छोड़ कर महाराष्ट्र से खेल रहे हैं। शॉ का इस मैच में अपनी पुरानी टीम मुंबई के खिलाड़ियों के साथ नोकझोंक हुई। यह घटना तब हुई जब शॉ ने मुंबई के खिलाफ शानदार शतक (181 रन) जड़ा और इसके बाद मुंबई के स्पिनर मुशीर खान के साथ उनकी तीखी बहस हो गई।

### इंडिया अंडर-19 ने ऑस्ट्रेलिया को 7 विकेट से हराया



इंडिया अंडर-19 ने दूसरे यूथ टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को 7 विकेट से हरा दिया है। ऑस्ट्रेलिया टीम पहली पारी में 135 रन पर ऑल आउट हो गई। जबकि भारतीय टीम ने 171 रनों का स्कोर खड़ा किया। भारतीय टीम 36 रनों की बढ़त हासिल करने में सफल रही। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया 116 रन ही बना सकी। जीत के लिए 81 रनों का लक्ष्य मिला। जिसे महज 12.2 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। वेदांत त्रिवेदी 33 और राहुल कुमार 13 रन बनाकर नाबाद रहे। इस तरह दूसरा यूथ टेस्ट 2 दिन के भीतर खत्म हो गया। ऑस्ट्रेलिया को 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में 0-2 से हार का सामना करना पड़ा जबकि भारतीय टीम ने लगातार 5वीं जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया दौरे का समापन किया। इससे पहले भारतीय टीम ने 3 मैचों की ODI सीरीज 3-0 से अपने नाम की थी।

### अखबार का दावा- कमिंस-हेड को 58 करोड़ ऑफर हुए थे

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के स्टार पैट कमिंस और ट्रेविस को दुनिया भर की टी-20 फ्रेंचाइजी लीगों में खेलने के लिए लगभग $10 मिलियन (लगभग 58 करोड़ रूपए) का ऑफर मिला, लेकिन दोनों ने इसे ठुकरा दिया। यह ऑफर IPL की एक टीम ग्रुप की तरफ से अनौपचारिक रूप से दिया था। इसका खुलासा ऑस्ट्रेलियाई अखबार सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड की रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार यह घटना उस समय सामने आई जब क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और अन्य अधिकारियों ने बिग बैश लीग को निजी निवेश के जरिए मजबूत बनाने पर चर्चा कर रहे हैं। इस साल IPL में, कमिंस को सनराइजर्स हैदराबाद ने 18 करोड़ में खरीदा था, जबकि हेड को 14 करोड़ रूपए में शामिल किया था। इसके बावजूद, ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रिकेटरों को राष्ट्रीय अनुबंधों से सालाना लगभग 1.5 मिलियन डॉलर (लगभग 12.5 करोड़ रूपए) मिलते हैं। कमिंस, जो ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान हैं, को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से कुल मिलाकर लगभग 3 मिलियन डॉलर (लगभग 25 करोड़ रूपए) की आय होती है।

# ICC रैंकिंग जारी-बुमराह नंबर-1 टेस्ट गेंदबाज सिराज 12वें स्थान पर

## कुलदीप ने 7 स्थान की छलांग लगाई, बैटर्स में जायसवाल को नुकसान





एजेंसी

**नई दिल्ली।** ICC ने बुधवार को अपनी ताजा रैंकिंग जारी की। टेस्ट बॉलर्स की रैंकिंग में मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव जैसे भारतीय गेंदबाजों को फायदा हुआ है, जबकि जसप्रीत बुमराह ने अपनी टॉप पोजिशन कायम रखी है।

वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में 7 विकेट लेने वाले मोहम्मद सिराज करियर बेस्ट 12वीं रैंक पर आ गए हैं। उनके 718 रेटिंग पॉइंट्स हैं। स्पिनर कुलदीप यादव को 7 स्थान का फायदा हुआ है। वे 644 रेटिंग पॉइंट्स के साथ 21वें स्थान पर हैं।

**जायसवाल को नुकसान, राहुल को 4 स्थान का फायदा**

भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल को बैटर्स की रैंकिंग में 2 पायदान का नुकसान हुआ है। वे 779 रेटिंग पॉइंट्स के साथ 7वें स्थान पर आ गए हैं। जायसवाल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद में खेली गई इकलौती पारी में 36 रन ही बना सके थे।

एक अन्य भारतीय ओपनर केएल राहुल को 4 स्थानों का फायदा हुआ है। वे 606 अंक के साथ 35वें स्थन पर आ गए हैं। राहुल ने कैरेबियाई टीम के खिलाफ 100 रन की शतकीय पारी खेली थी। नाबाद 104 रन की पारी खेलने वाले रवींद्र जडेजा 644 रेटिंग पॉइंट्स के साथ 25वें स्थान पर आ गए हैं। उन्हें 6 पायदान का फायदा हुआ है। यह जडेजा की करियर बेस्ट रैंकिंग है। इस सूची में भारतीय कप्तान शुभमन गिल 13वें स्थान पर यथावत हैं।

**राशिद खान टी-20 के नंबर-2 गेंदबाज, वरुण टॉप पर**

अफगानिस्तानी स्पिनर राशिद खान को टी-20 बॉलर्स की रैंकिंग में बड़ा फायदा हुआ है। वे 6 स्थानों की छलांग के साथ नंबर-2 पर आ गए हैं। राशिद के 710 रेटिंग पॉइंट्स हैं। वे वरुण चक्रवर्ती से पीछे हैं। भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती 803 रेटिंग पॉइंट्स के साथ टॉप पर कायम हैं। इस सूची में भी कुलदीप यादव को फायदा हुआ है और वे 11वें स्थान पर आ गए हैं। कुलदीप के 648 रेटिंग पॉइंट्स हैं।

टेस्ट रैंकिंग

**टॉप-10 बल्लेबाज**

| रैंक | देश | खिलाड़ी | अधिकतम रेटिंग |
|---|---|---|---|
| 1 | इंग्लैंड | जो रूट | 908 |
| 2 | इंग्लैंड | हैरी ब्रूक | 868 |
| 3 | न्यूजीलैंड | केन विलियमसन | 850 |
| 4 | ऑस्ट्रेलिया | स्टीव स्मिथ | 816 |
| 5 | साउथ अफ्रीका | टेम्बा बावुमा | 790 |
| 6 | श्रीलंका | कामिंदु मेंडिस | 781 |
| 7 | भारत | यशस्वी जायसवाल | 779 |
| 8 | भारत | ऋषभ पंत | 761 |
| 9 | न्यूजीलैंड | डेरिल मिचेल | 748 |
| 10 | इंग्लैंड | बेन डकेट | 747 |

टेस्ट रैंकिंग

**टॉप-10 बॉलर्स**

| रैंक | देश | खिलाड़ी | अधिकतम रेटिंग |
|---|---|---|---|
| 1 | भारत | जसप्रीत बुमराह | 885 |
| 2 | साउथ अफ्रीका | कगिसो रबाडा | 851 |
| 3 | न्यूजीलैंड | मैट हेनरी | 846 |
| 4 | ऑस्ट्रेलिया | पैट कमिंस | 838 |
| 5 | ऑस्ट्रेलिया | जोश हेजलवुड | 815 |
| 6 | पाकिस्तान | नोमान अली | 806 |
| 7 | ऑस्ट्रेलिया | स्कॉट बोलैंड | 784 |
| 8 | ऑस्ट्रेलिया | नाथन लायन | 769 |
| 9 | साउथ अफ्रीका | मार्को यानसन | 767 |
| 10 | ऑस्ट्रेलिया | मिचेल स्टार्क | 766 |

ICC रैंकिंग

**भारत के टॉप-5 टेस्ट बैटर्स**

| रैंक | खिलाड़ी | पॉइंट्स |
|---|---|---|
| 7 | यशस्वी जायसवाल | 779 |
| 8 | ऋषभ पंत | 761 |
| 13 | शुभमन गिल | 722 |
| 25 | रवींद्र जडेजा | 644 |
| 35 | केएल राहुल | 606 |

ICC रैंकिंग

**भारत के टॉप-5 टेस्ट बॉलर्स**

| रैंक | खिलाड़ी | पॉइंट्स |
|---|---|---|
| 1 | जसप्रीत बुमराह | 885 |
| 12 | मोहम्मद सिराज | 718 |
| 17 | रवींद्र जडेजा | 669 |
| 21 | कुलदीप यादव | 644 |
| 47 | वॉशिंगटन सुंदर | 425 |

# रेसलर अमन सहरावत एक साल के लिए बैन

## वर्ल्ड चैंपियनशिप में वजन ज्यादा निकला था पेरिस ओलिंपिक में ब्रॉन्ज जीता था



एजेंसी

**नई दिल्ली।** रेसलर अमन सहरावत पर एक साल का बैन लगाया गया है। पेरिस ओलिंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाले प्लेयर पर फेडरेशन ऑफ इंडिया ने प्रतिबंध लगाया है। अमन पर बैन सीनियर वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में ओवरवेट होने के कारण लगा है। 22 साल के अमन क्रोएशिया में 13 से 21 सितंबर के बीच हुई सीनियर वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में 57 किग्रा फ्रीस्टाइल कैटेगरी में भारत की ओर से उतरने वाले थे। लेकिन उनका वजन 1.7 किलोग्राम ज्यादा था। इस कारण उन्हें प्रतियोगिता से बाहर कर दिया गया था।

**WFI अमन के जवाब से नाखुश**

रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (WFI) ने 23 सितंबर को अमन को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। साथ ही 29 सितंबर तक जवाब भी मांगा था। अमन ने अपना जवाब दिया, लेकिन फेडरेशन की अनुशासन समिति ने उसे असंतोषजनक माना। इसके बाद फेडरेशन ने एक साल का प्रतिबंध लगाने का फैसला किया।

इसके अलावा, अमन के मुख्य कोच जगमंदर सिंह और उनके कोचिंग स्टाफ के अन्य तीन सदस्यों, विनोद, वीरेंद्र और नरेंद्र से भी वजन प्रबंधन की निगरानी में गलती हुई थी। फेडरेशन का कहना है कि कोचिंग स्टाफ ने भी खिलाड़ी के वजन की निगरानी में लापरवाही बरती थी।

WFI ने कहा कि अमन जैसे ओलिंपिक मेडल विजेता से प्रोफेशनलिज्म और अनुशासन की उम्मीद की जाती है। वजन नाप में असफल होना खेल के अनुशासन और तैयारी की कमी को दिखाता है।

**वर्ल्ड कुश्ती चैंपियनशिप में भारत को केवल एक मेडल मिला**

इस वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत की ओर से सिर्फ अंतिम पंघाल को पदक मिला। उन्होंने महिलाओं की 53 किग्रा कैटेगरी में ब्रॉन्ज जीता।

# डेल टेक्नोलॉजीज़ ने भारत में छोटे और मध्यम व्यवसायों के लिए नए 'डेल प्रो एसेंशियल' लैपटॉप पेश किए

विश्ववार्ता ब्यूरो

**बैंगलुरु।** डेल टेक्नोलॉजीज़ ने भारत में छोटे और मध्यम व्यवसायों (एसएमबी) के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए "डेल प्रो 14 एसेंशियल" और "डेल प्रो 15 एसेंशियल" लैपटॉप लॉन्च किए हैं। इन लैपटॉप्स का शुरुआती मूल्य 31,999 रखा गया है। ये किफायती, टिकाऊ और व्यवसायिक जरूरतों के अनुरूप आधुनिक समाधान प्रदान करते हैं, जो एसएमबी को सुरक्षित और अधिक उत्पादक बनाते हैं।



नए डेल प्रो एसेंशियल लैपटॉप्स को इस तरह डिजाइन किया गया है कि वे आईटी मैनेजमेंट को आसान बनाते हुए व्यवसायों को बेहतर परफॉर्मेंस, सुरक्षा और विश्वसनीयता प्रदान करें। इनमें "डेल मैनेजमेंट पोर्टल" के माध्यम से क्लाउड-बेस्ड फ्लीट मैनेजमेंट और "माइक्रोसॉफ्ट इनट्यून" इंटीग्रेशन जैसी उन्नत सुविधाएं दी गई हैं। सुरक्षा के लिए "हार्डवेयर टीपीएम 2.0", "फिंगरप्रिंट रीडर", "प्राइवेसी शटर" और "लॉक स्लॉट" जैसी विशेषताएं शामिल हैं, जो डेटा और डिवाइस दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं।

इन लैपटॉप्स में 2.5K डिस्प्ले और 16:10 आस्पेक्ट रेशियो दिया गया है, जिससे दस्तावेज़ों, प्रेजेंटेशन और वीडियो कॉल्स के दौरान अधिक स्पष्टता और सटीकता मिलती है। एचडी वेबकैम और डिजिटल माइक्रोफोन के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग अनुभव को और बेहतर बनाया गया है।

डेल के अनुसार, इन उपकरणों को दैनिक व्यावसायिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए मिलिट्री-ग्रेड मानकों पर परीक्षण किया गया है। पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाते हुए, डिवाइसों में रिसायकल्ड एल्युमीनियम, स्टील और बायोबेस्ड प्लास्टिक का उपयोग किया गया है। ये "EPEAT Silver Climate+" और "Energy Star" सर्टिफिकेशन के साथ आते हैं।

डेल टेक्नोलॉजीज़ इंडिया के सीनियर डायरेक्टर एवं जनरल मैनेजर, इंद्रजीत बेलगुंडी ने कहा, "भारत के एसएमबी तेजी से डिजिटल रूपांतरित हो रहे हैं। डेल प्रो एसेंशियल लैपटॉप उन्हें किफायती, सुरक्षित और कुशल समाधान प्रदान करेंगे, जो उनके विकास में सहायक होंगे।"

# सोना 1.21 लाख पार, लगातार तीसरे दिन कीमत बढ़ी: 45,637 महंगा हुआ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम आज फिर (8 अक्टूबर) ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 1,858 रुपए बढ़कर 1,21,799 रुपए पर पहुंच गए हैं। इससे पहले मंगलवार को ये 1,19,941 रुपए पर था।

वहीं, चांदी 2,342 रुपए महंगी होकर 1,50,783 रुपए प्रति किलो के भाव पर पहुंच गई है। कल ये 1,48,441 रुपए पर थी। इस साल सोना 45,637 और चांदी 64,766 महंगी हुई

इस साल अब तक सोने की कीमत करीब 45,637 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,21,799 रुपए हो गया है।



चांदी का भाव भी इस दौरान 64,766 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,50,783 रुपए प्रति किलो हो गई है।

1.55 लाख रुपए तक जा सकता है सोना-गोल्डमैन सैक्स की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, बैंक ने अगले साल तक सोने के लिए 5000 डॉलर प्रति औंस का टारगेट रखा है। मौजूदा एक्सचेंज रेट के हिसाब से रुपए में यह लगभग 1,55,000 रुपए प्रति 10 ग्राम होगा।

# सितंबर में वेज थाली की कीमत 10% घटी :नॉनवेज थाली भी 6% सस्ती हुई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत में एक घरेलू वेजिटेरियन थाली की कीमत सितंबर में (सालाना आधार पर) 10% घटकर 28.17 रुपए हो गई है। पिछले साल सितंबर-2024 में वेज थाली की कीमत 31.30 रुपए थी। कैपिटल मार्केट कंपनी क्रिसिल ने अपने फूड प्लेट कॉस्ट के मंथली इंडिकेटर में इस बात की जानकारी दी है। क्रिसिल ने अपनी राइस रोटी रेट (RRR) रिपोर्ट में बताया कि वेजिटेरियन थाली की कीमत अगस्त की तुलना में सितंबर में 3% घटी है। अगस्त में वेज थाली की कीमत 29.1 रुपए थी।

**नॉन-वेज थाली भी 6% सस्ती हुई**

वहीं, नॉन-वेज थाली की कीमत सितंबर में सालाना आधार पर 6% घटकर 56 रुपए हो गई है। पिछले साल सितंबर-2024 में नॉन वेज थाली की कीमत 59.30 रुपए थी।



मंथली बेसिस पर यानी अगस्त की तुलना में सितंबर में नॉन-वेज थाली की कीमत 3% बढ़ी है। मई में नॉन-वेज थाली की कीमत 54.60 रुपए थी।

**आलू, प्याज और टमाटर सस्ते होने से वेज थाली के दाम घटे**

क्रिसिल की रिपोर्ट के मुताबिक आलू, प्याज और टमाटर के दाम घटने के चलते वेज थाली की कॉस्ट में कमी हुई है। प्याज की कीमत 46% घटी है। इसका कारण रबी की फसल की अच्छी आवक और बाजार में बढ़ती उपलब्धता रही। वहीं आलू के दाम 31% कम हुए हैं क्योंकि कोल्ड स्टोरेज यूनिट्स से बड़े पैमाने पर स्टॉक जारी किया गया है।

टमाटर की कीमतों में भी अच्छी सप्लाई के कारण 8% की कमी आई है। वेज थाली की कॉस्ट में आलू और टमाटर की 24% हिस्सेदारी होती है। इसके अलावा दालों की कीमत में भी 16% की गिरावट रही। हालांकि सालाना आधार पर वेजिटेबल ऑयल की कीमत 21% और LPG सिलेंडर की कीमत 6% बढ़ी है, नहीं तो वेज थाली और भी सस्ती हो सकती थी।


नॉनवेज थाली की लागत में गिरावट की रफ्तार धीमी रही। इसका कारण सालाना आधार पर ब्रॉयलर्स यानी चिकन की कीमत सिर्फ 1% कम होना है। इस साल चिकन के उत्पादन में कमी और आपूर्ति की दिक्कतें रहीं हैं।

# अरबाज खान की बेटी की पहली झलक आई सामने

## अपनी नन्हीं परी को सीने से लगाए नजर आए एक्टर, कैमरों से बचती दिखीं पत्नी शूरा खान



अरबाज खान और उनकी पत्नी शूरा खान हाल ही में एक बच्ची के पेरेंट्स बने हैं। शूरा ने 5 अक्टूबर को बेटी को जन्म दिया है। डिलीवरी के तीन दिन बाद उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। इस दौरान अरबाज अपनी बेटी को गोद में लिए नजर आए। इंस्टाग्राम पर एक पैपराजी अकाउंट द्वारा शेयर किए गए वीडियो में, अरबाज काले रंग की शर्ट पहन नजर आ रहे हैं। उनकी गोद में कपड़ों में लिपटी उनकी बेटी भी देखी जा सकती है। गाड़ी में बैठने से पहले एक्टर ने वहां मौजूद पैपराजी को स्माइल करते हुए इशारों में शुक्रिया कहा। वहीं, शूरा पैपराजी से बचती दिखीं। वो अरबाज के पीछे तेजी से गाड़ी की तरफ बढ़ जाती हैं। शूरा लोअर-टीशर्ट में कैप और मास्क लगाए नजर आ रही हैं। बता दें शूरा खान को शनिवार को डिलीवरी के लिए मुंबई के पी.डी. हिंदुजा अस्पताल में एडमिट किया गया था। इस दौरान अरबाज पत्नी के साथ मौजूद थे। डिलीवरी के चलते परिवार के कुछ सदस्य भी अस्पताल पहुंचे थे। शूरा की मां, सोहेल खान और अरबाज के बेटे अरहान अस्पताल के बाहर देखे गए थे। इसके पहले 29 सितंबर को अरबाज और शूरा ने बेबी शावर का ग्रैंड सेलिब्रेशन होस्ट किया गया था। इसमें करीबी परिवार और दोस्त शामिल हुए थे। सलमान खान भी इस खुशी के मौके पर पहुंचे थे।





# हिजाब पहनने पर दीपिका पादुकोण हुईं ट्रोल

## नए एड में पति रणवीर सिंह के साथ आईं नजर, बचाव में उतरे एक्ट्रेस के फैंस

दीपिका पादुकोण पिछले कुछ समय से लगातार विवादों में हैं। अब एक्ट्रेस का एक नया एड आया है, जिसकी वजह से उन्हें ट्रोल किया जा रहा है। दीपिका ने पति रणवीर सिंह के साथ अबू धाबी टूरिज्म के लिए एक नया एड शूट किया है। इस एड में एक्ट्रेस हिजाब में नजर आ रही हैं। वहीं रणवीर शेरवानी लुक में दिख रहे हैं। दोनों को अबू धाबी टूरिज्म का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। इस एड के जरिए दोनों वहां के इतिहास और विरासत को दिख रहा हैं। एड को दीपिका ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा- 'मेरा सुकून।' हालांकि, इस एड की वजह से वो ट्रोलर्स के निशाने पर आ गई हैं। दीपिका को हिजाब में देखकर कुछ यूजर्स नाराज नजर हैं। एक यूजर ने दीपिका पर तंज कसते हुए लिखा- 'भाई साहब मैडम को याद आ गया कि वो कौन थीं।' एक यूजर ने दीपिका के जेएनयू जाने की बात का जिक्र करते हुए लिखा- 'जब कुछ टेरिस्ट आजादी-आजादी चिल्ला रहे थे, तब आप भी वहां थीं। देश सब कुछ याद रखता है।' एक अन्य यूजर ने लिखा- 'कभी अपने देश के मंदिर के लिए आपने ये सब नहीं किया। अबू धाबी में हिजाब पहन रही हैं।' एक अन्य यूजर ने लिखा- 'रणवीर खान और दीपिका बेगम पैसों के लिए कुछ भी कर सकते हैं। शुक्र है कि कल्कि के कास्ट से उन्हें हटा दिया गया।' एक्ट्रेस की ट्रोलिंग पर उनके फैंस खुलकर उनके समर्थन में आ गए हैं। दीपिका के फैंस उनके सपोर्ट में लिख रहे हैं कि एड में दोनों की केमिस्ट्री कमाल की है। दोनों साथ में काफी अच्छे लग रहे हैं। साथ ही वो ट्रोलर्स को ये भी बता रहे कि दोनों पति-पत्नी देश के मंदिरों में भी जाते हैं और हमेशा से भारत की संस्कृति का सम्मान करती रही हैं।

# शाहरुख खान के प्रोडक्शन हाउस और नेटफ्लिक्स को समन:समीर वानखेड़े की मानहानि याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने 7 दिनों में जवाब मांगा

दिल्ली हाईकोर्ट में IRS अधिकारी समीर वानखेड़े की मानहानि की याचिका पर सुनवाई हुई, जिसके बाद दिल्ली हाईकोर्ट ने नेटफ्लिक्स और शाहरुख खान के प्रोडक्शन हाउस रेड चिल्लीज एंटरटेनमेंट को समन किया है। आरोप हैं कि सीरीज बैड्स ऑफ बॉलीवुड द्वारा समीर वानखेड़े की छवि खराब की गई है। इस सीरीज को रेड चिल्लीज द्वारा प्रोड्यूस किया गया, जिसे नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया गया है। दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा जारी किए गए समन में लिखा गया है कि प्रोडक्शन हाउस और नेटफ्लिक्स को 7 दिनों में मामले पर जवाब देना होगा। इस मामले की सुनवाई 30 अक्टूबर को होगी। समीर वानखेड़े का आरोप है कि शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की डायरेक्टोरियल डेब्यू सीरीज बैड्स ऑफ बॉलीवुड में उनसे मिलता-जुलता किरदार दिखाया गया, जिससे उनकी छवि बिगाड़ी गई और मानहानि हुई। उन्हें और उनके परिवार को लगातार ट्रोल किया जा रहा है। इससे पहले समीर वानखेड़े ने 26 सितंबर को पहली बार मानहानि की याचिका दायर की थी। उस समय दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्हें याचिका में संशोधन करने का समय दिया था और जवाब मांगा था कि ये याचिका दिल्ली हाईकोर्ट में सुनने योग्य कैसे होती है। तब जस्टिस पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने कहा था- आपकी याचिका दिल्ली में सुनवाई योग्य नहीं है।




# सारा खान ने की दूसरी शादी

## एक्टर-प्रोड्यूसर कृष पाठक संग की कोर्ट मैरिज



'बिदाई' और 'बिग बॉस' फेम एक्ट्रेस सारा खान फिर से शादी के बंधन में बंध गई हैं। एक्ट्रेस ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड एक्टर-प्रोड्यूसर कृष पाठक संग रजिस्टर्ड मैरिज की है। दोनों ने 6 अक्टूबर को करीबियों के बीच अपनी शादी को रजिस्टर किया है। कपल अब दिसंबर में ग्रैंड वेडिंग सेलिब्रेशन करेगा। सारा ने इंस्टाग्राम पर शादी की खुशखबरी शेयर करते हुए कृष संग कई तस्वीरें शेयर की हैं। साथ ही एक भावुक नोट पोस्ट किया है। सारा ने लिखा- 'दो आस्थाएं। एक स्क्रिप्ट। असीम प्रेम। सिग्नेचर हो गए हैं। 'कुबूल है' से 'सात फेरे' तक इस दिसंबर का इंतजार है। दो दिल, दो संस्कृतियां हमेशा के लिए एक हो गईं। हमारी प्रेम कहानी एक ऐसे मिलन का गढ़ कर रही है, जहां आस्थाएं मिलती हैं, विभाजित नहीं होतीं। जब प्यार ही हेडलाइन बन जाए तो बाकी सब कुछ एक खूबसूरत कहानी बन जाता है। इसलिए हमें अपना आशीर्वाद दीजिए क्योंकि यह यूनियन सभी के लिए है।' सारा और कृष की शादी पर फैंस और सेलेब्स खूब बधाई दे रहे हैं। हाल ही में शादी के बंधन में 'बालिका वधू' फेम एक्ट्रेस अविका गौर ने सारा को बधाई दी है। एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने लिखा- 'ओह माय गॉड। माई बेबी...बधाई।' इसके अलावा कपल को एक्ट्रेस आशका गोराडिया, किश्वर मर्चेंट, गायक अभिजीत सावंत ने भी बधाई दी है। बता दें कि सारा ने इससे पहले अली मर्चेंट से बिग बॉस-4 के घर में शादी की थी। लेकिन शादी के दो महीने के अंदर ही दोनों ने तलाक ले लिया था। अली ने रियलिटी शो 'सच का सामना' के एक एपिसोड में कहा कि उन्होंने पब्लिसिटी के लिए सारा से शादी की थी और उनसे शादी करना उनके जीवन की सबसे बड़ी गलती थी।

## एक नजर

### चिकित्सक व फार्मासिस्ट विवाद में दर्ज हुआ क्रॉस केस, सीसीटीवी फुटेज वायरल

**कादीपुर – सुलतानपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक और फार्मासिस्ट के बीच हुई मारपीट का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मंगलवार की रात पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर क्रॉस केस दर्ज कर लिया है। घटना बीते शनिवार शाम लगभग पांच बजे की है, जब एक मरीज को बाहर की दवा लिखने का विरोध करने पर फार्मासिस्ट अवधेश कुमार मौर्य का संविदा चिकित्सक डॉ. दीपांकर विश्वास से विवाद हो गया। आरोप है कि डॉक्टर ने फार्मासिस्ट के साथ मारपीट की, जिसका वीडियो अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया और बाद में वायरल भी हो गया। इस घटना को लेकर फार्मासिस्ट ने कोतवाली में तहरीर दी थी। हालांकि रविवार को दोनों पक्षों के बीच लिखित समझौता भी हो गया था। इसके बावजूद मामला शांत नहीं हुआ। मुख्य चिकित्साधिकारी ने घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन किया था, जिसकी अगुवाई एसीएमओ डॉ. जे. सी. सरोज ने की। टीम ने सोमवार को जांच पूरी कर रिपोर्ट सीएमओ को सौंप दी थी। मंगलवार को फार्मासिस्ट अवधेश मौर्य ने फिर से तहरीर दी, जिसमें आरोप लगाया कि डॉ. दीपांकर ने मरीज को बाहर की दवा लिखी और जब उन्होंने विरोध किया तो डॉक्टर ने गाली–गलौज और लात–घूंसों से मारपीट की। साथ ही धमकी दी कि "अगर मुकदमा लिखवाओगे तो तुम्हारे खिलाफ एससी–एसटी का केस लिखवा दूंगा। वहीं दूसरी ओर, डॉ. दीपांकर विश्वास ने अपनी तहरीर में लिखा है कि गंभीर अवस्था में आए मरीज के लिए जब उन्होंने कुछ दवाइयां और इंजेक्शन लिखे, तो फार्मासिस्ट अवधेश मौर्य ने लगाने से इनकार कर दिया और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अभद्रता की। उन्होंने कहा कि हम तुम्हें डॉक्टर नहीं मानते। आरोप है कि फार्मासिस्ट ने कॉलर पकड़कर मारपीट की और कुछ देर बाद अपने बेटे के साथ कमरे पर जाकर दोबारा हमला किया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया कि फार्मासिस्ट अवधेश मौर्य की तहरीर पर डॉ. दीपांकर विश्वास के खिलाफ तथा डॉक्टर की तहरीर पर अवधेश मौर्य और उनके पुत्र के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है।

### गौसाबाद में सूफी विचारों से गूंजा समां, मोहब्बत और इंसानियत का पैग़ाम

**सुलतानपुर।** गौसाबाद स्थित दरगाह शरीफ गौसुल आज़म पर चल रहे उर्स के तीसरे दिन अध्यात्मिक माहौल चरम पर रहा। इस मौके पर आयोजित आध्यात्मिक प्रवचन में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की। प्रसिद्ध आलिम–ए–दीन मुफ्ती अबुल इरफान फिरंगी महली ने अपने बयान में सूफी संतों और गौस–ए–आज़म की रूहानी जिंदगी पर रोशनी डालते हुए कहा कि सूफियत का असल मकसद इंसानियत, मोहब्बत और अमन का पैग़ाम देना है। दरगाह बांसा शरीफ के गद्दी नशीन मौलाना इंतेखाब साबरी और सैय्यद उमर अहमद जिलानी ने मुल्क में अमन, सलामती और भाईचारे की दुआ मांगी। इसके अलावा मौलाना अख्तर मिस्बाही, मुफ्ती इंतज़ार रिज़वी, मौलाना शहाबुद्दीन, मौलाना नसीर कादिरी (जगदीशपुर), मौलाना जलालुद्दीन मिस्बाही समेत दीगर उलमा–ए–किराम ने सूफी संतों की तालीमात, रहन–सहन और उनके जीवन के नेक उसूलों पर विस्तार से चर्चा की। अंत में सज्जादा नशीन मौलाना मोहम्मद नसीमुद्दीन कादिरी ने अपने तकरीर में मोहब्बत और इंसानियत का संदेश देते हुए कहा – "किसी भी इंसान को हिकारत की नज़र से मत देखो, क्योंकि हर इंसान में खुदा की झलक होती है। उनके इस संदेश पर उपस्थित अकीदतमंदों ने सुब्हानअल्लाह कहकर तालियों से समर्थन जताया। पूरा परिसर आध्यात्मिक माहौल में सराबोर रहा।



### आरएसएस ने पथ संचलन कर मनाया शताब्दी वर्ष

**मोतिगरपुर–सुलतानपुर।** विजयदशमी उत्सव कार्यक्रम व शताब्दी वर्ष कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयं सेवकों ने आलापुर व गोरसरा गांव में पथ संचलन किया। आलापुर गांव में खंड संयोजक अखंड प्रताप के संयोजन में एक कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य वक्ता प्रांत के शारीरिक प्रमुख गोकुल ने कहा कि आरएसएस का शताब्दी वर्ष देश के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने संगठन की सौ वर्षों की राष्ट्र निर्माण यात्रा को प्रेरणादायक बताया। संघ के सेवा, संस्कार और समर्पण के मूल्यों को उन्होंने युगों तक प्रासंगिक बताया। साथ ही युवाओं से राष्ट्रहित में संगठन के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि रामदेव कनौजिया सेवा निवृत्त निरीक्षक सीआरपीएफ ने गांव में पथ संचलन को राष्ट्र के लिए अच्छा संकेत कहा। मंडल पालक महेंद्र, खंड संघ चालक सत्येंद्र, मंडल कार्यवाह जयनाथ, वेदप्रकाश, धनई, अमन, महादेव, विकास, पंकज, अनंत बहादुर, अजय, अवनीश, सत्यसांची, अनुराग, अमित, शिवांश, भोलाराम, देवेंद्र सहित बड़ी संख्या में स्वयं सेवक मौजूद रहे।



### डीएम का नक्शा विभाजन का आदेश रद्द हुआ

**सुलतानपुर।** राजस्व परिषद ने जिलाधिकारी के नक्शा विभाजन के दो साल पुराने आदेश को रद्द कर दिया है। पूर्व डीएम ने कुड़वार के सरैया पूरे बिसेन गांव से सम्बंधित वाद में बिना सभी पक्षों को सुने आदेश पारित किया था।
अधिवक्ता अब्बास अहमद खान के मुताबिक अब्दुल्ला वहीद के पावर ऑफ अटॉर्नी असगर अली ने पूर्व डीएम रवीश कुमार गुप्ता के 10 फरवरी 2023 को आदेश को प्राकृतिक न्याय के विरुद्ध बताकर उसे चुनौती दी थी। गांव की गाटा संख्या 1019 और 1020 के सम्बन्ध में मो. रफीक ने नक्शा विभाजन का वाद दायर किया था जिसमें सभी खातेदार पक्षकार नहीं बनाए गए थे। बोर्ड के सदस्य (न्यायिक) अभय सिंह ने आदेश दिया कि जिलाधिकारी दोनों पक्षों को साक्ष्य और सुनवाई का अवसर प्रदान करने के बाद गुण–दोष पर नया आदेश पारित करें।

### अधिवक्ता हत्याकांड में सुनवाई टली

**सुलतानपुर।** अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड में न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर ने सुनवाई 16 अक्टूबर को नियत की है। पीड़ित पक्ष के वकील शेख नजर अहमद ने बताया कि बचाव पक्ष ने मृतक के पिता सलीम को दुबारा गवाही में तलब करने की अर्जी दी है जिस पर वकीलों की हड़ताल के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। कोतवाली देहात थाना के भुलकी प्यारेपट्टी चौराहे पर छह अगस्त 2024 को अधिवक्ता आजाद अहमद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वादी मोहम्मद सलीम की गवाही पूरी हो चुकी है जिसे फिर तलब करने की मांग की गई है।

### राष्ट्र शौर्य समृद्धि महायज्ञ के लिए निकली कलश यात्रा

**कुड़वार– सुलतानपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वाधान में आयोजित पांच दिवसीय 24 कुंडीय महायज्ञ के लिए कार्यक्रम स्थल गायत्री प्रज्ञा धाम से कलश यात्रा निकाली गई। बुधवार को स्थानीय कस्बे के गायत्री प्रज्ञा धाम से विशाल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में महिलाओं ने कलश लेकर भक्ति मय माहौल में डीजे व वाहनों के साथ नगर क्षेत्र का भ्रमण किया।कस्बे में भ्रमण के बाद कलश यात्रा आदि गंगा गोमती के तट पर पहुंची। जहां महिलाएं कलश में जल लेकर वापस कार्यक्रम स्थल पहुंची।कलश यात्रा में भाजपा की काशी प्रांत की महिला मोर्चा उपाध्यक्ष बबिता तिवारी भी महिलाओं के साथ शामिल हुई।वही यात्रा का संचालन दयाराम अग्रहरी,आयोजक आशीष अग्रहरि आदि ने किया।यात्रा में राम सूरत तिवारी,शशि कांत तिवारी,सत्य नारायण पांडेय,नरेंद्र तिवारी,सुभाष तिवारी सहित गणमान्य लोग शामिल रहे। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी अमित मिश्रा अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।



# रंगे हाथ पकड़ी गई पत्नी, पति ने प्रेमी को पीट-पीटकर मार डाला

## परदेशी पति ने पत्नी को भी किया मरणासन्न, पड़ताल में जुटी पुलिस

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कुड़वार–सुलतानपुर।** बंधुआ कला थाना क्षेत्र के बबुरी गांव में मंगलवार देर शाम एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। पत्नी के प्रेम प्रसंग से बौखलाए पति ने अपनी पत्नी को गांव के ही युवक के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। गुस्से से तिलमिलाए पति ने लाठी-डंडे से हमला कर युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी, जबकि पत्नी को भी बेरहमी से पीटकर मरणासन्न अवस्था में छोड़ दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आरोपी पति को हिरासत में ले लिया।

**घर के अंदर चला खौफनाक तांडव :** मालूम हो कि, बंधुआ कला थाना क्षेत्र के अलीगंज चौकी अंतर्गत बबुरी गांव निवासी रमेश (30) पुत्र बाबूलाल कोरी मंगलवार की रात किसी निमंत्रण से घर लौट रहा था। घर के अंदर घुसते ही उसने अपनी पत्नी वंदना को गांव के ही युवक विशाल (18) पुत्र विनोद कोरी के साथ संदिग्ध हालत में देख लिया।

यह दृश्य देखते ही रमेश का आपा खो गया और उसने दोनों पर लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में विशाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वंदना गंभीर रूप से घायल हो गई। आरोप है कि वारदात के बाद रमेश वहीं घर के अंदर बैठा रहा। पड़ोसियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर मर्चरी भेज दिया।

**घर में मचा कोहराम, मां और बहनों का रो-रोकर बुरा हाल :** मृतक विशाल अपने भाइयों अरुण और अंशु के बीच का था। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की मां गीता देवी और बहनों अंतिमा व शांतिमा का रो-रोकर बुरा हाल है। विशाल के पिता जो पंजाब में रहकर मजदूरी करते हैं, घटना की सूचना मिलते ही घर के लिए रवाना हो गए हैं।





वहीं आरोपी रमेश का वृद्ध पिता बाबूलाल घर के बाहर बैठा था। उसने पुलिस को बताया कि घर के अंदर क्या हो रहा है, इसका उसे अंदाजा ही नहीं था।

**हत्या का केस दर्ज, जांच में जुटी पुलिस :** प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में प्रेम प्रसंग की वजह से हत्या की पुष्टि हुई है। मृतक की मां की तहरीर पर आरोपी रमेश के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घायल पत्नी का इलाज जिला मेडिकल कॉलेज के सर्जिकल वार्ड में जारी है।

**परदेश से लौटा था पति, सात साल से थी संतानहीन शादी :** जानकारी के अनुसार, आरोपी रमेश माहभर पहले ही मुंबई से लौटा था, जहां वह मजदूरी करता था। उसकी शादी सात साल पहले वंदना उमरपुर, लंभुआ निवासी से हुई थी, लेकिन अब तक संतान नहीं थी। इससे पहले रमेश की पहली शादी मनियारी गांव में हुई थी, जो कुछ दिनों में ही टूट गई थी। रमेश को उसके पिता बाबूलाल ने गोद लिया था, क्योंकि उनकी अपनी कोई संतान नहीं थी। उसकी मां की मृत्यु पहले ही हो चुकी है।

**गांव में दहशत, अनहोनी के मद्देनजर पुलिस बल तैनात :** इस सनसनीखेज वारदात से पूरा क्षेत्र स्तब्ध है। बबुरी गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। ग्रामीणों में चर्चा है कि आरोपी पति ने गुस्से में ऐसा कदम उठाया, लेकिन उसने जो किया उसने गांव में खौफ और सन्नाटा दोनों फैला दिया है।

# बच्चे के अपहरण की अफवाह पर ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

## बच्चों के विवाद में किशोर की पिटाई कर अपने वाहन से उठा ले जाने का आरोप

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कुड़वार–सुलतानपुर।** दूध डेयरी पर दूध देने गए दो पक्ष के किशोरों में हुए विवाद ने तब बड़ा रूप ले लिया जब गैर समुदाय के किशोर के पिता ने मौके पर पहुंचकर किशोर को बोलेरो में लेकर फरार हो गया।अपहरण की सूचना मिलते ही परिजनों ने कुड़वार–सुलतानपुर मार्ग जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया।सूचना पर पहुंची पुलिस सड़क जाम हटवाकर दोनों पक्षों को थाने लाकर विधिक कार्यवाही में जुटी है।



मामला स्थानीय थाना क्षेत्र के रूपापुर गांव से जुड़ा है। जहां बुधवार को सुबह गांव निवासी अमन मौर्य उर्फ महादेव पुत्र नन्हे घर से जोगिया नगर भदहरा में दूध डेयरी पर दूध देने गया। तभी वहां पर गंजेहड़ी निवासी सदफ पुत्र मोकीम भी दूध देने बाइक लेकर पहुंच गया।वही खड़ी बाइक को हटाने में दोनो किशोरों में विवाद हो गया।तभी वहां रूपापुर गांव निवासी किशोर शनि व अंकुश भी पहुंच गया और हल्की फुल्की दोनों में मारपीट हुई।जिसकी सूचना सदफ ने अपने पिता मोकीम को दी।सूचना पर बोलेरो लेकर पहुंचे मोकीम पुत्र मोईन पर आरोप है कि वह अमन को बोलेरो में बैठाकर मौके से फरार हो गया।

अपहरण की सूचना मिलते ही उग्र हुए ग्रामीणों सहित महिलाओं ने जोगिया नगर पहुंचकर कुड़वार सुलतानपुर मार्ग जाम कर दिया।जाम लगने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी की तो पता चला कि मोकीम अमन को लेकर थाने आया था और उसका बेटा और अन्य लोग बाइक से थाने पहुंच गए। पुलिस जाम हटवाकर दोनों पक्षों को थाने लाकर विधिक कार्यवाही में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक अमित मिश्रा ने बताया कि तहरीर प्राप्त कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर समाज में शिक्षा व जागरूकता पर बल



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** बढ़ैयावीर में रविवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर वाल्मीकि समाज के वरिष्ठ सदस्य नटवर लाल सुदर्शन व स्व. राम प्रसाद सुदर्शन दास द्वारा स्थापित मूर्ति के समक्ष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अशोक सिंह बिसेन एडवोकेट, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य बार एसोसिएशन एवं प्रदेश सचिव समाजवादी अधिवक्ता सभा ने कहा कि "महर्षि वाल्मीकि का जीवन इस बात का प्रमाण है कि ज्ञान और तपस्या से मनुष्य अपने जीवन का संपूर्ण परिवर्तन कर सकता है। बाल्यावस्था में रत्नाकर नामक डाकू के रूप में जाने जाने वाले वाल्मीकि जी ने नारद मुनि और ब्रह्मा जी की प्रेरणा से तपस्या आरंभ की और दिव्य ज्ञान प्राप्त कर हिन्दू धर्म का प्रथम महाकाव्य रामायण की रचना की।

उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी ने भगवान राम के जीवन और आदर्शों को मानवता के सर्वोत्तम उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया। वे संस्कृत के प्रथम महाकवि के रूप में पूजनीय हैं। शास्त्रों के अनुसार वे वरुण के दशवें पुत्र थे और उनका काल 1500 से 500 ईसा पूर्व माना जाता है।

बिसेन ने कहा कि समाज को महर्षि वाल्मीकि के जीवन से प्रेरणा लेकर शिक्षा, ज्ञान और आत्मविकास की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। तभी समाज की गरीबी, पिछड़ापन और लाचारी दूर होगी और उनकी जयंती का सही अर्थ सिद्ध होगा।

इस अवसर पर प्रदीप पाल, अंशु सिंह, रोहित सुदर्शन, गौरी शंकर, सतीश पांडेय (युवा नेता), विनय कुमार सिंह, समाजसेवी अकरम जमाल, रानू, शानू, प्रदीप कुमार यादव, डॉ. राममूर्ति पाल, सुनील कुमार, बबलू, सुरेश गौतम, अमरीशकांत गौतम सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन सर्वधर्म प्रार्थना के साथ हुआ।

# भंडारे से लौटते वक्त नहर में गिरी स्विफ्ट डिजायर, एक की मौत

## एक लापता की तलाश में जुटी एनडीआरएफ की टीम

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बल्दीराय–सुलतानपुर।** दुर्गा पूजा के भंडारे से लौटते समय मंगलवार देर रात बड़ा हादसा हो गया। स्विफ्ट डिजायर कार शारदा सहायक खंड-16 नहर में गिर गई, जिससे गांव में हड़कंप मच गया।

हादसा बल्दीराय थाना क्षेत्र के ग्रामसभा दक्खिन गांव के पास हुआ। कार में सवार मित्रसेन यादव, पप्पू यादव समेत चार लोग मौजूद थे। हादसे के बाद ग्रामीणों की मदद से दो लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन मित्रसेन यादव की इलाज के दौरान सीएचसी बल्दीराय में मौत हो गई, जबकि पप्पू यादव का अब तक कोई पता नहीं चल सका है।



घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी नारद मुनि सिंह, नायब तहसीलदार गुलाब सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। बुधवार सुबह से NDRF की टीम गोताखोरों के साथ सर्च ऑपरेशन में जुटी हुई है, लेकिन 18 घंटे बाद भी लापता युवक का सुराग नहीं मिला।

बताया जा रहा है कि कार की रफ्तार अधिक थी और मोड़ पर नियंत्रण बिगड़ने से वाहन सीधे नहर में जा गिरा। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है।

थाना प्रभारी नारद मुनि सिंह ने बताया राहत व बचाव कार्य जारी है। गोताखोरों की मदद से नहर के गहरे हिस्सों में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। जल्द ही लापता युवक को खोज लिया जाएगा।

# भक्ति भाव में डूबा रहा शहर, नम आंखो से दी जा रही मां दुर्गा को विदाई

## 48 घंटे चलेगा मूर्ति विसर्जन, डीएम–एसपी ने मंगलवार की रात्रि दिखाई थी हरी झंडी, शहर की 300 मूर्तियां शोभायात्रा में शामिल, सुरक्षा के कड़े इंतजाम







**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** कोलकाता के बाद अपनी भव्यता और सांस्कृतिक विरासत के लिए प्रसिद्ध सुल्तानपुर दुर्गा पूजा महोत्सव का विसर्जन मंगलवार की देर रात हर्षोल्लास और श्रद्धा के वातावरण में प्रारंभ हुआ। जिलाधिकारी कुमार हर्ष व पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया।

शहर की लगभग 300 दुर्गा प्रतिमाएँ सुसज्जित रथों व वाहनों पर सवार होकर "जय माता दी" के जयकारों, ढोल-नगाड़ों और आतिशबाज़ी के बीच चौक, शाहगंज रोड, सब्ज़ी मंडी, स्टेशन रोड, पुरानी कोतवाली, लालडिग्गी से होते हुए आदि गंगा-गोमती के पवित्र सीता कुंड घाट की ओर रवाना हुईं। विसर्जन का यह धार्मिक आयोजन लगातार 48 घंटे तक चलेगा। पूरे शहर में भक्तिमय वातावरण देखने को मिल रहा है। मोहल्लों और गलियों से लेकर मुख्य मार्गों तक, दुर्गा प्रतिमाओं की शोभायात्रा में महिलाएं थालियों में आरती सजाए खड़ी थीं। युवा टोली ढोल-ताशे पर थिरकते नजर आए। कई जगहों पर भंडारा, शीतल पेय वितरण और चिकित्सा शिविर लगाए गए हैं।

सांस्कृतिक मंचों पर पारंपरिक नृत्य, भजन-कीर्तन और देवी गीतों की गूंज से वातावरण आलोकित रहा। माँ दुर्गा के जयकारों से पूरा शहर गूंज उठा। डीएम कुमार हर्ष ने बताया कि प्रशासन ने विसर्जन कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए व्यापक व्यवस्था की है। सीता कुंड घाट पर नगर पालिका की सफाई टीम, गोताखोर दल, आपदा प्रबंधन बल और मेडिकल यूनिट चौबीसों घंटे तैनात हैं। घाट पर रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

एसपी कुँवर अनुपम सिंह ने बताया कि ट्रैफिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पूरे मार्ग को चार जोनों में बाँटा गया है। ड्रोन कैमरों से भीड़ पर नज़र रखी जा रही है, और संवेदनशील स्थानों पर महिला पुलिस बल की विशेष तैनाती की गई है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, इस बार जिलेभर में 800 से अधिक दुर्गा प्रतिमाएँ स्थापित हुई थीं। इनमें से शहर की 300 प्रतिमाएँ बुधवार और गुरुवार को विसर्जित की जा रही हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों की मूर्तियों का विसर्जन कुड़वार, बंधुआकला, अलीगंज और लंभुआ घाटों पर हो रहा है। वहीं, ग्रामीण इलाकों से भी सैकड़ों श्रद्धालु बसों और ट्रैक्टरों से अपने पंडालों की प्रतिमाएँ लेकर शहर पहुँचे।

इस दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस ने वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग कराया। विसर्जन के दौरान माँ दुर्गा की विदाई का क्षण भावुक कर देने वाला रहा। ढोल की थापों के बीच भक्तों की आंखें नम थीं, और माँ से अगले वर्ष पुनः आगमन की कामना की जा रही थी —

**"साल भर रहियो वही गाँव में,
फिर अइहऽ अगले साल में"**

के स्वर से सीता कुंड घाट और आसमान एक साथ गूंज उठा।

**शोभायात्रा** ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंची मूर्तियों की भव्य शोभायात्रा, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच तैयारियों को अंतिम रूप, प्रशासन सतर्क

# देर रात कुड़वार घाट पर होगा देवी प्रतिमाओं का विसर्जन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कुड़वार–सुलतानपुर।** नवरात्र और दशहरा पर्व के समापन के साथ ही जनपद में देवी प्रतिमाओं के विसर्जन की तैयारियां जोरों पर हैं। बुधवार देर शाम अलीगंज बाजार से ऐतिहासिक दुर्गा पूजा महोत्सव की भव्य शोभायात्रा निकली, जिसमें बंधुआ कला थाना क्षेत्र की सभी मूर्तियां एकत्र होकर शामिल हुईं। देर रात कुड़वार घाट पर मूर्तियों के विसर्जन की संभावना जताई जा रही है।

**अलीगंज से शुरू हुई भव्य शोभायात्रा :** बुधवार देर शाम अलीगंज बाजार से मूर्तियां कतारबद्ध होकर गाजे-बाजे और जयकारों के साथ कुड़वार घाट की ओर रवाना हुईं। शोभायात्रा में अलीगंज, दाउदपुर, रवनिया सहित बंधुआ कला थाना क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों की मूर्तियां शामिल हुईं।

कुड़वार थाना क्षेत्र में प्रवेश करते ही बहमरपुर और राजापुर बाजार की प्रतिमाएं भी शोभायात्रा में सम्मिलित हो गईं। देर रात तक सजी हुई ट्रॉलियों, झांकियों और ढोल-नगाड़ों की गूंज से पूरा रास्ता भक्तिमय माहौल में डूबा रहा।

**कुड़वार घाट पर उमड़ेगा श्रद्धा का सैलाब :** देर रात शोभायात्रा गंगा-गोमती संगम तट स्थित कुड़वार घाट पहुंचेगी, जहां नावों और हाइड्रा मशीनों की मदद से प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। वहीं, कुड़वार कस्बे की मूर्तियों का विसर्जन गुरुवार की शाम निकली शोभायात्रा के साथ देर रात तक किया जाएगा। कुड़वार घाट पर बंधुआ कला, धनपतगंज, बल्दीराय सहित आसपास के इलाकों की प्रतिमाएं भी विसर्जन के लिए पहुंचेंगी।



**व्यवस्था में जुटा प्रशासन, सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम :** विसर्जन के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए विकास विभाग व पुलिस प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। घाट पर एडीओ पंचायत संतोष पाल, सचिव पीएल यादव, एडीओ महिला पूनम देवी, सेक्टर मजिस्ट्रेट धामू, राजस्व विभाग से संग्रह अमीन चंद्रभान, प्रभारी निरीक्षक अमित मिश्रा व उनकी टीम तैनात है।

इसके साथ ही गैर जनपद से पहुंचे एएसपी नृपेंद्र भी भारी सुरक्षा बल के साथ मौके पर मौजूद हैं। घाट क्षेत्र को बैरिकेडिंग कर सीमित प्रवेश की व्यवस्था की गई है, जबकि नावों और हाइड्रा ऑपरेटरों को प्रशासनिक निर्देशों के तहत निगरानी में रखा गया है।

**भक्ति और उत्साह के बीच सुरक्षा पर कड़ी नजर :** दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर अलीगंज, कुड़वार, बहमरपुर, राजापुर सहित पूरे क्षेत्र में भक्ति, उमंग और उत्साह का माहौल है। देर रात तक घाट क्षेत्र में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने की संभावना है। प्रशासन ने लोगों से सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की है।

## एक नजर

### अनंतनाग से सेना के 2 जवान लापता



जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले से दो भारतीय सैनिक सोमवार से लापता हैं। इसकी जानकारी आज सामने आई है। लापता जवान एलीट 5 पैरा फोर्स का हिस्सा हैं। दोनों की ड्यूटी कोकरनाग क्षेत्र के गदूल इलाके में लगी थी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि खराब मौसम के कारण ये सैनिक भटक गए होंगे। फिलहाल दोनों की तलाश जारी है। खोज के दौरान सेना की टीमें लगातार लोकल अधिकारियों के संपर्क में हैं। पिछले साल सितंबर में कोकरनाग के गडोले इलाके में लश्कर के आतंकवादियों ने तीन अधिकारियों कर्नल मनप्रीत सिंह (19 राष्ट्रीय राइफल्स के कमांडिंग ऑफिसर), मेजर आशीष धोंचक और पुलिस उपाधीक्षक हुमायूं भट सहित चार सुरक्षाकर्मियों की हत्या कर दी थी।

### आंध्र प्रदेश की पटाखा फैक्ट्री में आग, 7 की मौत

आंध्र प्रदेश के डॉ. बीआर अंबेडकर कोनासीमा जिले के रायवरम में बुधवार को एक पटाखा फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। हादसे में कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई। बुरी तरह झुलस गए शवों की पहचान कर पाना मुश्किल हो रहा है। 3 लोग घायल हैं। SP राहुल मीणा ने बताया कि हादसे में मारे गए लोगों के शव बुरी तरह झुलस गए हैं। मृतक पटाखा फैक्ट्री के मजदूर हो सकते हैं। शवों की पहचान की जा रही है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। पटाखा फैक्ट्री के पास मैन्युफैक्चरिंग का लाइसेंस था। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में पटाखा बनाने के दौरान शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका की खबरें हैं। घटना के कई वीडियो सामने आए हैं। एक वीडियो में पूरी फैक्ट्री आग की लपटों से घिरी दिखी। एक अन्य वीडियो में एक व्यक्ति का शव पूरी तरह झुलसा दिख रहा है। वहीं, दूर से रिकॉर्ड किए एक वीडियो में फैक्ट्री से धुएं का गुबार काफी ऊंचाई तक उठता हुआ दिखा। इस दौरान कई धमाके भी हुए। CM चंद्रबाबू नायडू ने अधिकारियों को घटनास्थल पर जाने के निर्देश दिए हैं। नायडू ने X पर लिखा– इस दुर्घटना में कई लोगों की जान जाने की खबर से गहरा दुख हुआ है। मैंने अधिकारियों से दुर्घटना के कारणों, वर्तमान स्थिति, राहत कार्यों और चिकित्सा सहायता के बारे में बात की है।

### सिंगर जुबीन गर्ग मौत केस में चचेरा भाई गिरफ्तार

सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में बुधवार को असम पुलिस के DSP संदीपन गर्ग को अरेस्ट किया गया है। संदीपन, सिंगर के चचेरे भाई हैं। हादसे के वक्त वह सिंगापुर में साथ थे। अधिकारी ने बताया कि संदीपन से जुबीन की मौत के सिलसिले में पिछले कुछ दिनों से पूछताछ की जा रही है। उनके खिलाफ गैर इरादतन हत्या, आपराधिक षड्यंत्र और लापरवाही से मौत का कारण बनने का केस दर्ज किया गया है। जुबीन की मौत के मामले में यह पांचवीं गिरफ्तारी है। इससे पहले, नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के मुख्य आयोजक श्यामकानु महंत, गायक के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा और उनके दो बैंड सदस्यों – शेखर ज्योति गोस्वामी और अमृत प्रभा महंत को अरेस्ट किया गया था। जुबीन गर्ग का निधन सिंगापुर में 19 सितंबर को हुआ था। सिंगर 20 सितंबर को होने वाले नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के लिए सिंगापुर गए हुए थे, जहां उन्होंने वाटर एडवेंचर एक्टिविटी में हिस्सा लिया था। दावा किया गया कि उनकी मौत स्कूबा डाइविंग के दौरान एक हादसे में हुई थी।

### OTT प्लेटफॉर्म्स के लिए नए नियमों का मसौदा

केंद्र सरकार ने बुधवार को एक नया ड्राफ्ट जारी किया है। इसमें बताया गया है कि OTT प्लेटफॉर्म्स (जैसे Netflix, Amazon Prime, Disney+ Hotstar आदि) को अब ऐसा कंटेंट बनाना होगा, जिसे सुनने या देखने में कठिनाई वाले लोग भी आसानी से देख सकें। इन नए नियमों के अनुसार, हर नए शो या फिल्म में भारतीय सांकेतिक भाषा (ISL) में व्याख्या, सबटाइटल्स (कैप्शन), ऑडियो डिसक्रिप्शन यानी जो लोग नहीं देख सकते, उनके लिए आवाज में विजुअल डिटेल्स जैसे कम से कम एक फीचर जरूर शामिल करना होगा। इन नियमों का उद्देश्य है कि हर व्यक्ति, चाहे वह सुन या देख न सके, ऑनलाइन कंटेंट का आनंद ले सके। सरकार ने लोगों और कंपनियों से इस ड्राफ्ट पर 22 अक्टूबर तक सुझाव और राय देने को कहा है।

### वकील के खिलाफ बेंगलुरु में FIR दर्ज

बेंगलुरु पुलिस ने बुधवार को CJI पर जूता फेंकने की कोशिश करने वाले वकील राकेश किशोर के खिलाफ जीरो FIR दर्ज की है। यह कार्रवाई ऑल इंडिया एडवोकेट्स एसोसिएशन, बेंगलुरु की शिकायत पर की गई है। शिकायत में कहा गया है कि राकेश किशोर का काम आपत्तिजनक था और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। निलंबित वकील राकेश किशोर ने 6 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस बीआर गवई पर जूता फेंकने का प्रयास किया था। पुलिस ने उनके खिलाफ BNS की धारा 132 और 133 के तहत मामला दर्ज किया है।

### जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी के बाद 25 लोगों का रेस्क्यू



जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्यों के ऊंचे इलाकों में पिछले 24 घंटों से बर्फबारी जारी है। सेना ने डोडा जिले के ऊपरी इलाकों में अपने पालतू जानवरों के साथ बर्फीले तूफान में फंसे बकरवाल समुदाय के 25 आदिवासियों को बचाया है। वहीं, आज से जम्मू-कश्मीर के कटरा में वैष्णो देवी यात्रा फिर से शुरू हुई है। खराब मौसम के कारण 5 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक यात्रा रोकी गई थी। 3 दिन के बाद यात्रा शुरू होने से श्रद्धालु खुश हैं। सुबह से ही सैकड़ों लोग दर्शन के लिए रवाना हुए। हिमाचल प्रदेश में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन स्नोफॉल हुआ। लाहौल-स्पीति में रात के तापमान -0.5°C दर्ज किया गया। रात में बिलासपुर जिले में निजी बस पर लैंडस्लाइड हुई। हादसे में 16 लोगों की मौत हुई है। बस में करीब 30 यात्री सवार थे। उत्तराखंड के बद्रीनाथ, केदारनाथ और हेमकुंड साहब में मंगलवार को पहली बर्फबारी हुई। हेमकुंड साहिब में 2 और 3 इंच तक स्नोफॉल हुआ। केदारनाथ में तापमान 5 डिग्री तक गिर गया। इस वक्त चारधाम यात्रा का दूसरा दौर चल रहा है। रोज 5 हजार से ज्यादा श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

# अयोध्या में गूंजी दक्षिण की भक्ति स्वर लहरियां

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण व सीएम योगी ने किया दक्षिण के तीन संतों की मूर्तियों का अनावरण

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**अयोध्या।** उत्तर और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक एकता का अद्भुत संगम बुधवार को अयोध्या की पावन भूमि पर देखने को मिला। दो दिवसीय दौरे पर पहुंचीं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मिलकर दक्षिण भारत के तीन महान संगीत संतों त्यागराज स्वामीगल, पुरंदर दास और अरुणाचल कवि की मूर्तियों का बृहस्पति कुंड में भव्य अनावरण किया।

टेढ़ी बाजार स्थित बृहस्पति कुंड का वातावरण उस समय भक्तिरस और संगीत की पवित्र भावना से सरोबार हो उठा जब केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री ने दक्षिण भारतीय परंपरा के अनुसार पूजा-अर्चना कर अनावरण समारोह की शुरुआत की। इस दौरान सीतारमण के माता-पिता भी मौजूद रहे, जिससे यह पल और भी भावनात्मक हो गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय वित्त मंत्री का पुष्पगुच्छ भेंट कर पारंपरिक अयोध्या शैली में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बृहस्पति कुंड केवल एक ऐतिहासिक स्थल नहीं, बल्कि सांस्कृतिक समरसता का प्रतीक है, जहां उत्तर भारत की श्रद्धा और दक्षिण भारत की भक्ति का संगम होता है।





प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में बृहस्पति कुंड स्थल पर स्थापित दक्षिण भारत के प्रमुख संतों की प्रतिमाओं के अनावरण कार्यक्रम के अवसर पर केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण का स्वागत करते सीएम योगी आदित्यनाथ।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि अयोध्या केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक आत्मा का प्रतीक है। उन्होंने तीनों संतों के योगदान को नमन करते हुए कहा कि त्यागराज स्वामीगल, पुरंदर दास और अरुणाचल कवि ने भारतीय शास्त्रीय संगीत और भक्ति परंपरा को विश्व पटल पर स्थापित किया। उनके काव्य और रचनाओं ने समाज को प्रेम, भक्ति और एकता के सूत्र में पिरोया।

सीतारमण ने बृहस्पति कुंड की भव्यता और शांति देखकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अयोध्या और कर्नाटक के सांस्कृतिक संबंध सदियों पुराने हैं। आज इन संतों की मूर्तियों के अनावरण के माध्यम से भारत की उत्तर-दक्षिण परंपरा एक सूत्र में बंधी है।

इस अवसर पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रीराम की नगरी अयोध्या अब केवल आध्यात्मिक ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण की केंद्रस्थली बन रही है। उन्होंने कहा कि निर्मला सीतारमण का यह दौरा भारत की सांस्कृतिक एकता और समरसता का सशक्त प्रतीक है।

बृहस्पति कुंड परिसर में स्थापित सुंदर पत्थर की बेंचों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह कुछ देर के लिए विराम लेते हुए बैठे। शांत सरोवर, मधुर वातावरण और सुव्यवस्थित परिसर को निहारते हुए तीनों जनप्रतिनिधियों ने उस पल में अयोध्या की सौंदर्य व सांस्कृतिक गरिमा का आनंद अनुभव किया। मुख्यमंत्री ने बेंचों की कलात्मक बनावट और परिसर के सौंदर्यीकरण की सराहना करते हुए कहा कि बृहस्पति कुंड अब श्रद्धा और सौंदर्य का आदर्श संगम बन चुका है।

# अमित शाह जीमेल से स्वदेशी जोहो मेल पर शिफ्ट हुए

## कहा– अब इसी आईडी पर मेल करें; Zoho Mail को श्रीधर वेंबु ने बनाया

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह Gmail से स्वदेशी प्लेटफॉर्म Zoho Mail पर शिफ्ट हो गए हैं। शाह ने बुधवार को X पर पोस्ट कर कहा कि उन्होंने Zoho Mail पर आईडी बना ली है। अब सभी लोग नए ईमेल एड्रेस पर मेल भेजें। मैंने Zoho Mail पर स्विच कर लिया है। कृपया मेरे ईमेल एड्रेस में हुए बदलाव पर ध्यान दें। मेरा नया ईमेल एड्रेस है-(amitshah.bjp@zohomail.in)। भविष्य में मेल द्वारा पत्राचार के लिए कृपया इसी ईमेल एड्रेस का उपयोग करें। Zoho Mail विदेशी ईमेल सेवाओं जैसे Gmail और Outlook का भारतीय विकल्प है। इससे पहले 3 अक्टूबर को शिक्षा मंत्रालय ने सभी सरकारी दफ्तरों को अपने डॉक्यूमेंट रिलेटेड कामों के लिए Zoho Office Suite का इस्तेमाल करने का निर्देश दिया था।

**भारतीय कंपनी ने बनाया है Zoho Mail**

Zoho Mail पूरी तरह से भारतीय कंपनी Zoho कॉर्पोरेशन का ईमेल क्लाइंट है। इसे Zoho के फाउंडर श्रीधर वेंबु ने बनाया है। यह एड-फ्री प्लेटफॉर्म है जो व्यक्तिगत और बिजनेस दोनों यूजर्स को सेवाएं देता है।



कंपनी का दावा है कि इसमें एंड-टू-एंड एनक्रिप्शन से डेटा सुरक्षित रहता है और किसी भी जानकारी को विज्ञापनदाताओं के साथ साझा नहीं किया जाता। इस प्लेटफॉर्म पर यूजर्स को पर्सनल, बिजनेस और प्रमोशनल ईमेल्स के लिए अलग-अलग टैब, साथ ही कैलेंडर, नोट्स और कॉन्टैक्ट्स जैसी सुविधाएं भी मिलती हैं।Zoho ने वॉट्सएप का विकल्प भी लॉन्च किया

हाल ही में Zoho ने अपना मैसेजिंग ऐप Arattai लॉन्च किया था, जिसके बाद भारतीय टेक्नोलॉजी को लेकर चर्चा तेज हुई। Zoho के फाउंडर श्रीधर वेंबु लगातार अपने स्वदेशी प्रोडक्ट्स को प्रमोट करते रहे हैं। Arattai तमिल भाषा का शब्द है, जिसका मतलब बातचीत होता है। इस एप में ऑडियो-वीडियो कॉल के अलावा कोट का भी फीचर है।

ZOHO ने सिर्फ Arratai ही नहीं अन्य कई सॉफ्टवेयर और एप्स बनाएं हैं। अब ZOHO के 50 से ज्यादा क्लाउड-बेस्ड सॉफ्टवेयर को 180 से ज्यादा देशों में 1 करोड़ से ज्यादा आबादी इस्तेमाल कर रही है। ईमेल, अकाउंटिंग, CRM और HR मैनेजमेंट जैसे सेक्टर में इसका खूब इस्तेमाल हो रहा है।

**1996 में ZOHO Corporation की शुरुआत की**

साल 1996 में वेंबु ने अपने दो भाइयों और मित्र टोनी थॉमस के साथ मिलकर 'एडवेंटनेट (AdventNet)' नाम की एक सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट कंपनी की शुरुआत की। ये कंपनी नेटवर्क सॉल्यूशन प्रोवाइड करती थी। साल 2009 में इसी कंपनी का नाम बदलकर 'ZOHO Corporation' रखा गया।

इसी साल ZOHO ने क्लाउड-आधारित SaaS (Software as a Service) मॉडल पर काम शुरू किया। इसके अलावा, कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट (CRM) और अन्य दूसरे सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन प्रोवाइड करने लगी।

धीरे-धीरे ZOHO भारत की लीडिंग सॉफ्टवेयर प्रोडक्ट कंपनी और क्लाउड में उभरती हुई अग्रणी कंपनी बन गई। साल 2016 तक इस कंपनी में 3000 से ज्यादा एम्पलॉई काम करने लगे थे। ZOHO आज दुनिया की अग्रणी SaaS कंपनियों में से है और पूरी तरह से बूटस्ट्रैप्ड यानी बिना बाहरी निवेश के विकसित हुई है। वेंबु का जन्म तमिलनाडु के तंजावुर जिले के एक मध्यमवर्गीय तमिल हिंदू परिवार में हुआ था। वेंबु ने अमेरिका के कैलिफोर्निया की सिलिकॉन वैली से अपने करियर की शुरुआत की। उन्होंने सॉफ्टवेयर कंपनी क्वालकॉम (Qualcomm) में वायरलेस इंजीनियर के रूप में काम किया।

# सुप्रीम कोर्ट बोला– UN भारत में शोरूम खोल सर्टिफिकेट बांट रहा

## शरणार्थी कार्ड जारी करना गलत; सूडानी व्यक्ति ने हिरासत से बचने को याचिका लगाई थी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त (UNHCR) की ओर से भारत में प्रवासियों को शरणार्थी कार्ड जारी करने पर आपत्ति जताई। जस्टिस सूर्य कांत ने कहा- UNHCR ने यहां एक शोरूम खोल रखा है और सर्टिफिकेट बांट रहा है।

सुप्रीम कोर्ट 2013 से भारत में रह रहे सूडानी व्यक्ति की हिरासत से बचने के लिए अंतरिम संरक्षण की याचिका सुन रहा था। व्यक्ति का दावा है कि उसकी पत्नी और दो बच्चे हैं, जिन्हें UNHCR ने शरणार्थी कार्ड जारी किया है। वह ऑस्ट्रेलिया में शरण चाहते हैं।

याचिकाकर्ता के वकील ने कहा- शरणार्थी कार्ड पाने वाले लोगों को विदेशों रजिस्ट्रेशन कार्यालय और मानवाधिकार मंत्रालय अलग तरीके से देखते हैं। कार्ड पाने की प्रक्रिया सालों तक चलती है और इसमें जांच होती है। इस पर न्यायमूर्ति कांत ने कहा कि वे इस पर ज्यादा टिप्पणी नहीं करना चाहते, लेकिन यह एक गंभीर मामला है।



**सूडानी व्यक्ति की याचिका खारिज**

मुरलीधर ने बताया कि पिछले दो महीनों में दिल्ली में अफ्रीकी प्रवासियों को बिना कारण हिरासत में लेने का अभियान चल रहा है, जिससे उन्हें डर है। इसके लिए उन्होंने अंतरिम सुरक्षा की मांग की है। इस पर कोर्ट ने याचिका खारिज की और कहा कि व्यक्ति को ऑस्ट्रेलिया जाने का प्रयास करना चाहिए और उन्होंने याचिकाकर्ता को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से अतिरिक्त सुरक्षा के आदेश लेने की अनुमति दी। अंतरिम संरक्षण की याचिका मतलब अदालत में अस्थायी सुरक्षा मांगना है। यह मुख्य फैसला आने तक व्यक्ति को सुरक्षा देने या उसके खिलाफ कार्रवाई रोकने के लिए दिया जाता है।

# केमिस्ट्री का नोबेल जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकों को




**एजेंसी**

**स्टॉकहोम।** इस साल केमिस्ट्री का नोबेल पुरस्कार सुसुमु कितागावा (जापान), रिचर्ड रॉबसन (ऑस्ट्रेलिया) और उमर एम. याघी (अमेरिका) को मिला है। स्वीडन की रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने बुधवार को इसका ऐलान किया।

इन्होंने ऐसे एटम बनाए हैं जिनमें बड़े-बड़े खाली हिस्से होते हैं, जिनसे गैस और अन्य रासायनिक पदार्थ आसानी से गुजर सकते हैं। इन संरचनाओं को मेटल ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क्स (MOF) कहते हैं। इसमें ऐसे क्रिस्टल बनते हैं, जिनमें बड़े खाली हिस्से होते हैं। ये खास तरह से डिजाइन किए जा सकते हैं ताकि वे किसी खास चीज को कैप्चर कर सकें या स्टोर कर सकें। इनका इस्तेमाल रेगिस्तानी हवा से पानी इकट्ठा करने, प्रदूषण हटाने, कार्बन डाइऑक्साइड को साफ करने, जहरीली गैसों को स्टोर करने या रासायनिक क्रियाएं तेज करने में किया जा सकता है।

**» एटम के नए डिजाइन बनाए; प्रदूषण हटाने, रेगिस्तानी हवा से पानी निकालने में इस्तेमाल**

विजेताओं को 11 मिलियन स्वीडिश क्रोना (10.3 करोड़ रुपए), सोने का मेडल और सर्टिफिकेट मिलेगा। यह प्राइज मनी इन तीनों के बीच बंटेगी। पुरस्कार 10 दिसंबर को स्टॉकहोम में दिए जाएंगे।

# तालिबान के समर्थन में भारत-पाकिस्तान साथ आए

## ट्रम्प के बगराम एयरबेस मांगने का विरोध किया, कहा– अफगानिस्तान में मिलिट्री बेस बनाना गलत

**एजेंसी**

**मॉस्को।** भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की उस योजना का विरोध किया है, जिसमें उन्होंने अफगानिस्तान से बगराम एयरबेस वापस लेने की बात कही थी। इस मुद्दे पर तालिबान, पाकिस्तान, चीन और रूस ने भारत का सपोर्ट किया है। यह बयान मंगलवार को मॉस्को में हुई 'मॉस्को फॉर्मेट कंसल्टेशंस' की बैठक के बाद आया, जिसमें भारत, अफगानिस्तान, ईरान, कजाकिस्तान, चीन, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के प्रतिनिधि शामिल थे।

मॉस्को फॉर्मेट के बयान में कहा गया- किसी भी देश को अफगानिस्तान या उसके पड़ोसी देशों में अपनी सैन्य सुविधाएं बनाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए, क्योंकि यह क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए ठीक नहीं है।

हालांकि बयान में बगराम का नाम नहीं लिया गया, लेकिन यह ट्रम्प की योजना के खिलाफ साफ संदेश था। भारत की तरफ से विदेश मंत्रालय में अफगानिस्तान और पाकिस्तान मामलों के डिप्टी सेक्रेटरी जेपी सिंह इस बैठक में शामिल हुए थे।



**सभी का एकजुट अफगानिस्तान अफगानिस्तान पर जोर**

मॉस्को बैठक में यह भी कहा गया कि अफगानिस्तान को एक स्वतंत्र, एकजुट और शांतिपूर्ण देश बनाना चाहिए। सभी देशों ने आतंकवाद के खिलाफ सहयोग बढ़ाने और अफगानिस्तान से आतंकवादी खतरों को खत्म करने की बात कही।

बैठक में तालिबान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी ने पहली बार अफगान प्रतिनिधि के रूप में हिस्सा लिया। भारत ने अफगानिस्तान में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने की भी वकालत की।

बैठक में अफगानिस्तान के साथ व्यापार, निवेश, स्वास्थ्य, गरीबी कम करने और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में सहयोग की बात भी हुई।

**ट्रम्प ने धमकी दी थी- बगराम नहीं दिया तो बुरा अंजाम होगा**

ट्रम्प ने हाल ही में कहा था कि वे अमेरिका का बनाया हुआ बगराम एयरबेस वापस चाहते हैं। उन्होंने 18 सितंबर को ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- हमने इसे तालिबान को मुफ्त में दे दिया, अब हम इसे वापस लेंगे। ट्रम्प ने अपनी सोशल मीडिया साइट ट्रुथ सोशल पर भी लिखा था कि अगर अफगानिस्तान बगराम नहीं देगा, तो बुरा अंजाम होगा।

हालांकि तालिबान ने इससे साफ इनकार चुका है। तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने कहा कि हम अपनी जमीन किसी को नहीं देंगे।

**चीन की निगरानी करने के लिए बेस पर कब्जा चाहते हैं ट्रम्प**

2021 में अमेरिकी सेनाओं ने अफगानिस्तान से वापसी की थी। यह वापसी जो बाइडेन प्रशासन के समय हुई थी। इसके बाद तालिबान ने बगराम एयरबेस और काबुल की सरकार पर कब्जा कर लिया। ट्रम्प ने बाइडेन के इस फैसले की कई बार आलोचना की है। उन्होंने कहा कि वह कभी बगराम नहीं छोड़ते। ट्रम्प ने मार्च, 2025 में कहा था कि वह बगराम को रखना चाहते थे। इसका कारण चीन की निगरानी करना और अफगानिस्तान के खनिज संसाधनों तक पहुंचना है।

ट्रम्प पहले भी कई जगहों पर अमेरिकी कब्जे की बात कर चुके हैं। उन्होंने पनामा नहर और ग्रीनलैंड जैसे क्षेत्रों का जिक्र किया था।

### पाकिस्तानी तालिबान के हमले में 11 PAK सैनिकों की मौत

तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के हमले में मंगलवार रात को 11 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई। इसमें 2 अधिकारी और 9 सैनिक शामिल हैं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, अफगानिस्तान सीमा के पास पाकिस्तानी सेना TTP के खिलाफ ऑपरेशन चला रही थी। इस दौरान दोनों के बीच मुठभेड़ हो गई। इसमें TTP के 19 लड़ाके भी मारे गए हैं।

पाकिस्तानी सेना की मीडिया विंग इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशन ने आरोप लगाया कि हमलावरों को भारत का समर्थन मिल रहा है। सेना ने दावा किया कि वह इन्हें खत्म करने में जुटी है। पिछले कुछ महीनों से TTP ने पाकिस्तान में सुरक्षा बलों पर हमले तेज कर दिए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तानी सैनिक TTP के खिलाफ कुर्रम जिले में ऑपरेशन को अंजाम देने पहुंचे थे। इसी दौरान हमलावरों ने उनकी गाड़ी पर बम से हमला किया और फिर फायरिंग की।

# PAK रक्षामंत्री बोले-हमारे मिलिट्री एक्शन से मोदी की लोकप्रियता घटी

## बिहार में चुनाव के कारण भारत भड़काऊ कार्रवाई कर रहा, पाकिस्तान के 81% हथियार चीन से आते हैं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि बिहार चुनाव की वजह से भारत भड़काऊ कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने यह बयान पाकिस्तानी न्यूज चैनल समा टीवी पर बुधवार को दिया। ख्वाजा आसिफ ने कहा कि मई में भारत के खिलाफ पाकिस्तान की सैन्य कार्रवाई से मोदी की लोकप्रियता घटी है। मोदी के समर्थक भी अब उनकी आलोचना कर रहे हैं। आसिफ ने संघर्ष के दौरान 6 भारतीय फाइटर जेट मार गिराने का दावा किया। आसिफ बोले- भारत का समर्थन करने वाले देश अब चुप हैं आसिफ ने दावा किया कि पहले जो देश भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान न्यूट्रल रहते थे, वे अब हमारे खेमे में शामिल हो गए हैं और जो भारत का समर्थन कर रहे थे, वे अब चुप हैं। यह बात भारत को सालों तक परेशान करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि भारत सिर्फ औरंगजेब के समय ही एकजुट था। इतिहास बताता है कि औरंगजेब की हुकूमत के अलावा भारत कभी पूरी तरह एकजुट नहीं रहा। पाकिस्तान अल्लाह के नाम पर बना है। हम घर में आपस में लड़ते हैं, लेकिन भारत से लड़ाई होने पर एक हो जाते हैं। ख्वाजा आसिफ ने तीन दिन पहले भारत को धमकी देते हुए कहा था कि अब की बार जंग हुई तो भारत अपने लड़ाकू विमानों के मलबे के नीचे दब जाएगा। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया X पर लिखा कि भारतीय लीडरशिप अपनी खोई हुई विश्वसनीयता पाने के लिए भड़काऊ बयान दे रही है। आसिफ ने आरोप लगाया कि नई दिल्ली जानबूझकर तनाव बढ़ा रही है ताकि नागरिकों का ध्यान घरेलू चुनौतियों से भटकाया जा सके।

**'चीनी हथियारों ने भारत के खिलाफ बेहतरीन काम किया'**

पाकिस्तान की तरफ से बीते कुछ दिनों से लगातार भड़काऊ बयानबाजी की जा रही है। दो दिन पहले पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता जनरल अहमद चौधरी ने कहा था कि भारत के खिलाफ संघर्ष में चीनी हथियारों ने मई में बेहतरीन काम किया था। उन्होंने कहा था कि हम हर तरह की तकनीक के लिए खुले हैं। चीनी तकनीक ने बहुत अच्छा काम किया। पाकिस्तान ने 7 भारतीय फाइटर जेट मार गिराए थे, जबकि भारत ने एक भी पाकिस्तानी विमान नहीं गिराया।



पाकिस्तान के 81% हथियार चीन से आते हैं

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (SIPRI) के मुताबिक, 2020 से 2024 तक पाकिस्तान के हथियारों का 81% चीन से आया। पाकिस्तान चीन का सबसे बड़ा हथियार ग्राहक है। पाकिस्तानी सेना अमेरिका के F-16 फाइटर जेट्स भी इस्तेमाल करती है। SIPRI के मुताबिक, 2024 में पाकिस्तान का रक्षा बजट 10.2 बिलियन डॉलर था, जबकि भारत का 86.1 बिलियन डॉलर। हालांकि GDP के हिसाब से दोनों देशों का मिलिट्री खर्च लगभग बराबर है। पाकिस्तान डिफेंस पर देश की GDP का 2.7% और भारत 2.3% खर्च करता है पाकिस्तान ने पहली बार अमेरिका को दुर्लभ खनिजों (रेयर अर्थ मटेरियल) की छोटी खेप भेजी है।




### ट्रम्प बोले– शिकागो के मेयर को जेल भेजो

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को शिकागो के मेयर ब्रैंडन जॉनसन और इलिनॉय के गवर्नर जेबी प्रित्जकर को जेल भेजने की मांग की। ये दोनों विपक्षी पार्टी डेमोक्रेट से जुड़े हैं। ट्रम्प ने इन दोनों पर इमिग्रेशन अधिकारियों (ICE) की सुरक्षा में नाकाम रहने का आरोप लगाया। ट्रम्प की यह बयान ऐसे समय पर आया है जब उनका प्रशासन लोकल और स्टेट अधिकारियों के विरोध के बावजूद, शिकागो में नेशनल गार्ड्स की तैनाती कर रहा है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि शिकागो के मेयर को ICE अधिकारियों की सुरक्षा में नाकाम रहने के लिए जेल में होना चाहिए और गवर्नर प्रित्जकर को भी।

गवर्नर प्रित्जकर, मेयर जॉनसन और अन्य डेमोक्रेटिक नेताओं ने शिकागो में नेशनल गार्ड्स की तैनाती पर आपत्ति जताई है।

**जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड** के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **रोहित बाजपेयी** द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- **मनोरंजन सिंह***, **उत्तराखंड कार्यालय-** जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com